स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

**मौसम**
अधिकतम तापमान 48.8°C
न्यूनतम तापमान 23.6°C
सूर्योदय - 5.30 | सूर्यास्त - 6.43


आईसीसी की वार्षिक वनडे रैंकिंग में भारत शीर्ष पर बरकरार ⏩ 10


100 दिन से लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों ⏩ 2


सोनी सब के यादें में अहम भूमिका निभाएगी ⏩ 7


रीवा के निरीक्षक श्रंगेश सिंह राजपूत को मिला ⏩ 8

# ‘सनातन का गर्व...सोमनाथ अमृत पर्व’

## दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती: प्रधानमंत्री

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के गिर सोमनाथ में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव को संबोधित किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर उन्होंने महादेव के प्रति अपनी गहरी आस्था व्यक्त की और सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली, शाश्वत और अविनाशी स्वरूप को याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पोखरण परीक्षणों के बाद पूरी दुनिया भारत को दबाने के लिए मैदान में उतर आई थी। 11 मई के बाद आर्थिक प्रतिबंध और दबाव बढ़ गए, लेकिन 13 मई को दो और परमाणु परीक्षण कर अटल जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने दुनिया को बता दिया कि भारत की राजनीतिक इच्छाशक्ति अटल है। राष्ट्र प्रथम हमारा संकल्प है, दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती। उन्होंने कहा, आज प्रभास पाटन की पवित्र भूमि एक दिव्य आभा से परिपूर्ण है। महादेव का यह प्राकट्य, आसमान से हो रही पुष्पवर्षा, कला, संगीत और नृत्य की भव्य प्रस्तुतियां, वैदिक मंत्रों का उच्चारण और गर्भगृह में चल रहा शिव पंचाक्षरी का अखंड पाठ एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं। सोमनाथ मंदिर के साथ अपने व्यक्तिगत जुड़ाव को साझा करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा, दादा सोमनाथ के एक समर्पित भक्त के रूप में, मैं यहां कई बार आया हूं और अनगिनत बार उनके चरणों में शीश झुकाया है। लेकिन आज जब मैं यहां आ रहा था, तो समय की यह यात्रा मुझे एक बेहद सुखद और भावुक अनुभूति दे रही थी। मंदिर के ऐतिहासिक संघर्ष और पुनर्निर्माण को याद करते हुए उन्होंने आगे कहा कि इसके पहले विनाश के इतने वर्षों



बाद भी, हमें सोमनाथ के शाश्वत और अविनाशी होने पर गर्व है। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्तमान मंदिर के निर्माण के 75 साल पूरे होने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे कहा कि जिसके नाम में सोम (अमृत) है, उसे कौन नष्ट कर सकता है। इस मंदिर ने महमूद गजनवी, अलाउद्दीन खिलजी जैसे कई आक्रमणकारियों के हमले झेले, फिर भी अटूट रहा।

### 11 तीर्थों के जल से कुंभाभिषेक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष महा पूजा में शामिल हुए, इसके बाद कुंभाभिषेक और ध्वजारोहण समारोह संपन्न हुए, जो मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा और ध्वजारोहण की रीतियों के प्रतीक हैं। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 11 तीर्थ स्थलों से लाए गए जल को मंदिर के शिखर पर अर्पित किया गया। 90 मीटर ऊंची क्रेन की सहायता से, मंदिर के शीर्ष पर कलश स्थापित किया गया। अभिषेक के बाद एक चेतक हेलीकॉप्टर से मंदिर पर फूलों की वर्षा की गई।

### मंदिर के ऊपर सूर्यकिरण एयर शो

वायु सेना की सूर्यकिरण टीम ने मंदिर के ऊपर 15 मिनट का हवाई करतब प्रदर्शित किया। इस रोडशो में बड़ी संख्या में समर्थक उमड़े, जो प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए पूरे रास्ते पर जमा हो गए थे। शहर के अहम स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस दौरान सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने एक भव्य रोड शो में भाग लिया, कुंभाभिषेक और ध्वज पूजा सहित विशेष प्रार्थनाएं कीं और एक जनसभा को संबोधित किया।

### ममता सरकार में मनोनीत सभी अधिकारी बर्खास्त

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सुवेंदु सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए राज्य सरकार के अधीन गैर-सांविधिक निकायों, बोर्डों, संगठनों और सार्वजनिक उपक्रमों में नियुक्त सभी मनोनीत सदस्यो, निदेशकों और अध्यक्षों के कार्यकाल को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। इसके अलावा, बंगाल सरकार ने 60 साल की सामान्य रिटायरमेंट की उम्र के बाद एक्सटेंशन या री-अपॉइंटमेंट पर काम कर रहे अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवाएं भी तत्काल प्रभाव से खत्म करने का फैसला किया है।

### एसीपी ने रिश्वत लेते आरक्षक को पकड़ा

**भोपाल।** भोपाल में पुलिस कमिश्नर से शिकायत के बाद विभाग ने अपने ही स्टाफ पर कार्रवाई की है। कोहेफिजा थाने के आरक्षक यशपाल तोमर और एफआरवी के एक ड्राइवर को रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया गया। कार्रवाई एसीपी अनिल वाजपेयी ने की। आरोपी आरक्षक मकान मालिक और किराएदार के विवाद में कार्रवाई के बदले पैसे मांग रहा था। मामला मकान मालिक और किराएदार के बीच विवाद से जुड़ा है। आरोप है कि आरक्षक यशपाल तोमर विवाद सुलझाने या किराएदार के पक्ष में कार्रवाई के बदले 50 हजार रुपए मांग रहा था।

### कार खाई में गिरने से 6 लोगों की मौत

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा-नूरपुर नेशनल हाईवे पर सोमवार को सुबह सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। इनमें 5 लोग गुजरात के रहने वाले हैं, जबकि एक हिमाचल का ड्राइवर था। वहीं, चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को टांडा मेडिकल कॉलेज कांगड़ा रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त इनोवा क्रिस्टा गाड़ी में गुजरात के टूरिस्ट सवार थे। ये लोग मनाली से चंबा के डलहौजी घूमने जा रहे थे। हादसे के वक्त क्षेत्र में भारी बारिश हो रही थी। गाड़ी में ड्राइवर समेत कुल 10 लोग सवार थे।

# ‘ये उपदेश नहीं, नाकामी के सबूत’

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर भड़के राहुल गांधी



नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नागरिकों से कई तरह के आग्रह किए। पीएम मोदी ने एक साल तक सोना खरीदने से बचने को कहा। इसके अलावा उन्होंने तेल, खाद और पेट्रोल डीजल के उपयोग में कटौती करने की अपील की। उन्होंने कंपनियों को वर्क फ्रॉम होम देने की भी सलाह दी। वहीं, अब पीएम मोदी की इस अपील पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बुरी तरह भड़क गए हैं। राहुल गांधी ने कहा कि देश चलाना अब कंप्रोमाइज्ड पीएम के वश की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि नाकामी के बाद सारी जिम्मेदारी जनता के ऊपर थोप देते हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखते हुए कहा कि मोदी जी ने कल जनता से त्याग मांगे- सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम जलाओ, खाद और खाने का तेल कम करो, मेट्रो में चलो, घर से काम करो। ये उपदेश नहीं बल्कि ये नाकामी के सबूत हैं। राहुल गांधी ने कहा कि 12 साल में देश को इस मुकाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है - क्या खरीदे, क्या न खरीदे, कहां जाए, कहां न जाए। हर बार जिम्मेदारी जनता पर डाल देते हैं ताकि खुद जवाबदेही से बच निकलें। देश चलाना अब कंप्रोमाइज्ड पीएम के बस की बात नहीं। दरअसल, तेलंगाना के सिकंदराबाद में एक कार्यक्रम में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, कोरोना काल के दौरान हमने वर्क फ्रॉम होम, ऑनलाइन मीटिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंस जैसे तरीके अपनाए और कई ऐसी प्रणालियां विकसित कीं। हम इनके आदी भी हो गए थे। आज समय की मांग यह है कि हम उन प्रथाओं को फिर से शुरू करें, क्योंकि यह राष्ट्रीय हित में होगा और हमें एक बार फिर उन्हें प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, पूरी दुनिया में पेट्रोल-डीजल इतना महंगा हो गया है। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि पेट्रोल-डीजल खरीदने पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा को भी पेट्रोल-डीजल की बचत करके बचाया जाए। मैं लोगों से अपील करूंगा कि वे एक साल तक शादियों के लिए सोना न खरीदें। खाने के तेल के मामले में भी यही बात लागू होती है। इसके आयात पर हमें विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है।

### देश का असली संकट भाजपा



समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल, डीजल और गैस का कम इस्तेमाल करने की अपील पर तंज कसते हुए भाजपा सरकार को देश के लिए सबसे बड़ा संकट बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव खत्म होते ही सरकार को आर्थिक हालात और पाबंदियों की याद आ गई, जबकि चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं ने जमकर संसाधनों का इस्तेमाल किया। सपा प्रमुख ने महंगाई, गिरते रुपये, बेरोजगारी और विदेश नीति को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है और जनता अब इसका जवाब देने के लिए तैयार है।

### महुआ मोइत्रा ने भी कसा तंज



टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने भी एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी पर तंज कसते हुए लिखा, नरेंद्र मोदी नागरिकों से विदेश यात्रा न करने, सोना न खरीदने, तेल, उर्वरक और ईंधन का उपयोग कम करने की अपील कर रहे हैं। सरकार ने पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा करने से इनकार कर दिया और आज हमें ज्ञान दे रही है। त्याग और जिम्मेदारी सिर्फ आम नागरिकों की है। श्रेय सिर्फ मोदीजी को मिल रहा है। वाह! उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री नागरिकों से खाना पकाने के तेल, उर्वरक और ईंधन का उपयोग कम करने और विदेश यात्रा न करने की अपील कर रहे हैं। वहीं वे खुद इस सप्ताह पांच देशों की यात्रा पर निकल रहे हैं।



# स्वेच्छानुदान में राज्य मंत्री दे सकेंगे 25 हजार रुपए

## अगली कैबिनेट मीटिंग में आएगी तबादला नीति

भोपाल

सोमवार को मोहन कैबिनेट की बैठक में बताया गया कि सरकार ने कैबिनेट मंत्रियों के लिए स्वेच्छानुदान के रूप में एक साल में एक व्यक्ति को दी जाने वाली राशि 40 हजार रुपए कर दी थी लेकिन राज्यमंत्रियों के लिए यह राशि नहीं बढ़ाई गई थी। अभी तक राज्यमंत्रियों को एक व्यक्ति को एक साल में 16 हजार रुपए देने की पात्रता थी जिसे बढ़ाकर अब 25 हजार रुपए कर दिया गया है। यानी एक व्यक्ति की राज्यमंत्री सालभर में एक बार 25 हजार रुपए स्वेच्छानुदान के रूप में दे सकेंगे। इसके अलावा प्रदेश में कर्मचारियों के तबादले पर बैन हटाने का फैसला अगले सोमवार को होगा। मुख्यमंत्री ने तबादले पर बैन हटाने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को अगली कैबिनेट में प्रस्ताव लाने को कहा है। इस बीच जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने कहा है कि जो तबादला नीति आए उसमें स्वैच्छिक आधार पर किए जाने वाले तबादलों की लिमिट न रखी जाए ताकि जो लोग तबादला कराना चाहते हैं वे करा सकें। कई अन्य मंत्रियों ने मंत्री शाह की बात का समर्थन किया है। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इस पर विचार करेंगे। साथ ही अगली बैठक में तबादला नीति लाने के लिए कहा गया। सोमवार को मोहन कैबिनेट की बैठक में अनौपचारिक संवाद के दौरान तबादला नीति को लेकर चर्चा में यह बातें आई हैं। मंत्री चैतन्य काश्यप ने कैबिनेट ब्रीफिंग के दौरान सिर्फ इतना ही कहा है कि जब नीति जारी हो जाएगी तो जानकारी देंगे। पिछली कैबिनेट बैठक के दौरान भी तबादला नीति को लेकर बैठक में अनौपचारिक चर्चा हुई थी। तब मंत्रियों ने कहा था कि प्रशासकीय और स्वैच्छिक आधार पर तबादले को न जोड़ा जाए क्योंकि ऐसे में कोटा फिक्स हो जाता है और विधायकों की नाराजगी का सामना मंत्रियों को करना पड़ता है।

# 31 सीटों पर जीत के अंतर से ज्यादा नाम एसआईआर में हटे

नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर कानूनी लड़ाई तेज हो गई है। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य लोग इस दावे के संबंध में नए आवेदन दायर कर सकते हैं। टीएमसी का कहना है कि कई ऐसी सीटे हैं, जहां जीत का अंतर मतदाता सूची के विशेष संशोधन के दौरान हटाए गए वोटों की संख्या से कम था। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने तृणमूल कांग्रेस के उन दावों पर संज्ञान



लिया है, जिनमें आरोप लगाया गया है कि राज्य की कम से कम 31 सीटों पर नाम हटाए जाने की प्रक्रिया ने सीधे तौर पर चुनावी परिणामों को प्रभावित किया है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य लोग इस दावे के संबंध में नए आवेदन दायर कर सकते हैं कि विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन के दौरान जीत का अंतर हटाए गए वोटों की संख्या से कम था। वहीं ईसीआई ने कहा कि इसका उपाय चुनाव याचिकाएं दाखिल करना है। सीनियर एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी ने बेंच को बताया कि मौजूदा रफ्तार से अपीलें निपटाने में अपीलीय ट्रिब्यूनल को 4 साल तक लग सकते हैं।

### मप्र में फिलहाल शुरू नहीं होंगे परिवहन चेक पोस्ट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने आज प्रदेशभर में बंद पड़े परिवहन चेक पोस्टों को दोबारा शुरू करने के अपने पूर्व आदेश पर रोक लगा दी है। इससे परिवहन क्षेत्र में हलचल मच गई है और ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को राहत मिली है। हाईकोर्ट की जबलपुर बेंच ने 16 अप्रैल 2026 को एक अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को सख्त निर्देश दिए थे कि सभी बंद चेक पोस्ट 30 दिनों के अंदर दोबारा चालू किए जाएं। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने यह आदेश जनहित याचिका और ओवरलोडिंग नियंत्रण से जुड़े मुद्दे पर दिया था। चेक पोस्ट सड़क सुरक्षा, ओवरलोडिंग रोकथाम और परिवहन नियमों के पालन के लिए जरूरी हैं। आज हाईकोर्ट ने उसी आदेश पर स्टे दे दिया।

# जरूरी सामान और ऊर्जा आपूर्ति पर नजर

## पीएम मोदी की अपील के बाद राजनाथ सिंह ने की बड़ी बैठक

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष के मद्देनजर लोगों से शांत रहने और किसी भी तरह की घबराहट से बचने को कहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता पर सतर्क नजर रखे हुए है।

मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष के मद्देनजर सोमवार को हुई बैठक में रक्षा मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सभी जरूरी चीजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने में सराहनीय काम कर रही है। मैं लोगों से शांत रहने का आग्रह करता हूं क्योंकि सरकार आपूर्ति में किसी भी कमी या रुकावट को



रोकने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की अपील का समर्थन करते हुए कहा कि वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में लोगों की सामूहिक भागीदारी आत्मनिर्भरता और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

# अब सड़क ही बताएगी अपनी रफ्तार

**नई दिल्ली।** अक्सर देखा जाता है कि कई चालक साइड में लगे स्पीड साइनबोर्ड पर ध्यान नहीं दे पाते, जिससे अनजाने में ओवरस्पीडिंग हो जाती है। ओवरस्पीडिंग सड़क हादसों का एक बड़ा कारण मानी जाती है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्ग 334बी पर एक नई पहल शुरू की है। अब इस हाईवे पर वाहन चालकों को स्पीड लिमिट जानने के लिए साइड में लगे बोर्ड देखने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि स्पीड लिमिट सीधे सड़क पर ही लिखी जा रही है। हाईवे की दायीं लेन पर 90 किलोमीटर प्रति घंटा और बीच वाली लेन पर




65 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड लिमिट बड़े और स्पष्ट अक्षरों में पेंट की जा रही है।

यह मार्किंग इस तरह से की जा रही है कि वाहन चालक को चलते समय बार-बार यह दिखाई देती रहे और वह अपने वाहन की गति को नियंत्रित रख सके। ऐसे में सड़क पर ही स्पीड लिखे जाने से चालकों को लगातार विजुअल रिमाइंडर मिलता रहेगा, जिससे वे समय-समय पर अपने वाहन के स्पीडोमीटर पर नजर डालकर गति नियंत्रित कर सकेंगे। लोगों का भी कहना है कि हाईवे पर ट्रैफिक लगातार बढ़ रहा है और कई स्थानों पर तेज गति के कारण हादसे भी सामने आते रहते हैं। ऐसे में इस तरह की पहल निश्चित रूप से सड़क सुरक्षा को मजबूत करेगी।

### नए और बाहरी ड्राइवरों के लिए कारगर

जानकारों का मानना है कि यह पहल खासकर नए और बाहरी वाहन चालकों के लिए काफी कारगर साबित होगी, जिन्हें रूट की जानकारी कम होती है। इसके अलावा रात के समय रिफ्लेक्टिव पेंट के कारण स्पीड लिमिट और भी स्पष्ट रूप से दिखाई देगी, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सकती है।

> “हाईवे को हादसा मुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए यह ट्रायल किया जा रहा है, अगर यह प्रयोग सफल रहता है तो आने वाले समय में अन्य राष्ट्रीय राजमार्गों और व्यस्त सड़कों पर भी इस तरह की व्यवस्था लागू की जा सकती है।”
>
> **जगभूषण**
> **प्रोजेक्ट मैनेजर, एनएचएआई**

# विश्वविद्यालय में जैविक खेती पर प्रशिक्षण आयोजित

## रासायनिक खेती की तुलना में जैविक खेती अधिक लाभकारी, उत्पादन लागत में 20-25त्न तक कमी संभव




शहडोल (स्वतंत्रमत)

कृषि विज्ञान केन्द्र शहडोल के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मृगेंद्र सिंह की उपस्थिति में शासकीय पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में जैविक खेती विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को जैविक खेती के लाभ, उत्पादन लागत में कमी तथा मृदा की उर्वरता बढ़ाने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. मृगेंद्र सिंह ने बताया कि जैविक खेती रासायनिक खेती की तुलना में मृदा की उर्वरता बढ़ाने, उत्पादन लागत कम करने और किसानों की आय में वृद्धि करने में अत्यंत प्रभावी है। विशेष रूप से वर्षा आधारित क्षेत्रों में यह पद्धति अधिक लाभकारी सिद्ध हो रही है। कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ. ब्रजकिशोर प्रजापति ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या और अधिक उत्पादन की होड़ में रासायनिक उर्वरकों एवं जहरीले कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वराशक्ति घट रही है, पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है और मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जैविक खेती इन समस्याओं का प्रभावी समाधान है, जिससे उत्पादन लागत 20 से 25 प्रतिशत तक कम होती है और भूमि में कार्बन अवशेष की मात्रा बढ़ने से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है। प्रशिक्षण में किसानों के लिए मई-जून में ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। वैज्ञानिकों ने बताया कि मिट्टी पलटने वाले हल से गहरी जुताई करने से कीट एवं रोगजनक नष्ट होते हैं, खरपतवार नियंत्रित होते हैं, जल धारण क्षमता बढ़ती है और फसल उत्पादन में औसतन 10 प्रतिशत तक वृद्धि संभव होती है। विशेषज्ञों ने कहा कि जैविक खेती अपनाकर किसान कम लागत में अधिक और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली को भी बढ़ावा दे सकते हैं।

# 100 दिन से लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाय: कलेक्टर

### समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्रवाई




शहडोल (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित बैठक में सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा पत्रों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में उन्होंने 100 दिन या उससे अधिक समय से लंबित शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जिन विभागों में 100 दिनों से अधिक पुरानी शिकायतें लंबित हैं, संबंधित विभाग प्रमुख स्वयं उनकी नियमित मॉनिटरिंग करें और प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन की निगरानी जिला स्तरीय अधिकारी व्यक्तिगत रूप से करें तथा शिकायतों से संबंधित जवाब एल-1 अधिकारियों के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। डॉ. सिंह ने कहा कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेड न रहे। उन्होंने सी और डी श्रेणी में आने वाले विभागों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपने प्रदर्शन में सुधार कर ए श्रेणी में आने का प्रयास करें। लगातार सी एवं डी श्रेणी में बने रहने वाले विभागों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि जिन विभागों में शिकायतों की संख्या कम है, वे शत-प्रतिशत शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह एवं मिनीषा पाण्डेय, एसडीएम सोहागपुर अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर अन्तोनिआ एक्का, अर्चना मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनगणना 2027: वरिष्ठ अधिकारियों ने किया मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य का औचक निरीक्षण



शहडोल (स्वतंत्रमत)

भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत जिले में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य तेजी और गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी डॉ. केदार सिंह के निर्देशन तथा अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी सरोधन सिंह के मार्गदर्शन में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित कर रहे हैं।अपर कलेक्टर सरोधन सिंह ने ब्यौहारी जनपद पंचायत क्षेत्र का निरीक्षण कर मकान नंबरिंग, नजरी नक्शा निर्माण और एचएलओ ऐप में दर्ज की जा रही प्रविष्टियों का सत्यापन किया। अधिकारियों ने मौके पर दर्ज आंकड़ों का भौतिक स्थिति से मिलान कर जानकारी की शुद्धता सुनिश्चित की। निरीक्षण के दौरान प्रगणकों को निर्देश दिए गए कि कोई भी मकान या परिवार सर्वेक्षण से छूटना नहीं चाहिए। प्रत्येक जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करने पर जोर दिया गया ताकि जनगणना के आंकड़े पूरी तरह विश्वसनीय और सटीक हों। चार्ज स्तर पर गठित टीमों एवं फील्ड ट्रेनर्स द्वारा कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा रहा है। साथ ही एचएलओ ऐप के संचालन और डेटा प्रविष्टि संबंधी तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे प्रगणकों को सही एवं तथ्यात्मक जानकारी देकर जनगणना कार्य में सहयोग करें, जिससे विकास योजनाओं के लिए भरोसेमंद आंकड़े उपलब्ध हो सकें।

# अमरपुर में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन अजय सिंह के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

अमरपुर में शनिवार को कांग्रेस का जोरदार शक्ति प्रदर्शन देखने को मिला, जब कांग्रेस नेता च्राहुल भैयाज्ञ के नाम से लोकप्रिय अजय सिंह के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने ऐतिहासिक स्वागत किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में जिलेभर से पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ ने पूरे क्षेत्र का राजनीतिक माहौल गर्मा दिया। अमरपुर में जगह-जगह फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और कांग्रेस समर्थकों के नारों के बीच अजय सिंह का आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल पूरी तरह कांग्रेसमय नजर आया। कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे आयोजन के दौरान च्राहुल भैया जिंदाबादज्ज तथा कांग्रेस पार्टी के समर्थन में जमकर नारेबाजी होती रही। बैठक का नेतृत्व डिंडौरी विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह मरकाम ने किया। इस दौरान अजय सिंह ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। सभा को संबोधित करते हुए अजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष ही कांग्रेस की पहचान है और आने वाले समय में संगठन को और अधिक मजबूत बनाना प्राथमिकता होगी। अजय सिंह के संबोधन के दौरान कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश देखने को मिला। पूरा परिसर कांग्रेस समर्थकों के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने इसे अमरपुर में लंबे समय बाद कांग्रेस का सबसे बड़ा और प्रभावशाली शक्ति प्रदर्शन बताया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर के पदाधिकारियों ने कहा कि कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति और उत्साह ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। इस आयोजन के बाद जिले के राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डिंडौरी विधायक एवं जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह मरकाम, बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, कांग्रेस महासचिव भूपेंद्र मरावी, ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र सिंह ठाकुर, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमन पाठक, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष फूल सिंह मरकाम, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष हेमंत हरदहा, आदिवासी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष केवल कृष्ण नेटी, समाज कल्याण प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव लियाकत अली, बैगा समाज ब्लॉक अध्यक्ष चमरू सिंह चिड़चड़िया, आदिवासी कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेश पटले, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री राम सिंह मरावी, उपसरपंच शंकर सिंह कुशराम, मंडलम अध्यक्ष गणेश पुशाम, सोशल मीडिया विधानसभा अध्यक्ष देव सिंह भारती, ब्लॉक उपाध्यक्ष शकील अहमद, संगठन मंत्री हाजी शाहिद तुर्क, मंडलम अध्यक्ष संदीप शाह, मंडलम उपाध्यक्ष मनीष गायकवाड़, मनोज ताराम, तोक सिंह मरावी तथा पत्रकार बलराम राजपूत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# ई-केवायसी और फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शीघ्र पूर्ण करें : कलेक्टर डॉ. केदार सिंह



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय-सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में ई-केवायसी एवं फार्मर रजिस्ट्री कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जाए। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने नगर पंचायत खांड़, बुढ़ार, ब्यौहारी एवं जयसिंहनगर के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि ई-केवायसी का कार्य तेजी से पूर्ण कर सभी पात्र हितग्राहियों का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने तहसीलदार गोहपारू, बुढ़ार एवं ब्यौहारी को फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसानों के हितों से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, ताकि किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। बैठक में विभिन्न विभागों की लंबित गतिविधियों की भी समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक संपन्न, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर के सख्त निर्देश

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों तथा जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के जिम्मेदारीपूर्वक निराकरण नहीं किए जाने तथा सीएम डैशबोर्ड के केपीआई रिपोर्ट में विभागीय अधिकारियों के असंतोषजनक प्रदर्शन पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी, नगरपालिका अधिकारी डिंडौरी एवं शहपुरा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पशुपालन अधिकारी, खनिज अधिकारी तथा खाद्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम जन-मन आवास, पीएम धरती आबा आवास, ग्रामीण आवास, स्वास्थ्य भारत मिशन, जल गंगा संवर्धन अभियान, अवैध उत्खनन एवं अवैध परिवहन, साथ ही मादक पदार्थों की अवैध बिक्री की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए । कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग को निर्देशित किया कि पीएम धन-धान्य योजना में पंजीकृत किसानों को विभागीय योजनाओं से प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित किया जाए। उन्होंने राजस्व वसूली, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं अवैध भंडारण संबंधी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए राजस्व कर वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। परिवहन अधिकारी को लक्ष्य अनुसार राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के लिए कहा । कलेक्टर ने समस्त एसडीएम को अपने-अपने अनुभागों में अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन, अवैध भंडारण तथा अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने हेतु विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों की आवश्यक बस्तियों तथा ग्राम पंचायत तांतर में दो दिवस के भीतर पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, एसडीएम शहपुरा श्री ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी श्री रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर श्री वैद्यनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रियांशी जैन, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पंकज जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# शहपुरा में दिनदहाड़े चोरी की वारदात, शिक्षक का रुपयों से भरा बैग लेकर युवक फरार

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** जिले के शहपुरा नगर में सोमवार दोपहर एक सनसनीखेज चोरी की वारदात सामने आई, जहां एक अज्ञात युवक शिक्षक का रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया, वहीं पूरी वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक शिक्षक बैंक से करीब 50 हजार रुपये निकालकर अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान वे शहपुरा नगर स्थित एक चाय दुकान पर चाय पीने और पानी पीने के लिए रुके। बताया जा रहा है कि शिक्षक ने रुपयों से भरा बैग अपने पास रखा हुआ था, तभी मौके का फायदा उठाकर एक अज्ञात युवक बैग लेकर फरार हो गया। घटना सोमवार दोपहर करीब 12ः30 बजे की बताई जा रही है। चोरी की यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक बड़ी चालाकी से बैग उठाकर मौके से भागता दिखाई दे रहा है। घटना के बाद शिक्षक द्वारा मामले की जानकारी स्थानीय लोगों और पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी युवक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने नगर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।



# आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा की जिला बैठक संपन्न, बूथ सशक्तिकरण पर जोर

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)


भारतीय जनता पार्टी की जिला मासिक बैठक सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम के नेतृत्व तथा भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता अभियान, जनसंपर्क अभियान एवं केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है और इसकी सबसे बड़ी ताकत समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर सरकार की योजनाओं एवं संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करता है और यही पार्टी की सबसे बड़ी पहचान है। संगठन की मजबूती ही भाजपा की विजय का आधार है। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुशासन, समर्पण एवं संगठन की विचारधारा के अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हैं तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे सरकार की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाएं। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के साथ विभिन्न मंडलों की गतिविधियों की समीक्षा भी की गई। इस दौरान पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन हित में पूरी निष्ठा एवं सक्रियता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुधीर दत्त तिवारी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने व्यक्त किया। बैठक में जिला महामंत्री बद्री प्रसाद साहू, जिला उपाध्यक्ष ज्ञानदीप त्रिपाठी, दिलीप ताम्रकार, जय सिंह राजपूत, इंद्रावती धुर्वे, संतोष साहू, राजेंद्र दुबे, शोभित मरावी, महेश धूमकेती, जिला मंत्री गणेश सोनवानी, नरवरिया मरकाम, मालती तिवारी, अंजू ब्यौहार, सपना जैन, जिला कोषाध्यक्ष स्कंद चौकसे, जिला कार्यालय मंत्री पवन शर्मा, आईटी संयोजक राहुल पांडेय, अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष परसराम नागेश, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष घनश्याम कछवाहा, मंडल अध्यक्ष शिवराम राजपूत, आकाश नामदेव, लक्ष्मी प्रसाद दरकेश, सुदामा बर्मन, सुशील यादव, वर्षा कुशराम, अंकित गुप्ता, अनिल साहू, भजन चक्रवर्ती, हीरेंद्र सिंह मरावी, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुर्गेश साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला शहडोल (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक / 0 /ब-121/ विवाह पंजीयन /2026-27 / 2352
शहडोल, दिनांक- 11/05/2026

**सार्वजनिक इश्तहार**



सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार गौतम पिता श्यामलाल गौतम उम्र 55 वर्ष निवासी वार्ड नं. 1 गडरिया रोड पेट्रोल पंप के पास हुजूर तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) हाल पता दुर्गा कॉलोनी वार्ड नं. 14 स्टेट एकेडमी स्कूल के पीछे तहसील सोहागपुर जिला शहडोल (म.प्र.) प्रथम पक्ष (वर पक्ष) एवं आवेदिका शशिप्रभा तिवारी पिता रुद्र नारायण तिवारी उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम झुरहवा पो. उमरी गोविंदपुर तहसील त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.) द्वितीय पक्ष (वधू पक्ष) के द्वारा इस न्यायालय में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 15 के प्रावधानों के अधीन विवाह प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

इस विवाह पंजीयन के संबंध में जिस किसी को आपत्ति हो, वे दिनांक 11/06/2026 को स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला शहडोल (म.प्र.)**

# सरकारी जमीन पर बनी अवैध डेयरी और सड़क पर बने बाथरूम हुए जमींदोज

## मोदीबाड़ा में अवैध अतिक्रमणों पर कैंट बोर्ड की बड़ी कार्रवाई

जबलपुर (स्वतंत्रमत)।

कैंट बोर्ड प्रशासन ने सोमवार को अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए मोदीबाड़ा क्षेत्र में बुल्डोजर चलाया। इस कार्रवाई के दौरान वर्षों से संचालित एक अवैध डेरी सहित आधा दर्जन से अधिक पक्के अतिक्रमणों को ध्वस्त कर दिया गया। बोर्ड की इस अचानक हुई कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।



जानकारी के मुताबिक, मोदीबाड़ा स्थित एपीएन स्कूल के पास इरफान नामक व्यक्ति द्वारा लंबे समय से शासकीय भूमि (सी-लैंड) पर अवैध रूप से डेरी का संचालन किया जा रहा था। इस डेरी के कारण फैलने वाली गंदगी से स्थानीय रहवासी बेहद परेशान थे और लगातार इसकी शिकायतें कैंट बोर्ड प्रशासन से की जा रही थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कैंट बोर्ड के सीईओ राजीव कुमार ने दो माह पूर्व ही संचालक को अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी कब्जा नहीं हटाया गया।

### सार्वजनिक सड़क पर कर लिया था कब्जा

सोमवार को कैंट बोर्ड के इंजीनियरिंग सेक्शन और अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण की शुरुआत की। अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमणकारी धीरे-धीरे शासकीय भूमि पर कब्जा बढ़ा रहे थे। डेरी के अलावा करीब पांच परिवारों ने वहां पक्के मकान बना लिए थे। हद तो तब हो गई जब सार्वजनिक सड़क पर कब्जा कर बाथरूम तक बना लिए गए, जिससे आम जनता का रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो रहा था।

### 3 दिन में खुद हटाएं अतिक्रमण

मौके पर मौजूद जूनियर इंजीनियर अनुराग आचार्य ने बताया कि यह कार्रवाई सीईओ राजीव कुमार के कड़े निर्देशों पर की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में कुछ अन्य लोगों को भी चिन्हित किया गया है, जिन्हें तीन दिन की अंतिम मोहलत दी गई है। यदि निर्धारित समय में उन्होंने अपना अतिक्रमण स्वयं नहीं हटाया, तो बोर्ड द्वारा पुनः बुल्डोजर की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अतिक्रमण विरोधी दल के प्रभारी नितेश पटेरिया सहित बोर्ड के अन्य अधिकारी और कर्मचारी सुरक्षा बल के साथ मुस्तैद रहे।




## जिनसार के विद्यार्थियों ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज़ एंड रिसर्च (जिनसार) के बीएससी नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा 09 मई 2026 को तिलवारा ग्रामीण समुदाय में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत माँ और शिशु के लिए समय पर संक्रमण जाँच विषय पर एक सामुदायिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, माताओं एवं ग्रामीण परिवारों को गर्भावस्था के दौरान समय पर संक्रमण जाँच, नियमित प्रसव पूर्व जांच, मातृ स्वच्छता एवं सुरक्षित मातृत्व से संबंधित महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य वार्ता, पोस्टर प्रदर्शन, दृश्य प्रस्तुतियों एवं संवादात्मक चर्चाओं के माध्यम से ग्रामीण समुदाय को जागरूक किया।

इस अवसर पर महिलाओं को बताया गया कि गर्भावस्था के दौरान समय पर जाँच एवं नियमित चिकित्सकीय परामर्श से माँ और शिशु दोनों को संक्रमण एवं अन्य स्वास्थ्य जोखिमों से सुरक्षित रखा जा सकता है। कार्यक्रम में स्वस्थ माँ, स्वस्थ शिशु, स्वस्थ राष्ट्र का संदेश प्रमुख रूप से दिया गया। साथ ही महिलाओं को सुरक्षित गर्भावस्था, संतुलित पोषण, स्वच्छता एवं समय पर स्वास्थ्य सेवाएँ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस जागरूकता अभियान को ग्रामीण समुदाय द्वारा सराहना प्राप्त हुई तथा लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। कार्यक्रम ने महिलाओं में नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं सुरक्षित मातृत्व को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रभारी प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी के मार्गदर्शन एवं डॉ. रीना मैथ्यू तथा म्यूरियल क्रिस्टोफर के समन्वय में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उनके सतत मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से विद्यार्थियों ने समाजहित में एक प्रभावी स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

## न्यायिक जांच के आदेश जारी कर सरकार ने उठाया समझदारी भरा कदम



### बरगी डैम क्रूज हादसे की जांच पर सांसद विवेक तन्खा ने व्यक्त किया संतोष

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बरगी दुर्घटना की न्यायिक जांच के आदेश जारी होने पर राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी पोस्ट करके कहा कि बरगी जलाशय में 13 लोगों की मौत के दर्दनाक हादसे के कारणों की न्यायिक समीक्षा कराने का सरकार का निर्णय एक समझदारी भरा उठाया गया कदम है। उन्होंने आगे कहा कि हादसे के बाद जबलपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में हादसे को लेकर उन्होंने जिन महत्वपूर्ण और जरूरी बिंदुओं को उठाया था उन्ही बिंदुओं को सरकार द्वारा गठित जांच समिति में शामिल किया गया है, उन्होंने इसे जनहित से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए ऐसी घटनाओं को भविष्य में रोकने के लिए इसकी गंभीरता और निष्पक्षता से जांच आवश्यक है। राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसुचना में दुर्घटना के कारणों, राहत एवं बचाव कार्य की समीक्षा, सुरक्षा के मानकों, जल परिवहन गतिविधियों के ऑडिट, क्रूज संचालन की एसओपी तथा क्विक रिस्पोंस टीम के गठन के निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने कहा कि क्रूज को बाहर निकलकर तुरंत उसे नष्ट कर देना भी जांच का विषय होना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि गंभीरता से की गयी जांच भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने में प्रभावी होगी। बता दें कि इस मामले की न्यायिक जांच मप्र उच्च न्यायालय के सेवा निवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की अध्यक्षता में की जायेगी।

## कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्षरत एआईडीईएफ को मिली बड़ी सफलता

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** एआईडीईएफ के मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास ने बताया कि राष्ट्रीय परिषद जेसीएम की बैठक में कैबिनेट सचिव द्वारा आयुध निर्माणी कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति की तारीख तक डीम्ड प्रतिनियुक्ति अवधि के विस्तार के संबंध में दिया गया आश्वासन रक्षा नागरिक क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण जीत है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन पाठक के अनुसार यह उपलब्धि अपने आप नहीं आई। यदि हमारे महासंघ ने साहसपूर्वक इस मुद्दे को नहीं उठाया होता और मामले को उच्च न्यायालय तक नहीं पहुंचाया होता, तो सरकार ने हजारों कर्मचारियों के इस वैध अधिकार को गंभीर रूप से कमजोर कर दिया होता और छीन लिया होता। महासचिव सी कुमार ने कहा यह जीत एआईडीईएफ और उसके समर्पित नेतृत्व की एकता, दृढ़ संकल्प और निरंतर संघर्ष को दर्शाती है। यह एक कड़ा संदेश भी है कि संगठित संघर्ष और सामूहिक शक्ति सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी श्रमिकों के हितों की रक्षा कर सकती है। संघटन मंत्री अर्नब दास गुप्ता और अमरीश सिंह सदस्य ने कहा हम सभी डिफेंस सिविलियन कर्मचारियों को बधाई देते हैं और उन्हें आश्वासन देते हैं कि भविष्य में भी कर्मचारियों के अधिकारों और कल्याण की सुरक्षा के लिए अपनी अथक लड़ाई जारी रखेगा। जबलपुर आयुध निर्माणी के रोहित यादव, विनय गुप्ता, पुष्पेंद्र सिंह, सुकेश दुबे सहित यूनियन पदाधिकारी ने इसे फेडरेशन के संघर्ष का परिणाम माना।

## हितकारिणी डेंटल की टीम ने वृद्ध आश्रम में लगाया निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग ने 11 मई को निराश्रित वृद्ध आश्रम गृह, शास्त्री नगर में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 15-20 सीनियर सिटीजन के दांतो का परीक्षण कर उन्हें दांतों की उचित देखभाल, सही खान पान एवं टीम द्वारा दांतों की सफाई के लिए निःशुल्क दंत उत्पाद भी प्रधान किए गए एवं उनको इस्तेमाल करने की सही विधि बताई गई तथा ब्रश करने के सही तरीकों से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निदेशक डॉ. राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ.रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित यह शिविर आश्रम के अधीक्षक रवेंदु सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस शिविर को सफल बनाने में हितकारिणी डेंटल कॉलेज से पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ई. श्रीकांत तथा डॉ.अविनाश बोस एवं अन्य डॉक्टरों का योगदान रहा।

## पंजाबी यूनिटी लीग टूर्नामेंट ट्रॉफी पर पंजाबी स्मैशर्स ने किया कब्ज़ा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पंजाबी महासंघ की यूथ विंग के तत्वाधान में आयोजित पंजाबी यूनिटी लीग चैलेंज ट्रॉफी का शिवाजी ग्राउंड सदर में समापन हुआ। इस मुकाबले में जनता डेरी पंजाबी स्मैशर्स ने पंजाबी पैंथर्स को 37 रन से हराकर ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया। कौशल सूरी ने बताया कि इस टूर्नामेंट में संपूर्ण पंजाबी परिवारों के लगभग 120 बच्चों ने 8 टीमों के रूप में भाग लिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश सिंह ने शिवाजी ग्राउंड में इस टूर्नामेंट के फाइनल मैच का टॉस करते हुए मुकाबला की शुरुआत की,कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विशिष्ट अतिथि के रूप में मेरठ से पधारे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर करण शर्मा रहे। फाइनल मुकाबले में विजेता टीम जनता डेरी पंजाबी स्मैशर्स को विजय ट्रॉफी प्रदान की जिसे नितिन भाटिया, रिकुंज विज, नीता नारंग ,कौशल सूरी हिमांशु जग्गी और शैलेंद्र कपूर द्वारा दिया गया। इस दौरान संदीप विजन, अजय ग्रोवर, नितिन शर्मा, कुलदीपक कोहली, अनुज गुलाटी आदि उपस्थित रहे।





## मां से अधिक धैर्यवान और क्षमाशील कोई नहीं

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मां लोरी सुनाती, कलेजे से लगाती मगर मां नहीं है, मां से बढ़कर इस दुनिया में कोई चीज कहां होती है, गई तू छोड़ कर जब से मेरे हक में दुआ कोई नहीं करता। ऐसी उत्कृष्ट रचनाओं का काव्य पाठ नगर के साहित्यकारों द्वारा मातृदिवस पर आयोजित काव्य गोष्ठी में किया गया। अवसर था प्रसंग अंतरराष्ट्रीय मंच द्वारा आयोजित स्मृति शेष चंद्रकला जारोलिया को समर्पित 511वें आयोजन का। जिसमें स्वागत उद्बोधन प्रसंग समूह के संस्थापक इंजी विनोद नयन ने स्मृति शेष चंद्रकला जारोलिया के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजया ठाकुर रायपुर, सारस्वत अतिथि डॉ सरोज दुबे विधा रायपुर, अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव चातक सिवनी, विशिष्ट अतिथि डॉ विनोद बाजपेई, डॉ मुकुल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों में विधिक ज्ञान, तर्कशक्ति की समझ बढ़ाने हुआ मूट कोर्ट डिबेट का आयोजन

### हितकारिणी लॉ कॉलेज में एलएलबी 6जी सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हितकारिणी लॉ कॉलेज में एलएलबी 6जी सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा मूट कोर्ट डिबेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विधिक ज्ञान, तर्कशक्ति, न्यायिक प्रक्रिया की समझ एवं वाद-विवाद कौशल का विकास करना था। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने न्यायालयीन प्रक्रिया का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए विभिन्न विधिक विषयों पर अपने तर्क प्रस्तुत किए।

**प्रतिभा का दिया परिचय**-प्रतिभागियों ने पक्ष एवं विपक्ष में प्रभावपूर्ण बहस कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यावहारिक विधिक ज्ञान को सुदृढ़ करने में अत्यंत सहायक होती हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों को शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में भी इस प्रकार की शैक्षणिक एवं व्यावहारिक गतिविधियों के आयोजन की बात कही।



## नगर निगम अपर आयुक्त वित्त कार्यालय में जल्द लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर निगम कार्यालयीन व्यवस्थाओं को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। अपर आयुक्त वित्त कार्यालय मे कराये जा रहे रेनोवेशन कार्य के दौरान पुराने बंद कैमरों के स्थान पर जल्द ही नए कैमरे लगाए जाएंगे। इस संबंध में अपर आयुक्त वित्त अशफाक परवेज कुरैशी ने बताया कि रेनोवेशन के दौरान उन्हें जानकारी दिए बिना बंद कैमरों को हटा दिया गया था। समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के माध्यम से जानकारी लगी तो स्टाफ को बुलाकर पूछने पर बताया गया कि अपर आयुक्त के कार्यालय में आने से पूर्व कैमरे बंद पड़े हुए थे और ऑफिस में सुधार के कार्य हो रहे थे जिसके कारण बंद पड़े कैमरे को निकाल दिया गया था आवश्यकतानुसार नए सिरे से कैमरे लगाये जायेगें। उन्होंने कहा कि एक दैनिक समाचार पत्र में कैमरे निकालने के संबंध में गलत तथ्यों के साथ समाचार प्रकाशित की गयी थी। जबकि वास्तविकता यह है कि कैमरा काफी दिनों से बंद पड़ा हुआ था और मेरी जानकारी में नहीं था।

# आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा नैतिक कर्तव्य है पर्यावरण का संरक्षण





### हितकारिणी वुमेंस कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में इको क्लब के अंतर्गत क्विज एवं स्लोगन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

हितकारिणी वुमेंस कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में प्राचार्य डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी की उपस्थिति में इको क्लब के अंतर्गत क्विज एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय परिसर में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ । इस आयोजन में द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई । कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और पर्यावरणीय चेतना का विकास करना था । क्विज प्रतियोगिता में पर्यावरण से संबंधित बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए, जिनमें छात्राओं ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम रिया कुशवाहा, द्वितीय निहालिका झारिया एवं तृतीय अर्चना कुमारी रहीं जिन्हे पुरुस्कृत किया गया। वहीं स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम इशिका परवीन, द्वितीय निहालिका झारिया, तृतीय स्नेहा मरावी रहीं तथा सांत्वना पुरस्कार निधि चौधरी को प्रदान किया गया। विजेता छात्राओं को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया ।

**छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया आयोजन में हिस्सा**-इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा नैतिक कर्तव्य है।

ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में जागरूकता और सकारात्मक सोच का विकास करते हैं । कार्यक्रम में सभी छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. रश्मि शुक्ला एवं चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कु. श्रद्धा मिश्रा द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव ,डॉ. निरुपमा पाठक, डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. निधि माथुर, लाइब्रेरियन ज्योति शर्मा एवं कार्यालयीन कर्मचारी नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, अविनाश लखेरा, प्रेमलता चौबे, विजय दहायत एवं प्रीति नामदेव

## मदर्स डे पर हुए सीनियर सिटिजन क्लब में विविध आयोजन

### गीतों की सुरमयी प्रस्तुति ने सदस्यों को बचपन की यादों में पहुंचाया

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मदर्स डे के अवसर पर साउथ एवेन्यू मॉल में सीनियर सिटिजन क्लब के तत्वावधान में एक भावपूर्ण एवं संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मां के प्रति श्रद्धा और प्रेम से ओतप्रोत गीतों की प्रस्तुति ने उपस्थित सदस्यों को भावुक कर दिया।मां मुझे अपने आंचल में छुपा ले और ए मां तेरी सूरत से अलग भगवान की सूरत क्या होगी। जैसे सदाबहार गीतों को प्रमोद जैन, रवि जैन, रवि शुक्ला एवं इंद्रपाल सिंह गोगी ने मधुर स्वर में प्रस्तुत कर ऐसा समां बांधा कि उपस्थित सदस्य अपने बचपन की यादों में खो गए। कई सदस्यों की आंखें मां को याद कर नम हो गईं। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि कलाकारों का स्वागत जसबीर चोपड़ा, प्रभा श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, अल्का वर्मा, प्रभा नायडू, राजकुमारी रायकर एवं राणा मैडम द्वारा शॉल ओढ़ाकर एवं मालाएं पहनाकर किया गया। सीनियर सिटिजन क्लब की ओर से विंग कमांडर चंदन शर्मा ने प्रमोद जैन को भगवान महादेव की आकर्षक प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सैनिक संघ की अध्यक्ष दमयन्ती राय की विशेष उपस्थिति भी रही। गीत संगीत का मधुर संयोजन कोहिनूर कराओके द्वारा किया गया।




## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर

### तृतीय निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविद की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-151<br>DATE 11/5/2026<br>2026_UAD_506135_1 | संभाग क्रमांक 6 अंतर्गत डॉ. राममनोहर लोहिया वार्ड अंतर्गत कशोधन नगर में विभिन्न स्थानों में जल प्लावन एवं निकासी हेतु नाली निर्माण (पार्षद अनुशंसा) | तीन माह<br>7.69/- लाख | 2000/-<br>7694/- | 18/5/2026 |
| 2 | PRO-151<br>DATE 11/5/2026<br>2026_UAD_506135_2 | संभाग क्रमांक 6 अंतर्गत दमोह नाका पम्प से बल्देवबाग मार्ग के नाले में चेम्बर निर्माण कार्य। | तीन माह<br>3.63/- लाख | 2000/-<br>3640/- | |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**

# हथोड़ा गांव में पानी का संकट

## खदानों की गहरी खुदाई और ब्लास्टिंग से सूख गए गांव के हैण्डपंप और कुएं







बालाघाट/कटंगी(स्वतंत्र मत)

जिले की तिरोड़ी तहसील का ग्राम हथोड़ा मई महीने में 40 डिग्री तापमान की तपती धूप में भीषण जल संकट से गुजर रहा है। गांव में एक-एक बाल्टी पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। यहां घरेलू कामकाजी महिलाओं से लेकर परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए पानी जुटाना सबसे बड़ी चुनौती बन गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में संचालित मैंगनीज खदानों में गहरी खुदाई और हैवी ब्लास्टिंग के कारण भू-जलस्तर तेजी से नीचे चला गया है। जिस वजह से गांव के अधिकांश हैंडपंप पानी की जगह अब हवा उगलने लगे हैं और कुएं सूख कर रसातल में जा रहे है। मैंगनीज यानी काला सोना निकालने के लिए गांव की खदानों में 200 से 500 फीट तक खुदाई और हैवी ब्लास्टिंग की जा रही है। विस्फोट से आसपास की चट्टानें और जलधाराएं प्रभावित हो गई है। जिसका व्यापक असर गांव के जल स्त्रोतों पर पड़ा है। ग्रामीणों के अनुसार खदानों में होने वाली गहरी खुदाई से प्राकृतिक जल स्त्रोतों पर भी असर पड़ा है। आलम यह है कि केंद्र सरकार की अति महत्वकांक्षी हर घर नल-जल योजना तक ठप्प हो गई है।

गांव के रोहित बर्वे बताते है कि जल संकट के कारण गांव की हर घर नल-जल योजना अब तक शुरू नहीं हो पाई। गांव में कुएं और हैंडपंप सूख रहे है। उन्होंने बताया कि गांव में कुछ वार्डों में जल संकट बेहद विकराल रुप ले चुका है। वह एक उदाहरण देते हुए बताते है कि ''अगर कोई व्यक्ति अंतिम सांस ले रहा हो और उसे पानी की जरूरत पड़ जाए तो इन वार्डों में लगे हैण्डपंप चलाने के बाद भी पानी नहीं मिलेगा और व्यक्ति की मौत हो जाएगी।'' रोहित का मानना है गांव में संचालित होने वाली मैंगनीज खदानों से जलस्त्रोतों पर असर पड़ा है। इससे साफतौर पर इंकार नहीं किया जा सकता। हथोड़ा गांव में जल संकट का असर केवल इंसानों पर ही नहीं बल्कि मूक मवेशियों पर भी पड़ा है। रोहित ने सबसे दिलचस्प बात बताई वह राज्य सरकार से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की आंखों को खोलने के लिए काफी होनी चाहिए। रोहित के मुताबिक अभी गर्मी के मौसम में जहां गर्मी के परेशान होकर शरीर को शीतलता प्रदान करने के लिए दिन में दो बाद स्नान करने का मन करता है। जल संकट के कारण सप्ताह में केवल दो से तीन बार ही स्नान हो पाता है।

साधना बोरकर बताती हैं कि उन्हें रोजाना एक किलोमीटर दूर जाकर पीने का पानी लाना पड़ता है। गांव के कपड़े धोने के लिए वह गांव के तालाब में जाती है किंतु अब तालाब भी सूखने की कगार पर है। सरिता बाई बताती है कि पानी की कमी का सबसे ज्यादा असर महिलाओं और बच्चों पर पड़ा है। महिलाएं सिर पर बर्तन रखकर लंबी दूरी तय करती हैं। घर के छोटे-छोटे बच्चों का बचपन भी प्रभावित हो रही है क्योंकि उन्हें भी पानी लाने में मदद करनी पड़ती है। गर्मी में पानी की कमी से बीमारियां फैलने का खतरा बड़ जाता है। हथोड़ा गांव के वार्ड क्रमांक 09 निवासी देवानंद ने बताया कि बर्तन धोने से लेकर खाना बनाने तक के पानी नहीं मिल पाता। गांव का सरपंच और सचिव ध्यान नहीं दे रहे है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल-जल भी हथोड़ा में असफल साबित हो रही है। पाइपलाइन बिछाई गई थी, लेकिन स्त्रोत सूख जाने से पानी की आपूर्ति बंद हो गई। नल से पानी न आने के कारण ग्रामीणों का भरोसा टूट गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन और खदान कंपनियां उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दे रही हैं। कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं, लेकिन गांव के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। जल संरक्षण की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। प्रशासन केवल कागजी योजनाओं तक सीमित है। दरअसल, गत दिवस विधायक गौरव सिंह पारधी ने मायॅल नगरी तिरोड़ी के विश्राम गृह में खदानों के संचालकों के साथ बैठक की लेकिन इस बैठक के बाद ग्रामीणों को कोई फायदा नहीं हुआ। यह बैठक केवल खानापूर्ति ही साबित हुई है। ग्राम हथोड़ा का पेयजल संकट केवल एक गांव की समस्या नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए चेतावनी है।

# पीएससी में बालाघाट के 7 संविदा चिकित्सकों का चयन

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिले के स्वास्थ्य विभाग के लिए गौरव की बात है कि जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा आधार पर सेवाएं दे रहे 7 चिकित्सा अधिकारियों का चयन मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से नियमित चिकित्सा अधिकारी (एमबीबीएस) पद के लिए हुआ हैं। हाल ही में जारी मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के परिणामों में जिले के इन चिकित्सकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नियमित चिकित्सा सेवा में स्थान प्राप्त किया है। इनमें किरनापुर के प्रभारी बीएमओ डॉ. वर्ष चौबे ने पूरे प्रदेश में 8वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। वहीं लालबर्रा की प्रभारी बीएमओ डॉ. रितु धुर्वे का भी चयन नियमित चिकित्सा सेवा के लिए हुआ है। नियमित सेवा के लिए चयनित चिकित्सकों में डॉ. वर्ष चौबे, डॉ. रौशनी नागदेवे, डॉ. अंकित खरोले, डॉ. प्रिया मोरोपे, डॉ. करिश्मा सिल्हारे, डॉ. परितोष शुक्ला एवं डॉ. रितु धुर्वे शामिल हैं। इनमें से कई चिकित्सक मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संविदा अथवा बांड के आधार पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं या पूर्व में दे चुके हैं। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में इन चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने चयनित सभी चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए इसे जिले के लिए उपलब्धि बताया है। मध्यप्रदेश स्वास्थ्य संचालनालय भोपाल द्वारा चयनित चिकित्सकों की पदस्थापना के लिए पृथक आदेश जारी किए जाएंगे, जिसके बाद उन्हें प्रदेश की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में नियमित चिकित्सा अधिकारी के रूप में सेवाएं प्रदान करने का अवसर मिलेगा।

**किरनापुर के प्रभारी बीएमओ डॉ. वर्ष चौबे ने प्रदेश में हासिल की 8वीं रैंक**



# नन्हे दिलों को मिली नई उम्मीद

## बालाघाट से हृदय रोग पीड़ित 15 बच्चों को उपचार के लिए भेजा गया जबलपुर और मुंबई



बालाघाट(स्वतंत्र मत)

बालाघाट में एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग की संवेदनशील पहल ने कई परिवारों के चेहरों पर उम्मीद की मुस्कान लौटा दी है। हृदय रोग से पीड़ित 15 बच्चों के बेहतर उपचार के लिए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों के तहत बच्चों को विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जबलपुर और मुंबई भेजा गया। यह पूरी कार्यवाही कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 2 मई को बैहर तथा 8 मई को जिला चिकित्सालय बालाघाट स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में विशेष हृदय रोग शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बच्चों की जांच की गई, जिसमें 34 बच्चों को सर्जरी एवं विशेष उपचार के लिए चिन्हित किया गया।

इसी क्रम में आज 14 बच्चों को उपचार एवं सर्जरी के लिए जबलपुर भेजा गया, जबकि एक गंभीर रूप से पीड़ित बच्चे को उन्नत उपचार हेतु नारायण हृदयालय मुंबई रेफर किया गया। सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि इन बच्चों का उपचार पूरी तरह नि:शुल्क कराया जाएगा। 15 बच्चों में से 10 बच्चों का इलाज आयुष्मान योजना के अंतर्गत होगा, जबकि शेष 5 बच्चों का उपचार मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के तहत कराया जाएगा। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. निलय जैन ने बताया कि सभी बच्चों और उनके परिजनों को सुबह 10 बजे डीईआईसी केंद्र में बुलाया गया, जहां उन्हें स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए तथा उपचार संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक राजाराम चक्रवर्ती सहित डीईआईसी का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा। अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों ने बच्चों एवं उनके परिजनों का उत्साहवर्धन करते हुए भरोसा दिलाया कि इलाज के दौरान हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। यह पहल न केवल गंभीर बीमारी से जूझ रहे बच्चों के लिए नई जिंदगी की उम्मीद लेकर आई है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि संवेदनशील प्रशासन और स्वास्थ्य सेवाओं के समन्वित प्रयास से जरूरतमंद परिवारों तक समय पर उपचार पहुंचाया जा सकता है।

# शादी के दो माह बाद लापता हुई नवविवाहिता परिजन तलाश रहे बेटी समान बहू

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिले के खैरलांजी थाना अंतर्गत ग्राम कच्चेखानी से एक चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां शादी के महज दो माह बाद एक नवविवाहिता अचानक लापता हो गई। बहू के अचानक गायब होने से परिवार सदमे में है और उसकी तलाश में दर-दर भटक रहा है। परिजनों ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, महेश घरडे ने बताया कि उनके बड़े बेटे हर्ष घरडे ने 13 फरवरी 2026 को महाराष्ट्र के चुल्हाड स्थित धम्माभिषेक बुद्ध विहार में घुबडगोदी निवासी प्रियंका मेश्राम के साथ सामाजिक रीति-रिवाज से विवाह किया था। शादी के बाद प्रियंका परिवार के साथ ग्राम कच्चेखानी में रह रही थी और लालबर्रा कॉलेज में पढ़ाई के लिए रोजाना आना-जाना करती थी। बताया गया कि 4 मई की सुबह करीब 9 बजे प्रियंका घर से कॉलेज जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। जब परिजनों ने उसके मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की तो फोन बंद मिला। इसके बाद परिवार ने प्रियंका के दोस्तों और रिश्तेदारों से जानकारी जुटाई, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों ने बताया कि प्रियंका अपने साथ घर में रखे कुछ पैसे और पायल भी लेकर गई है।

### मृत गाय को कुआं में फेका, एफआईआर दर्ज

**बालाघाट।** जिले के हट्टा थाना अंतर्गत ग्राम केसलवाड़ा में किसान के खेत के कुंआ में एक मृत गाय दिखाई दि, घटना 11 मई की सुबह की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गाय फेकने वाले के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है। जानकारी अनुसार, केसलवाड़ा निवासी नविन पिता मोहनलाल पटले की गाय सप्ताह भर पहले अचानक मृत हो गई थीं, जिसे उसने गांव के ही पंकज बिसेन के कुंआ में फेक दिया था। 11 मई की सुबह कुंआ की ओर गए तो बदबु अधिक आने लगी थीं, जिसे कुंआ में देखा गया तो गाय दिखाई दी। सूचना पुलिस को दी गई, पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी नविन पटले के विरूद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया गया। फिलहाल, बदबु अधिक होने के वजह से गाय को कुंआ से बाहर नहीं निकाला जा सका है।

# चलती मालगाड़ी में लगी आग बिरसिंहपुर स्टेशन पर रोकी गई ट्रेन



उमरिया स्वतंत्रमत

जिले के बिरसिंहपुर रेलवे स्टेशन में रविवार देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। शहडोल की तरफ से आ रही कोयला लोड मालगाड़ी के तीन डब्बों में अचानक आग लग गई। चलते ट्रेन से धुआं और आग की लपटें उठती देख रेलवे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि मालगाड़ी कोयला लेकर आगे की ओर जा रही थी। इसी दौरान ट्रेन के बीच वाले डब्बों से धुआं निकलता दिखाई दिया। लोको पायलट और गार्ड ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत रेलवे कंट्रोल को सूचना दी और मालगाड़ी को बिरसिंहपुर रेलवे स्टेशन पर रोक दिया। समय रहते ट्रेन रोक दिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। मामले की जानकारी मिलते ही रेलवे प्रशासन और स्टेशन कर्मचारियों ने मोर्चा संभाल लिया। स्टेशन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई और लोगों को डब्बों से दूर किया गया। वहीं नगरपालिका की दमकल गाड़ी को मौके पर बुलाया गया। दमकल टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने के बाद डब्बों से तेज धुआं उठ रहा था, जिसे देखकर आसपास मौजूद लोग भी दहशत में आ गए। राहत की बात यह रही कि आग अन्य डब्बों तक नहीं पहुंची। यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो बड़ा नुकसान हो सकता था। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण कोयले में गर्मी या घर्षण बताया जा रहा है, हालांकि रेलवे विभाग पूरे मामले की जांच कर रहा है। स्थानीय लोगों ने लोको पायलट, गार्ड और दमकल टीम की तत्परता की सराहना की है। उनकी सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा रेल हादसा टल गया।

# आदर्श कॉलेज में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया



**उमरिया स्वतंत्रमत।** वैज्ञानिक ज्ञान का व्यावहारिक एवं रचनात्मक अनुप्रयोग थीम के अनुसार शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अंतर्गत वीडियो फिल्म प्रदर्शन ,परिचर्चा एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ भारतीय ज्ञान परंपरा एवं भौतिक शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सी बी सोदिया के संरक्षण एवं सहायक प्राध्यापक श्रीमती निशी करण तथा डॉ राजीव तिवारी के संयोजन में किया गया । कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के लिए पोखरण परमाणु परीक्षण ,परमाणु ऊर्जा उपयोग सहित विज्ञान के विभिन्न रचनात्मक एवं व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर विशेष जानकारी डॉ नियाज अहमद अंसारी एवं डॉ रूपलता चतुर्वेदी द्वारा प्रदान की गई । कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग डॉ हरेंद्र कुमार गणित विभाग द्वारा किया गया । कार्यक्रम आयोजन में महाविद्यालय के श्री हरीश शुक्ला, तबस्सुम बानो, डॉ मनीष मिश्रा,श्री कामता प्रसाद, डॉ स्वराज पाल सहित विभिन्न संकायों के शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।



### तीन दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण प्रारंभ

**उमरिया स्वतंत्रमत।** होमगार्ड मुख्यालय भोपाल से प्राप्त निर्देशों के अनुसार जिला इकाई उमरिया में एसडीआरएफ एवं होमगार्ड जवानों का तीन दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण सोमवार से प्रारंभ हो गया। यह प्रशिक्षण जिला सेनानी होमगार्ड के मार्गदर्शन में प्लाटून कमांडर राहुल कुमार साहू द्वारा स्थानीय उमरार डैम में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य जवानों को प्राकृतिक आपदाओं, विशेषकर बाढ़ जैसी परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से राहत एवं बचाव कार्य करने के लिए दक्ष बनाना है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान एसडीआरएफ एवं होमगार्ड जवानों को ड्राई रेस्क्यू, वेट रेस्क्यू, बोट हैंडलिंग, तैराकी, डीप डाइविंग तथा बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# गश्ती के दौरान मृत अवस्था में मिला बाघ



**उमरिया स्वतंत्रमत-** क्षेत्र संचालक बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व ने बताया कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अंतर्गत खितौली परिक्षेत्र की पश्चिम बगदरी बीट के ढमढमा कैंप के सुरक्षा श्रमिकों द्वारा बाघों के लड़ने की आवाज सुनी गई। जिसके उपरांत गश्ती दल के द्वारा ढमढमा क्षेत्र की सघन छानबीन की गई। छानबीन एवं गश्ती के दौरान एक बाघ मृत अवस्था में मिला। वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा दूर से किए गए प्राथमिक परीक्षण में प्रथम दृष्ट्या बाघ की मृत्यु आपसी संघर्ष से होना पाया गया है। उन्होने बताया कि बाघ के शरीर पर हमले के निशान है तथा प्रथम दृष्टया समस्त अंग मौके पर सुरक्षित पाए गए है। स्थल की घेराबंदी की गई है तथा आगे की छानबीन एवं विवेचना हेतु हाथी गश्ती दल, डॉग स्क्वाड, मेटल डिटेक्टर दल को सूचित किया गया है। आगे की समस्त कार्यवाही एनटीसीए द्वारा जारी गाइडलाइन एवं एसओपी के आधार पर की जा रही है।

# अति. जिला सत्र न्यायाधीश एवं प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड ने किया जेल का निरीक्षण

**उमरिया स्वतंत्रमत।** प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश प्रियदर्शन शर्मा के निर्देशन में अहमद रजा, अति0 जिला सत्र न्यायाधीश एवं पल्लवी सिंह, प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड द्वारा जेल का निरीक्षण अवलोकन किया गया। बंदियों के बैरकों में जाकर बंदियों के आपराधिक प्रकरण की जानकारी, हिस्ट्री टिकट का अवलोकन कर प्रकरण क्रमांक, न्यायालय का नाम, पेशी दिनांक, इनकमिंग टेलीफोन, प्रत्यक्ष मुलाकात एवं कैदियों का वजन, उम्र, नियुक्त अधिवक्ता के संबंध में बंदियों से पूछतांछ की गई। जेल के संबंध में कोई शिकायत या समस्या होने की भी जानकारी ली गई। किसी भी बंदी ने कोई समस्या होना नही



बताया । पल्लवी सिंह, प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड उमरिया के द्वारा 18 वर्ष से 21 वर्ष तक की आयु के बंदियों के संबंध में निरीक्षण किया गया जिसमें 18 वर्ष की आयु के कुल 3 बंदी पाये गये पूछे जाने पर सबके पास आयु के शैक्षणिक दस्तावेज होना बताया गया। साथ ही सभी का स्वास्थ्य संबंधी, विधिक जानकारी, अधिवक्ता नियुक्त करने संबंधी पूछतांछ व जानकारी दी गई। साथ ही विधिक साक्षरता का शिविर आयोजन किया गया है। कैदियों को विधिक अधिकार बताये गये। सभी कैदियों के पास अधिवक्ता उपलब्ध है। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक डी. के. सारस तथा जेलर ध् उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को एवं जेल चिकित्सक डॉ. एस. के. जैन, तथा वारंट शाखा ड्यूटीरत प्रहरी मो0 शारिब, दुरपाल सिंह मरावी, रमन विश्वकर्मा, मेलनर्स- कनिका रामपाल एवं श्रीमती सुभद्रा ठाकुर तथा जेल के ड्यूटीरत समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सुनसान सड़क पर फिर हुआ 'स्नेचिंग गैंग' का हमला

उमरिया स्वतंत्रमत

स्नेचिंग की वारदातों का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है।पलझा निवासी संतोष सोनी के बाद बदमाश अब फिर एक सराफा कारोबारी को निशाना बनाकर वारदात को अंजाम दिए है,लेकिन इस बार उनकी चाल ज्यादा देर तक नहीं चल सकी।खबर है कि इस मामले में सभी तीन आरोपी गिरफ्त में ले लिए गए है।पकड़े गए आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है।वहीं सूत्रों के मुताबिक वारदात में सीमावर्ती जिला कटनी और अमरपुर क्षेत्र से जुड़े बदमाशों की भूमिका सामने आ रही है।दरअसल इंदवार थाना क्षेत्र के पलझा निवासी संतोष सोनी के साथ हुई वारदात के ठीक बाद रविवार रात पाली थाना




अंतर्गत चौरी और बिजौरी (ओदरी) मार्ग पर दूसरी बड़ी घटना सामने आई।जानकारी के मुताबिक बिजौरी (ओदरी)निवासी रजत सोनी चौरी बाजार से मार्केटिंग कर वापस अपने गांव लौट रहे थे।तभी रास्ते में पल्सर बाइक पर सवार तीन युवकों ने आभूषण से भरा उनका बैग झपट लिया और तेज रफ्तार से भाग निकले।अचानक हुई इस वारदात से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।हालांकि ग्रामीणों की सतर्कता और पुलिस की तत्परता ने बदमाशों के मंसूबों पर पानी फेर दिया।पल्सर में सवार सभी तीनों संदिग्धों का पीछा कर गिरफ्त में ले लिया गया।सूत्रों के अनुसार पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ शुरू कर दी है।यह भी चर्चा है कि आरोपियों को सोमवार को न्यायालय में पेश किया जा सकता है।पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि कहीं पकड़े गए आरोपी जिले में हाल के दिनों में हुई अन्य स्नेचिंग घटनाओं से जुड़े तो नहीं हैं।मामले में लूट का प्रकरण दर्ज होने की संभावना जताई जा रही है।लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# 14 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, कान्हा प्रबंधन पर लगाए लापरवाही के आरोप






**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**

मध्यप्रदेश के विश्व प्रसिद्ध कान्हा नेशनल पार्क में लगातार सामने आ रही अव्यवस्थाओं बाघों की मौत और कथित भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर अब जिले के पत्रकारों ने मोर्चा खोल दिया है। पिछले कई दिनों से कलेक्ट्रेट मार्ग पर पत्रकार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं और प्रशासन से निष्पक्ष जांच तथा ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में पत्रकारों ने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को 14 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। पत्रकारों का आरोप है कि कान्हा टाइगर रिजर्व में लंबे समय से कई अनियमितताएं चल रही हैं जिनकी जानकारी समय-समय पर समाचार माध्यमों के जरिए प्रशासन और शासन तक पहुंचाई जाती रही है लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पत्रकारों का कहना है कि लगातार हो रही बाघों की मौत और पार्क क्षेत्र में बढ़ती अव्यवस्था वन्यजीव संरक्षण की गंभीर स्थिति को दर्शाती है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मध्यप्रदेश आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला में स्थित कान्हा नेशनल पार्क में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर पत्रकार लगातार आवाज उठा रहे हैं। नियमित रूप से समाचार प्रकाशित होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा न तो निष्पक्ष जांच कराई गई और न ही दोषियों पर कार्रवाई हुई। इसी कारण जिलेभर के पत्रकार 5 मई 2026 से लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। ज्ञापन में पत्रकारों ने कहा कि कान्हा प्रबंधन द्वारा कई बार पत्रकारों को गलत जानकारी दी जाती है जिससे वास्तविक स्थिति छिपाई जाती है। पत्रकारों ने मांग की है कि यदि किसी मामले में गलत जानकारी दी जाती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। इसके साथ ही पत्रकारों ने पार्क के भीतर बने पक्के निर्माणों पर भी सवाल उठाए हैं।

ज्ञापन में कहा गया है कि कान्हा के भीतर होटल रिसॉर्ट और अन्य निर्माण कार्य पर्यावरणीय दृष्टि से गंभीर चिंता का विषय हैं। पत्रकारों ने ऐसे निर्माणों को तत्काल हटाने की मांग की है। पत्रकारों ने कान्हा के तीनों प्रमुख प्रवेश द्वारों के आसपास हुए अतिक्रमण को भी गंभीर समस्या बताया। उनका कहना है कि पार्क क्षेत्र के आसपास लगातार व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ रही हैं जिससे वन्यजीवों के प्राकृतिक वातावरण पर असर पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि पार्क क्षेत्र के समीप किए गए अतिक्रमणों को तत्काल हटाया जाए। इसके अलावा पत्रकारों ने कान्हा को मांसाहार मुक्त क्षेत्र घोषित करने की मांग भी उठाई। उनका कहना है कि राष्ट्रीय उद्यान के आसपास मांसाहार और अव्यवस्थित पर्यटन गतिविधियों से वन्यजीव संरक्षण की भावना प्रभावित हो रही है। पत्रकारों ने पार्क क्षेत्र में स्थित रिसॉर्ट और पर्यटन स्थलों में होने वाले तेज ध्वनि प्रदूषण पर भी चिंता जताई। ज्ञापन में मांग की गई कि रिसॉर्ट्स में डीजे, आतिशबाजी और शादी-विवाह जैसे आयोजनों पर प्रतिबंध लगाया जाए।

पत्रकारों का कहना है कि तेज आवाज और रोशनी से वन्यजीवों की प्राकृतिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं और उनका व्यवहार असामान्य हो सकता है। ज्ञापन में पार्क के गाइड सिस्टम को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े किए गए हैं। पत्रकारों ने मांग की है कि गाइड व्यवस्था को पूरी तरह बदला जाए और इसमें पारदर्शिता लाई जाए। उनका आरोप है कि वर्तमान व्यवस्था में कई प्रकार की अनियमितताएं हैं जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों दोनों को परेशानी होती है। पत्रकारों ने पिछले पांच वर्षों में कान्हा प्रबंधन को मिले बजट और उसके उपयोग की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि यह बताया जाए कि वन्यजीवों की सुरक्षा तकनीकी उपकरणों की खरीद भोजन व्यवस्था और चिकित्सा सुविधाओं पर कितनी राशि खर्च की गई। इसके साथ ही पत्रकारों ने यह भी मांग की कि पिछले पांच वर्षों में प्रचार-प्रसार पर खर्च की गई राशि की जानकारी सार्वजनिक की जाए। उनका कहना है कि यदि संरक्षण कार्यों पर गंभीरता से काम हुआ होता तो लगातार वन्यजीव मौतों की घटनाएं सामने नहीं आतीं। पत्रकारों ने कान्हा में पत्रकारों की पांच सदस्यीय मॉनिटरिंग टीम बनाने की मांग की है जो प्रत्येक माह पार्क क्षेत्र का निरीक्षण करे और वास्तविक स्थिति को सार्वजनिक करे। उनका कहना है कि स्वतंत्र मॉनिटरिंग से पारदर्शिता बढ़ेगी और कई अनियमितताओं पर अंकुश लगेगा। पार्क के भीतर बने पुल, पुलिया, सड़क और पानी की व्यवस्था जैसे निर्माण कार्यों की पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाए। पत्रकारों ने पूछा है कि किन परियोजनाओं के तहत निर्माण हुए और उन पर कितनी राशि खर्च की गई।

इसके अलावा पत्रकारों ने पार्क के भीतर संचालित सभी होटलों की सूची सार्वजनिक करने तथा उनकी वैधता की जांच कराने की भी मांग उठाई। पार्क के भीतर मौजूद मवेशियों से वन्यजीवों में संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है। इसलिए पार्क क्षेत्र के अंदर मौजूद सभी मवेशियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए। उनका कहना है कि इससे वन्यजीवों को बीमारियों से बचाया जा सकेगा। पत्रकारों ने मांग की कि प्रतिदिन जंगल सफारी में जाने वाले वाहनों और पर्यटकों की जानकारी पार्क के तीनों गेटों पर सार्वजनिक की जाए। इससे पर्यटकों को पारदर्शी जानकारी मिलेगी और सफारी संचालन में निष्पक्षता बनी रहेगी। ज्ञापन के अंतिम बिंदु में पत्रकारों ने कान्हा पार्क क्षेत्र में प्लास्टिक डिस्पोजल सामग्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि प्लास्टिक कचरा वन्यजीवों और पर्यावरण दोनों के लिए घातक साबित हो रहा है। पत्रकारों के इस आंदोलन को जिले के कई सामाजिक संगठनों और पर्यावरण प्रेमियों का समर्थन भी मिलने लगा है।

प्रदर्शन में शामिल पत्रकारों का कहना है कि यह आंदोलन किसी व्यक्तिगत हित के लिए नहीं, बल्कि वन्यजीव संरक्षण और पारदर्शिता के लिए किया जा रहा है। धरना स्थल पर मौजूद पत्रकारों ने कहा कि जब तक मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया जाता और निष्पक्ष जांच शुरू नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। ज्ञापन के दौरान जिले के सभी पत्रकार शामिल रहे।



## संगठनात्मक गतिविधि आगामी कार्यक्रम पर बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** भारतीय जनता पार्टी की जिला मासिक बैठक रविवार को कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों आगामी कार्यक्रमों एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महाभियान वर्ग को लेकर विस्तृत चर्चा की गई बैठक को संबोधित करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महाअभियान वर्ग के जिला प्रभारी नरेंद्र राजपूत ने आगामी जिला प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा, उद्देश्य एवं संगठनात्मक महत्व पर विस्तार से जानकारी दी उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करने के साथ संगठन की कार्य पद्धति को और अधिक प्रभावी बनाने का माध्यम है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों बूथ स्तर तक संगठन विस्तार तथा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका पर चर्चा करते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ संगठन कार्य में जुटने का आह्वान किया जिला उपाध्यक्ष एवं वर्ग नियंत्रक राजेश जैन ने प्रशिक्षण वर्ग के सफल संचालन हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक का मंच संचालन भाजपा जिला महामंत्री नरेश चंद्रोल ने किया वही आभार प्रदर्शन भाजपा जिला महामंत्री संतोष रजक ने व्यक्त किया। बैठक में पूर्व विधायक एवं जिला महामंत्री पंडित सिंह धुर्वे, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री सुश्री शशि पटेल सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष जनप्रतिनिधि एवं मंडल महामंत्री उपस्थित रहे।

## सृजन मेरे भाव मेरे का हुआ विमोचन



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** सशक्त हस्ताक्षर मंच के चतुर्थ वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में संस्कारधानी जबलपुर के कलाविथिका सभागृह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर अन्नपूर्णा तिवारी की कृति सृजन मेरे भाव मेरे का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती आराधना कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियो का स्वागत किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुंबई से पधारी कवियत्री रजनी साहू, कार्यक्रम मे अध्यक्ष महामहोपाध्याय डॉक्टर हरिशंकर दुबे, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अन्नपूर्णा तिवारी, डॉक्टर मुकुल तिवारी, रचना श्रीवास्तव, डॉ सुरेंद्र साहू, डॉ कुमकुम शुक्ला, सारस्वत अतिथि राजेश पाठक प्रवीण, श्रीयशवर्धन पाठक रहे। डॉक्टर अन्नपूर्णा तिवारी की कृति सृजन मेरे भाव मेरे की समीक्षा श्री यशोवर्धन पाठक के द्वारा की गई। डॉक्टर अन्नपूर्णा तिवारी को हिंदी रत्न सम्मान से भी सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन सिद्धेश्वरी सराफ के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक गणेश शंकर श्रीवास्तव, कवि संगम त्रिपाठी और अन्य पदाधिकारीगण रहे।

## राष्ट्रीय महिला अधिवेशन में की सहभागिता



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** संस्कारधानी जबलपुर के भंवरताल स्थित संस्कृति भवन में आयोजित अखिल भारतीय लोधी लोधा अधिकारी कर्मचारी संघ आलोक का प्रथम राष्ट्रीय महिला अधिवेशन का आयोजन किया गया जिसमें मध्यप्रदेश के साथ राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में मातृशक्तियो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई मध्यप्रदेश के महाकौशल क्षेत्र से बड़ी तादाद में महिलाओं ने अपनी एकजुटता का परिचय दिया बुंदेलखंड क्षेत्र से भी महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई छिंदवाड़ा, सतना, मैहर, भोपाल, कटनी, मंडला, जबलपुर, बालाघाट, सिवनी, नरसिंहपुर, विदिशा छतरपुर, दमोह, टीकमगढ़ व ग्वालियर के साथ साथ प्रदेश के कोने कोने से मात्रशक्तियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की सम्मेलन की खास बात यह रही कि संस्कारधानी में एकजुटता का परिचय देकर मंच संचालन एंकरिंग का कार्य व वक्ता सभी महिलाओं के द्वारा ही कार्य किया गया ओजस्वी वक्ता के रूप में अनेकों महिलाओं ने महिला शशक्तिकरण, महिला की सुरक्षा, अधिकार महिलाओं का सम्मान व परिवार में महिलाओं की भूमिका के बारे में अपने व्यक्तव्य दिए शासकीय सेवा, राजनीति व समाज मे महिलाओं का योगदान के विषय मे विचार रखे गए। कार्यक्रम के मुख्य मार्गदर्शक लोकेश कुमार लिल्हारे जीएसटी कमिश्नर जबलपुर जोन रहे। आलोक के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनंतलाल दमाहे, प्रदेशाध्यक्ष एस.के. गिरिया महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती कामिनी राजपूत, प्रदेश संयोजक आरएस लोधी, आलोक प्रदेश कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिए ।



## तीन दिवसीय योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** किला वार्ड स्थित सांई मंदिर परिसर में पतंजलि महिला समिति द्वारा तीन दिवसीय योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं योग साधकों ने भाग लेकर योग प्राणायाम और स्वस्थ जीवनशैली की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। शिविर का उद्देश्य लोगों को योग एवं प्राकृतिक पद्धतियों के माध्यम से स्वस्थ रहने के लिए जागरूक करना रहा। शिविर के प्रथम दिवस महिला प्रभारी अर्चना देशमुख ने प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार, मंडूकासन, वक्रासन एवं कपालभाति प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास एवं संतुलित दिनचर्या अपनाकर शुगर जैसी बीमारियों को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। इस अवसर पर अध्यक्ष दयाशंकर जोशी ने आहार में संयम, नियमित दिनचर्या तथा एक्यूप्रेशर पद्धति के माध्यम से विभिन्न रोगों को नियंत्रित करने के उपायों की जानकारी दी। शिविर के तृतीय एवं समापन दिवस पर वरिष्ठ योग शिक्षक सुनील बाली एवं भारत स्वाभिमान अध्यक्ष रामगोपाल पटेल ने प्रतिभागियों को बीपी, हृदय रोग, फेफड़ों की समस्याओं तथा त्रिदोष नाशक योग क्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# कुर्मी समाज की जिला कार्यकारिणी घोषित



### सीबी पटैल बनें अध्यक्ष

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।**

कुर्मी समाज विकास संगठन के त्रैवर्षिक चुनाव स्वजातीय भाई बहनों के बीच में सर्वसम्मति से निर्विरोध संपन्न हुए। कुर्मी समाज विकास संगठन के हर 3 वर्ष में जिला कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया अपनाई जाती है। इसी प्रक्रिया के तहत बिंझिया स्थित स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल मंगल भवन में नवीन कार्यकारिणी का गठन संपन्न हुआ। निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने में राम भजन पटेल, कुंज बिहारी पटेल, कैलाश पटेल ,राजेंद्र चंद्रौल, श्रीमती संजू लता सिंगौर, श्रीमती रेखा सिंगौर, संजय पटेल आदि ने सहयोग प्रदान किया। सामाजिक प्रबुद्ध जनों एवं सैकड़ो मात्र शक्तियों की उपस्थिति में निर्वाचन की प्रक्रिया विधिवत संपन्न हुई। जिसमें निर्विरोध अध्यक्ष पद पर सी.बी. पटेल एडवोकेट को निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष के रूप में बसंत पटेल स्नेहा ट्रैक्टर मंडला, सुरेंद्र पटेल देवगांव, सुरेश चौधरी नेहा पैथोलॉजी एवं गणेश पटेल खैरी को उपाध्यक्ष के पद पर नवनिर्वाचित किया गया। सचिव के रूप में निर्मल पटेल नारा को दायित्व सौंपा गया। संयुक्त सचिव के रूप में कार्य करने के लिए चंदन पटेल को अवसर प्राप्त हुआ। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कुंदन पटेल मांद, संदीप सिंगौर बोरिया और अरविंद पटेल जंतीपुर को जिम्मेदारियां सौंपी गई। कोषाध्यक्ष के रूप में प्रियदर्शन पटेल को पुनः अवसर प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्ध जनों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक विकास की बात रखी। इस अवसर पर रघुनंदन पटेल, राजाराम पटेल, महेश पटेल, दादू भाई पटेल, बसंत पटेल ,केसरी पटेल, यदुनंदन सिंह पटेल आदि ने कार्यक्रम में अपने विचार रखे। सामाजिक संस्कारों के आयोजनों के संबंध में नारा से पधारे अमूल पटेल ने विचार रखते हुए समाज में नवीन चेतना लाने का प्रयास किया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में सीबी पटेल ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि हम समाज के विकास के लिए सदैव कार्य करते रहें और हमारा प्रयास होगा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर हम सामाजिक संगठन को सशक्त बनाने की बात रखते हुए उनके उत्थान की बात रखी।

## ट्रेक्टर पलटा, चालक की मौत



**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** मंडी में अपना अनाज खाली कर लौट रहा ट्रेक्टर चालक दुर्घटना का शिकार हो गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा पिंडरई के पास छिन्दा का बताया जा रहा है। ट्रेक्टर चालक मृतक सुरेंद भलावी निवासी ग्राम धराची चौकी पिंडरई का बताया गया है। जो छिन्दा मंडी में अनाज खाली कर लौट रहा था। अपना संतुलन खोकर मय ट्रैक्टर ट्रॉली सहित सड़क के पास की खाई में वह जा गिरा। जिसमें चारों चके ऊपर हो गए और मृतक ट्रेक्टर मर दब गया था । दुर्घटना स्थल पिंडरई से लगा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंचकर अग्रिम कार्यवाही कर रही है।

## बीजेगांव बांध में युवक डूबा

**नैनपुर(स्वतंत्र मत)।** पिंडरई के बीजेगाव डेम में एक युवक डूब गया। डेम में नहाते वक्त यह हादसा घटित हुआ। जिसकी सघन तलाश के बाद शव मिला । यह घटना झूलपुर नाव घाट की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि ग्राम झूलपुर बीजेगांव के मध्य थावर नदी डेम में झूलपुर नावघाट के पास नहाते समय ग्राम बीजेगांव का कैलाश उइके उर्फ चमरा पिता मेरसिंह उम्र लगभग 50 वर्ष जाति ओझा निवासी बीजेगांव डूब गया है । जिसकी रात दिन तलाश के बाद शव मिला शव परिक्षण के बाद परिजनों को शव सोपा गया।



## लोक अदालत में हुआ निराकरण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय मण्डला सहित तहसील न्यायालय नैनपुर, निवास एवं बिछिया में किया गया, जिसमें समझौता योग्य प्रकरणों के निराकरण के लिए 17 खंडपीठों का गठन किया गया। लोक अदालत में आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकरणों का निराकरण किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तपन धारगा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में बैंक के 27, विद्युत विभाग के 73, नगरपालिका के 68 तथा बीएसएनएल के 13 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इन प्रकरणों में कुल 20 लाख 23 हजार 224 रुपये की वसूली राशि प्राप्त हुई। वहीं न्यायालय में लंबित मामलों में समझौता योग्य न्यायालयीन लंबित मामलों में कुल 77 लाख 50 हजार 7 रुपये राशि के अवार्ड पारित किए गए। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में न्यायालय के लंबित 176 में से 174 प्रकरण तथा प्रीलिटिगेशन के 197 में से सभी 197 प्रकरणों का निराकरण किया गया।




## जल जीवन मिशन पर प्रशिक्षण कार्यशाला

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश जल निगम एवं परियोजना क्रियान्वयन इकाई मंडला के निर्देशन में जल जीवन मिशन के प्रचार-प्रसार एवं क्षमता वर्धन कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत बिछिया में दस्तावेज एवं लेखा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हालोन ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत आयोजित हुआ जिसमें सरपंच सचिव एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता तदर्थ समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन जैन विद्यासागर एजुकेशनल समिति द्वारा किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जनपद सदस्य सरिता मैडम, प्रबंधक जनसहभागिता श्रीमती सुशीला मरावी एवं अनीता तिवारी द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक जनसहभागिता श्रीमती सुशीला मरावी, अनीता तिवारी, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, सदस्य से परियोजना प्रबंधक रामललन विश्वकर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर खुशाल पटेल, परियोजना समंवयक रंजीत झारिया एवं कम्युनिटी मोबिलाइजर उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान सभी प्रतिभागियों को लेखा प्रशिक्षण संबंधी फोल्डर वितरित किए गए। टीम द्वारा पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से हालोन ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने योजना को लेकर सुझाव एवं आवश्यक निर्देश भी प्रदान किए। प्रबंधक जनसहभागिता श्रीमती सुशीला मरावी ने उपस्थित प्रतिभागियों को हालोन ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना को सफल बनाने हेतु लेखा संधारण की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए जिन क्षेत्रों में पेयजल ट्रायल रन प्रारंभ होना है वहां शीघ्र एग्रीमेंट पूर्ण कराने हेतु प्रेरित किया। वहीं आईएसए से परियोजना प्रबंधक रामललन विश्वकर्मा द्वारा सरपंच, समिति अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों को रिकॉर्ड कीपिंग एवं लेखा संधारण का प्रशिक्षण दिया गया।

## मैकल सुपरकिंग ने 41 रनो से की जीत दर्ज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला क्रिकेट संघ एवं मैकल क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए 1 मई से 15 दिवसीय क्रिकेट समर कैंप जारी है साथ ही एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट मैकल कप 2026 का शुभारंभ 9 मई से स्टेडियम ग्राउंड हो चुका है। टूर्नामेंट में तीन टीम शामिल हैं जो मैच लीग मैच खेल रही हैं सुबह 8 बजे से प्रारंभ हुए मैच में वरिष्ट खिलाड़ी भूपेंद्र चौधरी, मोहित तिवारी ने दोनों टीम के कप्तान के सामने टॉस किया जिसमे मैकल सुपरकिंग ने पहिले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। मैकल सुपरकिंग के पहिले विकेट जल्द गिरा किंतु बल्लेबाजी में बसंत ठाकुर 143 रनो की बदौलत 239 रनो का लक्ष्य सनराइजर्स को दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स के दो विकेट जल्द ही पवेलियन लौट गए किंतु युवराज यादव 45 एवं दक्ष पट्टा 31 ने साझेदारी कर रनो को बढ़ाया किन्तु बसंत ठाकुर की स्पिन, अभिषेक और देवांश की गेंदबाजी के सामने सनराइजर्स बिखरती चली गई अंत में यह मैच मैकल सुपरकिंग ने 41 रन से जीत लिया।

## न्यायालय तहसीलदार नैनपुर जिला मण्डला

क्रमांक/तह./प्रवा./2026/
नैनपुर दिनांक-05/05/26
प्र.क्र.-28(अ-20(3)/2025-26

**इश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खिरखिरी तहसील नैनपुर जिला मण्डला को सूचित किया जाता है कि ग्राम खिरखिरी प.ह.19 रा.नि.मं. पिण्डरई में स्थित भूमि ख.नं. 524. रकबा क्रमशः 1.00 मे से 111 वर्गमीटर हे. भूमि आंगनबाड़ी भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन के लिये आवेदक/विभाग संस्था महिला बाल विकास नैनपुर के द्वारा भूमि आवंटन की मांग हेतु आवेदन पत्र श्रीमान् कलेक्टर महो. मण्डला के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। अतः एतद द्वारा इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 20/5/2026 को दिन के 11 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार नैनपुर जिला मण्डला**

## न्यायालय तहसीलदार नैनपुर जिला मण्डला

क्रमांक/तह./प्रवा./2026/
नैनपुर दिनांक-05/05/26
प्र.क्र.-04(अ-20(3)/2025-26

**इश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धर्राची तहसील नैनपुर जिला मण्डला को सूचित किया जाता है कि ग्राम धर्राची प.ह.01 रा.नि.मं. पिण्डरई में स्थित भूमि ख.नं. 170. रकबा क्रमशः 0.0433 मे से 0.0100 हे.भूमि आंगनबाड़ी भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन के लिये आवेदक/विभाग संस्था महिला बाल विकास नैनपुर के द्वारा भूमि आवंटन की मांग हेतु आवेदन पत्र श्रीमान् कलेक्टर महो. मण्डला के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। अतः एतद द्वारा इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 20/5/2026 को दिन के 11 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार नैनपुर जिला मण्डला**

संपादकीय


# राजनीति का नाजुक दौर

बंगाल का 'केसरिया जनादेश' क्यों जरूरी था, अब यह समझ में आ रहा है। 'वॉशिंगटन पोस्ट', 'द इकोनॉमिस्ट', 'वॉल स्ट्रीट जनरल' सरीखे अमरीकी मीडिया में विश्लेषण छप रहे हैं कि भारत में प्रधानमंत्री मोदी को जो जनादेश मिले हैं, जितनी संख्या में वोट दिए गए हैं, वे वाकई अद्वितीय हैं। अर्थात किसी अन्य विश्व-नेता को इतने जनादेश हासिल नहीं हैं। इन विश्लेषणों के ये निष्कर्ष भी दिए गए हैं कि भारत 'एकदलीय' लोकतंत्र की ओर बढ़ रहा है। यह निष्कर्ष बिल्कुल गलत है, क्योंकि अब भी कई राज्यों में भाजपा 'नगण्य' है और वहां विपक्ष की सरकारें हैं। बहरहाल बंगाल के शपथ-ग्रहण समारोह के मंच से दो बिंब आंखों में ही बस गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के सबसे बुजुर्ग और पुराने कार्यकर्ता, 98 वर्षीय माखन लाल सरकार के पांव छुए और फिर उन्हें शॉल ओढ़ा कर गले लगा लिया। कितना संस्कारी और प्रेरक संदेश अभिव्यक्त हुआ होगा? माखनलाल 'जनसंघ' के संस्थापक और सर्वप्रथम नेहरू कैबिनेट में उद्योग-वाणिज्य मंत्री रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सहयोगी रहे हैं। उनके 'कश्मीर आंदोलन' के सहभागी रहे हैं और वहां 'तिरंगा' फहराने के कथित अपराध में उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। यह बिंब इतिहास और वर्तमान के संगम को साफ करता है। चूंकि बंगाल में पहली बार 'केसरिया सत्ता' हासिल हुई है, लिहाजा ऐतिहासिक क्षण थे, लिहाजा भाजपा के बहुत पुराने चेहरों को भी याद किया गया। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने मंच पर ही दंडवत प्रणाम कर बंगाल की जनता का आभार जताया कि उसकी बदौलत ही 'भगवा सरकार' आज सामने है। यह है भारत के लोकतंत्र की ताकत!

यह भारतीय राजनीति का सबसे नाजुक दौर है। विपक्ष के लिए तो अग्नि-परीक्षा का समय है। ममता बनर्जी भी आत्मचिंतन कर रही होंगी! यह प्रधानमंत्री मोदी की 'विशुद्ध राजनीति' हो सकती है, लेकिन आज तक किसी अन्य प्रधानमंत्री को ऐसी मुद्रा में नहीं देखा गया। आखिर वे भी राजनीति के जरिए ही प्रधानमंत्री बने थे। बहरहाल अब हालात ये हैं कि तृणमूल कांग्रेस के 14-15 सांसद ही गायब बताए जा रहे हैं। वे चुनाव में बिल्कुल निष्क्रिय रहे। यही नहीं, कुछ नवनिर्वाचित विधायकों ने ही 'दीदी' को आंख दिखाना शुरू कर दिया है। सवाल है कि चुनावी पराजय के बाद तृणमूल क्या बिखराव के मुहाने पर है? तृणमूल का बिखराव या टूटन अपनी जगह है, लेकिन विपक्ष का 'इंडी' गठबंधन आज कहां है? तमिलनाडु में द्रमुक की पराजय क्या हुई कि कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, वीसीके, आईयूएमएल आदि-छलांग लगाकर, पाला बदल कर, 'टीवीके' के समर्थन में चले गए। द्रमुक अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्टालिन ने इसे पीठ में छुरा घोंपने वाला विश्वासघात करार दिया है। यही नहीं, लोकसभा में द्रमुक सांसद कनिमोई ने स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिख कर आग्रह किया है कि उनकी सीटें बदल दी जाएं, क्योंकि अब कांग्रेस के साथ उनका गठबंधन नहीं रहा। बेशक उद्धव ठाकरे की शिवसेना हो या हेमंत सोरेन का झामुमो अथवा केजरीवाल की आम आदमी पार्टी और चुनाव तक ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस रही हो, सभी नेता विरोधाभासी, एक-दूसरे के खिलाफ आरोपिया बयान देते रहे हैं। अक्सर चुनाव भी साथ-साथ नहीं, एक-दूसरे के खिलाफ लड़ते रहे हैं। फिर 'इंडी' का राग क्यों अलापा जाता रहा है? 'इंडी' नेताओं की गाहे-बगाहे बैठकें तो होती हैं, लेकिन वे आपस में ही खाई खोदते रहे हैं। यदि यही स्थिति रही, तो 2029 के लोकसभा चुनाव का बिंब स्पष्ट दिखाई दे रहा है। तब तक आधी पार्टियां भाजपा-एनडीए में विलीन हो चुकी होंगी। लिहाजा अभी वक्त है कि विपक्ष को सबक सीखना चाहिए।

## भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन

# उत्थान और पतन की अकथ-कथा



डॉ. सुधीर सक्सेना
लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं

शुरूआत सचमुच शानदार थी। भारत ब्रिटेन का उपनिवेश था; दमन, शोषण और दीनता का शिकार दास राष्ट्र। महात्मा गांधी विश्व-इतिहास के अलीक-योद्धा के तौर पर परिदृश्य में उभर रहे थे। सारा राष्ट्र आजादी के लिये व्यग्र था। ऐसे में एक नये वैचारिक-आंदोलन ने भारत में प्रवेश किया और सर्वथा अलहदा मिजाज की एक पार्टी ने भारत में जन्म लिया। इसमें केन्द्रीय और अग्रणी भूमिका थी एमएन राय यानि मानवेंद्र नाथ राय की, जिन्हें सोवियत संघ जैसे विशाल राष्ट्र के सर्वेसर्वा बलादिमीर इलिच लेनिन का संग-साथ और विश्वास हासिल था। हुआ यह कि 17 अक्टूबर, सन 1920 को पामीर पार ताशकंद में कम्युनिस्ट इंटरनेशनल की दूसरी कांग्रेस की बैठक हुई और इसने भारत में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के गठन की पूर्वपीठिका रच दी। विचार मंथन और सांगठनिक प्रयासों के बाद अंततः 25 दिसंबर, सन 1925 को भारत के मैनचेस्टर कानपुर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का गठन हुआ। इसके शुरूआती नेताओं में एमएन राय के अलावा अबनि मुखर्जी, मोहम्मद अली और शफीक सिद्दिकी प्रमुख थे।

25 दिसंबर, सन 2025 से काल गणना करें तो भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन की एक सदी पूरी हो चुकी है। इस मान से यदि एक शती के वृत्तांत यानि कम्युनिस्ट आंदोलन के हश्र को बांचें तो बहुत दिलचस्प चटख और धूमिल रंगों का कोलाज उभरता है। बालीवुड की फिल्म की तर्ज पर हम इसे राइज एण्ड फाल आफ कम्युनिस्ट मूवमेंट-कम्युनिस्ट आंदोलन का उत्थान और पतन भी कह सकते हैं। इस वृत्तांत में लंबे रक्तिम संघर्ष हैं और गर्वीली सफलतायें भी। वहां विफलतायें हैं और बिखराव भी। वहां विमर्श है और विभ्रम भी। संघर्ष, निष्ठा, समर्पण, बलिदान और अनेक महत्वपूर्ण योगदानों के बावजूद इसकी अंततः शोकांतिका में परिणिति विस्मयकारी है, जो बहुतों को शोकाकुल करती है, तो बहुतों को हर्षित भी। क्या वजह है कि ऐसा हुआ? क्या ऐसा होना वृहत्तर समाज के स्वास्थ्य और भविष्य के लिहाज से सुखद है अथवा इसे विडंबना या त्रासदी माना जाये।

विश्व कम्युनिस्ट आंदोलन और भारत के रिश्तों से शुरू करें तो कई अहम निष्कर्ष निकलते हैं। आंदोलन के प्रणेता कार्ल मार्क्स पहले मनीषी हैं, जिसने सन 1857 के अंग्रेजों द्वारा प्रचारित गदर को स्वतंत्रता संग्राम की संज्ञा दी। मार्क्स की भारत के इतिहास में गहरी रूचि थी और वह भारत की आजादी के हिमायती थे। इसमें कोई शक नहीं कि बीसवीं सदी विश्व स्तर पर वाम विचारों की सदी थी और इसने सभी महाद्वीपों में करोड़ों लोगों को वैचारिक तौर पर प्रभावित और आंदोलित किया। श्रमिकों, लेखकों और कलाकारों पर इसका प्रभाव अभूतपूर्व था। श्रम की महत्ता और गरिमा का पाठ प्रस्तुत कर इसने अनेक देशों में कू-दे-ता (तख्तापलट) की स्थितियां पैदा कीं; साहित्य कला और संस्कृति में नये आंदोलन उपजाये, पूंजीवादी-ईमान को डगमग किया, श्रमिकों के लिए बेहतर वातावरण सृजित किया, पारंपरिक रूढ़ियों के प्रति असंतोष उपजाया, उपनिवेशवाद के खिलाफ अलख जगाई और युवा वर्ग की आंखों में नये सपने आंजे। उसने गैर-बराबरी के खिलाफ बराबरी, शोषण के खिलाफ मुक्ति और दासता के खिलाफ स्वतंत्रता की हिमायत की। यह विश्व इतिहास में परंपरा और रूढ़ियों के खिलाफ विचलन और हस्तक्षेप का सर्वथा भिन्न और अपूर्व उपक्रम था। हम स्तालिन, गोर्की, चेखव, माओ, होची मिन्ह, चेग्वेरा, कास्त्रो, नाजिम, हिकमत, फैज, रेजिस द ब्रे, चार्ली चैप्लिन आदि की बात न कर यदि भारतीय परिदृश्य पर भी दृष्टिपात करें तो बड़े और सितारा नेताओं, कवियों, कलाकारों, दार्शनिकों और कार्यकर्ताओं में कौन है, जिसे सोवियत क्रांति अथवा साम्यवादी विचारों व आंदोलनों ने प्रभावित नहीं किया? पं. नेहरू से लेकर भगत सिंह तक, रबींद्रनाथ ठाकुर से लेकर प्रेमचंद तक, राजकपूर से लेकर बलराज साहनी तक, माखनलाल चतुर्वेदी से लेकर गणेश शंकर विद्यार्थी तक नामों की एक अछोर कतार है, जिन्हें साम्यवादी विचारों ने आलोड़ित किया। शहीदे आजम भगत सिंह तो फांसी के तख्ते की ओर जाने से कुछ क्षण पहले तक लेनिन की जीवनी पढ़ रहे थे....

और लेनिन? लेनिन तब नहीं थे, लेकिन बड़ी बात यह है कि लेनिन क्या थे? लेनिन भारत से गेहरे प्रेम में डूबी हुई - महान क्रांतिकारी शख्सियत थे। उन्होंने बंगाल विभाजन के विरोध में लिखा, जालियांवाला कांड की निंदा की, तिलक को मांडले जेल भेजन का विरोध किया, महात्मा गांधी की अगुवाई में आजादी की लड़ाई का समर्थन किया, भारत में अकाल पर अंग्रेज-नीतियों की निंदा की और भगत सिंह जैसे महान क्रांतिकारी समेत सैकड़ों युवकों के विचारों को प्रवलित किया।

निश्चित ही, लेनिन अपने प्रति भारतवासियों के बेहतर सोच और सलूक के हकदार हैं। बाद के दौर को देखें तो भी सोवियत और फिर रूस के शासक और जन भारत के प्रति प्रेम, सम्मान और सदिछा रखते हैं। चाहे बुल्गानिन, ब्रेभनेव, खुश्चेव और कोसीगिन रहे हों या फिर पुतिन। बावजूद इन संदर्भों के भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन बिखरता गया। उन्होंने यत्नपूर्वक ट्रेड यूनियनों को संगठित किया, इंडियन कॉफी हाऊस जैसे दर्जनों संस्थाओं के हेतु बने, सन 1957 में केरल में पहली निर्वाचित सरकार का गठन हुआ, पश्चिम बंगाल में कई दहाइयां उनके लाल झंडे के तले बीतीं, देवेगौड़ा और गुजराल की केन्द्रीय सरकारों में उनकी भागीदारी रही, साहित्य और कला के लोक में उनकी केंद्रीय इयत्ता रही, लेकिन मोटे तौर पर बीती पाव सदी में भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन का शीराजा बिखरता गया। क्यों?

भारत में कम्युनिस्टों का इतिहास आंदोलनों का इतिहास है। आंदोलन यानि संघर्ष। संघर्ष यानि विचलन। विचलन यानि मौजूदा स्वरूप, मौजूदा ढांचे मौजूदा समीकरणों के स्थान पर नया स्वरूप, नया ढांचा, नये समीकरण। यानि परिवर्तन। यथास्थिति नहीं, बदलाव। जड़त्व नहीं गतिज। नयी वैचारिकी। नया उन्मेष। अब परंपरा के सन्दर्भ में इन परिवर्तनों की भूमिका पर गौर करें। एक बंद रूढ़िग्रस्त समाज में ग्लासनोस्त (खुलापन) और पिरिस्त्रोइका (पुनर्रचना) की जरूरत, उसके प्रति पारंपरिक सोच और तजन्य प्रतिकार पर तवजो दें। हश्र के वजूहात स्पष्ट हैं। जहां परिवर्तन के बजाय परंपरा श्रेष्ठ और श्रेयस्कर हो, वहां आप कब तक और कहां तक जूझेंगे? संघर्ष जब थकता है, तो सुविधा मांगता है। हर कौम, नस्ल और समाज का अपना डीएनए होता है। भारत में कम्युनिस्ट विचारधारा को देशी बागीचे में विदेशी बेल या विजातीय प्रजाति माना गया। रूपक गढ़ा गया कि जब मस्क्रा में बारिश होती है तो भारत में कम्युनिस्ट अपनी छतरियां खोल लेते हैं। यह नैरेटिव भी पनपा कि भारतीय कम्युनिस्टों का रिमोट कंट्रोल मस्क्रा और बीजिंग के हाथों में है। भारत में कम्युनिस्टों की विफलता का एक बड़ा मुद्दा उनकी धार्मिक सोच भी रहा। एक धर्मप्राण राष्ट्र में धर्म को अफीम बताना लोगों के गले नहीं उतरा। यह बात भी घर-घर फैलाई गई कि कम्युनिस्ट राज में तो सब कुछ सरकारी है। नौकरी भी और बचे भी। कम्युनिस्ट आयेंगे तो मंदिर बंद हो जायेंगे और बचों को सरकार छीन लेगी। और आपकी संपत्ति भी आपकी नहीं होगी। स्पष्ट है कि ये नैरेटिव काम कर गये। एक धर्मप्राण आस्था से परंपराजीवी महादेश में परिवर्तन के ध्वजवाहक सफलता की पताकायें कहां फहराते? मेरा निजी अनुभव है कि परंपरा पोषक कर्मकाण्डी घरों में साला कम्युनिस्ट गाली की तरह इस्तेमाल होने लगा। भारतीय समाज में वैसे भी तर्क के लिये कम ठौर रहा है। कम्युनिस्टों की गलती रही या मूर्खता कि वे साम्यवादी सोच या विचारधारा को भारतीय या देशज शब्दावली और सांचे में नहीं ढाल सके और कई बार उन्होंने राष्ट्रीय परिस्थितियों को नजरंदाज कर तदनुरूप निर्णय लेने के बजाय ऊपरी निर्देश पर फैसले किये। वे बूर्ज्वा, वर्ग संघर्ष, सर्वहारा की आयातित शब्दावली में उलझे रहे। नतीजतन उनका दायरा सीमित रहा। वे अंदरूनी इलाकों या वृहत्तर भूभाग में जमीन नहीं गोड़ सके।

ऐसा नहीं है कि भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन की पंजी में चमकीली घटनाएं या चेहरे नहीं हैं। आज की दलदली राजनीति में कम्युनिस्ट नेता ही हैं, जो भ्रष्टाचार के आरोपों से कभी नहीं बिंधे। योति बसु का प्रधानमंत्री बनने से इंकार भारतीय राजनीति की विरल घटना है। भारत में जब भी आंदोलनों का इतिहास लिखा जायेगा, तेभागा और तेलंगाना आंदोलन, नलगोंडा, वारंगल और खम्मम का कर्ज माफी आंदोलन, नक्सलबाड़ी संघर्ष का भी जिक्र होगा। इसी विचार ने हमें इंकलाब जिंदाबाद, दुनिया के मजदूरों एक हो, हर जोर जुलम की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है, रोटी कपड़ा लेकर रहेंगे जैसे नारे दिये। इसी ने हमें हम होंगे कामयाब और वो सुबह कभी तो आयेगी जैसे गीत और साहिर और शैलेन्द्र जैसे अनेक बड़े गीतकार दिये। इसी ने पत्रकारों को श्रमजीवी के खाने में वर्गीकृत किया। कम्युनिस्टों ने हमें नंबूदरीपाद, बीटी रणदिवे, एके गोपालन, श्रीपाद अमृत डांगे, पीसी जोशी, अजय घोष, हरकिशन सुरजीत, योति बसु, अयुत मेनन, इंद्रजीत गुप्त, प्रकाश कारंत, वृंदा करात, जैसे बेदाग चेहरे दिये। मगर आज कम्युनिस्ट पार्टियों का फलक बेनूर है। वह बार-बार विघटन और विभाजन की भी शिकार रही। कांग्रेस ने उसे पोसा भी और ग्रसा भी। कम्युनिस्ट पश्चिम बंगाल तो पहले ही गँवा चुके थे, चार मई को उनका केरल का अंतिम लाल किला भी ढह गया। भारत नक्सलमुक्त हो चुका है। एक शती के बाद के पहले वर्ष में उनका यह हश्र भारतीय राजनीति का काबिलेगौर अध्याय और पाठ है, लेकिन चीजें लौटती हैं। नये-नये रंग रूपों में। और फिर विचार मरा नहीं करते। वे फीनिक्स पक्षियों की मानिंद होते हैं। परंतु इतिहासजन्य ताजा सच यही है कि कम्युनिस्ट विचारधारा के लिए भारत की माटी तो मुफीद थी, लेकिन आबोहवा अनुकूल नहीं बैठी।

# विजय की 'शपथ यात्रा' प्रारम्भ



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

तमिलनाडु की राजनीति में एक नये दौर की शुरूआत हो रही है जिसे 'विजय काल' कहा जा रहा है। लोकतन्त्र में ऐसे दौर आते रहते हैं, जब राजनीति पुराने समय के चंगुल से पीछा छुड़ा कर नये समय की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार होती है। ऐसा ही हमने प. बंगाल में देखा जहां आजादी के बाद पहली बार भाजपा के नेतृत्व में शुभेन्दु सरकार कल गठित हुई। यह जीवन्त लोकतन्त्र की निशानी भी होती है क्योंकि लोकतन्त्र निरन्तर बदलाव मांगता रहता है अतः इसमें कभी भी विकल्पों की कमी नहीं होनी चाहिए। भारत की बहुदलीय प्रशासनिक प्रणाली का राज भी यही है कि इसमें जनता जरूरत पड़ने पर अपने विकल्प स्वयं तैयार कर लेती है क्योंकि अन्ततः जनता ही लोकतन्त्र की मालिक होती है। तमिलनाडु में 'थल्लापति' के नाम से विख्यात लोकप्रिय फिल्म अभिनेता 'चन्द्रशेखरन जोसेफ विजय' की 2024 में ही गठित 'तमिलगा वेत्री कषगम' पार्टी ने जो जीत हासिल की है वह राज्य के स्थापित राजनीतिक दलों द्रमुक व अन्ना द्रमुक की नींद उड़ाने वाली है।

234 सदस्यीय विधानसभा में उनकी पार्टी को 108 स्थान मिले हैं, जो कि सर्वाधिक हैं। अतः श्री विजय का ही संवैधानिक अधिकार बनता था कि वह चुनावों के बाद राज्य में लोकप्रिय सरकार बनायें। मगर राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उनसे कहा कि वह पहले बहुमत के लिए आवश्यक 118 सदस्यों की सूची उन्हें दें तभी वह स्थायी सरकार बना सकते हैं। श्री विजय को इस काम में पूरे पांच दिन लग गये और इस दौरान उन्होंने चार बार राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा ठोका लेकिन राज्यपाल ने उन्हें तभी सरकार बनाने का न्यौता दिया जब वह आश्वस्त हो गये कि श्री विजय को कम से कम 118 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। इस काम में हाल तक सत्तारूढ़ द्रमुक गठबन्धन के नेता श्री एम.के. स्टालिन ने उनकी परोक्ष मदद भी की और अपने गठबन्धन की वी.सी.के. व मुस्लिम लीग पार्टियों को छूट दी कि वे विजय सरकार का समर्थन कर सकती है और साथ ही द्रमुक गठबन्धन में भी रह सकती हैं। श्री स्टालिन ने कहा कि विधानसभा में दूसरा सबसे बड़ा दल होने के नाते उनकी पार्टी रचनात्मक विपक्ष की भूमिका अदा करेगी। इससे पहले ही श्री राहुल गांधी की कांग्रेस के पांच विधायकों ने विजय की पार्टी 'टीवीके' को अपना समर्थन द्रमुक गठबन्धन में रहते हुए ही दे दिया था। साथ ही दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों के चार विधायकों ने भी विजय का समर्थन किया था। वी.सी.के. व मुस्लिम लीग के चार विधायकों को मिलाकर श्री विजय के समर्थकों की संख्या 121 हो गई (हालांकि वस्तुगत तौर पर संख्या 120 रही क्योंकि श्री विजय दो सीटों से चुनाव जीते हैं)। यह सब जुगाड़ करने में श्री विजय को पांच दिन का समय लग गया तब जाकर 9 मई को राज्यपाल ने उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ चेन्नई के नेहरू सभागार स्थल पर दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी की उपस्थिति उल्लेखनीय कही जायेगी क्योंकि नये मुख्यमन्त्री व राहुल गांधी में पुरानी दोस्ती बताई जाती है।

श्री विजय ने मुख्यमन्त्री पद की शपथ लेने के बाद मुख्यमन्त्री सचिवालय पहुंच कर जो सबसे पहले तीन आदेश पारित किये हैं उनसे लगता है कि वह अपने चुनावी वादों को जल्द से जल्द पूरा करना चाहते हैं। ये तीन आदेश हैं 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, प्रत्येक जिले में नशा विरोधी दस्ता और महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष पुलिस। इसके साथ ही उन्होंने चुनावों में और भी आर्थिक मदद देने के वादे किये हैं जिनके बारे में कहा जा रहा है कि वह राज्य की अर्थव्यवस्था के बारे में पहले एक श्वेत पत्र' जारी करके उनके बारे में विचार करेंगे। राज्य पर फिलहाल नौ लाख करोड़ रुपए से ऊपर का ऋण है।

दरअसल श्री विजय को उनकी फिल्मी छवि के अनुसार राज्य की जनता 'जन नायगम् और थल्लापति' कहती है जिसका मतलब होता है लोकनायक और कमांडर। इस प्रकार उनकी छवि एक महानायक की बनी हुई है, अतः राज्य का प्रशासन चलाते हुए उन्हें अपनी जन छवि का भी विशेष ध्यान रखना होगा जो कि वर्तमान राजनीतिक दौर में आसान काम नहीं है। वैसे अगर राज्य की राजनीति के इतिहास को देखें तो उनसे पहले भी फिल्मी हस्तियां राज्य की मुख्यमन्त्री रही हैं जिनमें फिल्मी गीतकार व पटकथा लेखक स्व. एम. करुणानिधि से लेकर अभिनेता एम.जी. रामचन्द्रन व अभिनेत्री जयललिता के नाम आते हैं।

ये 1969 से लेकर जीवन पर्यन्त मुख्यमन्त्री बनते और उतरते रहे मगर राज्य की राजनीति इन्हीं तीन व्यक्तित्वों के उत्तराधिकार पर ही चलती रही। इस दौरान फिल्म अभिनेता विजयकान्त व कमल हासन ने भी अपनी-अपनी पार्टियां गठित करके राजनीति में भाग्य आजमाया मगर इन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी। इनमें से विजयकान्त तो तमिलनाडु विधानसभा में एक बार विपक्ष के नेता जरूर बनने में सक्षम हो सके मगर वह सत्ता की धुरी नहीं बन सके। कमल हसन को तो अन्ततः राज्यसभा सदस्य बनने के लिए द्रमुक की शरण में ही जाना पड़ा। इनके बाद श्री विजय एक मात्र ऐसे अभिनेता से नेता बने व्यक्ति हैं जिन्होंने अपनी लोकप्रियता के बूते पर राजनीति को अपनी चेरी बनाने में सफलता हासिल की है और तमिलनाडु की राजनीति से जाति व वर्गवाद को समाप्त करके सही मायनों में सामाजिक न्याय व धर्मनिरपेक्षता को स्थापित करने का संकल्प किया है। उनके साथ टी.वी.के. के जिन अन्य नौ विधायकों ने शपथ ली है वे भी तमिल समाज की इसी विविधता को दर्शाते हैं।

# सीपीआर नामक आधुनिक संजीवनी सब सीखें



दिनेश चन्द सागर
(एडवोकेट)

लेखक-भूतपूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक (वीरता के लिए पुलिस पदक और प्रथम बार, अनेक राष्ट्रीय व राजकीय सम्मानों से अलंकृत।)

आज के तनावपूर्ण जीवन में कार्डियक अरेस्ट की घटनाएं युवाओं में भी तेजी से बढ़ रही हैं। जब हृदय अचानक धड़कना बंद कर देता है, तो मस्तिष्क तक ऑक्सीजन पहुंचना रुक जाता है। ऐसे संकट में सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) एक आधुनिक संजीवनी की तरह काम करता है, जो डॉक्टर के आने से पहले किसी व्यक्ति को जीवनदान दे सकता है।

### जीवन बचाने के प्रभावी चरण (C-A-B)

**कंप्रेशन-** मरीज को सख्त जमीन पर लिटाएं। अपनी हथेलियों को छाती के बीच में रखकर पूरी ताकत से 2 से 2.4 इंच तक दबाएं। रफ्तार 100-120 बार प्रति मिनट रखें।

**एयरवे -**
सिर को पीछे झुकाएं और ठुड्डी ऊपर उठाएं ताकि सांस की नली खुल जाए।

**ब्रीदिंग-**
यदि संभव हो, तो हर 30 बार छाती दबाने के बाद 2 बार मुंह से सांस दें। केवल छाती दबाना भी अत्यंत प्रभावी है।

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के लिए विशेष परामर्श

वर्तमान में डिजिटल युग में एक चिंताजनक प्रवृत्ति देखी जा रही है-सड़क पर किसी को तड़पता देख लोग सहायता करने के बजाय मोबाइल से रील्स या वीडियो बनाने में जुट जाते हैं। सोशल मीडिया के रचनाकारों से मेरा विशेष आग्रह है कि वर्चुअल व्यूज से ऊपर वास्तविक जीवन की कीमत है। संकट के क्षणों में कैमरा बाद में खोलें, पहले एक इंसान होने के नाते मदद के लिए हाथ बढ़ाएं। आपकी संवेदनशीलता और त्वरित कार्यवाही किसी का जीवन बचा सकती है, जो किसी भी वायरल कंटेंट से कहीं अधिक मूल्यवान है।

### कानूनी सुरक्षा और सामाजिक दायित्व

बतौर पूर्व पुलिस अधिकारी, मैं आश्वस्त करना चाहता हूँ कि गुड सेमेरिटन लॉ के तहत सहायता करने वाले व्यक्ति को पूरी कानूनी सुरक्षा प्राप्त है। आपको किसी भी अदालती कार्यवाही या पूछताछ का भय रखने की आवश्यकता नहीं है।

### निष्कर्ष

विकसित भारत 2047 के संकल्प में जागरूक नागरिक की भूमिका अहम है। सीपीआर का ज्ञान हर नागरिक का कर्तव्य होना चाहिए। संकट के समय घबराएं नहीं, निडर होकर आगे आएं और इस जीवन रक्षक कौशल को अपनाएं। आपकी दो हथेलियां किसी

# झालमुड़ी ने कभी सोचा नहीं होगा कि वो सरकार भी बनवा सकती है...




बंगाल विधानसभा चुनावों में झालमुड़ी पर जितनी चर्चा हुई उतनी और किसी बात पर नहीं हुई। ये झालमुड़ी बंगाल का मुरमुरे, कच्चे सरसों के तेल, भुनी मूंगफली, प्याज, हरी मिर्च और कई तरह के मसालों को मिलाकर तुरंत बनाया जाने वाला प्रसिद्ध तीखा और चटपटा स्ट्रीट फूड है। बंगाली भाषा में झाल मतलब तीखा और मुड़ी मतलब मुरमुरा। समझ लो कि भेलपूरी की तरह ही होता है लेकिन इसमें सरसों के तेल का इस्तेमाल इसे बंगाली स्वाद देता है। पेट के लिए हल्का होता है और स्वाद में एकदम धमाकेदार। कलकत्ता ही नहीं लगभग पूरे बंगाल में जगह जगह इसकी दूकानें मिलती हैं।

हुआ यूं कि चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ऐसे ही एक झालमुड़ी स्टाल पर पहुंच गए। दस रुपए की झालमुड़ी खाई और लगे हाथ अपने चिर-परिचित अंदाज में दूकान वाले से कुछ बातें भी कर डालीं। बस इतना सा मामला राजनीतिक व्यंग्य और चुनावी कूटनीति का सबसे तीखा हथियार बन गया। सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आ गई और खुद ममता बैनर्जी भी अपने भाषणों में इसकी चर्चा करना नहीं भूलीं। इस दस रुपए की मुई झालमुड़ी ने हिंदू मुस्लिम, बेरोजगारी, गरीबी, रेवड़ी और पता नहीं क्या क्या, सबको पीछे छोड़ दिया।

बहरहाल चुनाव के नतीजे आए और भाजपा की शानदार जीत ने दीदी के अरमानों पर पानी फेर दिया। विपक्ष का एकक्षत्र नेता बनकर प्रधानमंत्री मोदी का विकल्प बनने का ख्वाब देख रहीं ममता दीदी के पांव? अपनी खुद की जमीन से उखड़ गए। भारतीय लोकतंत्र की शाश्वत परंपरा निभाते हुए अब जहां देखो बंगाल चुनाव की चर्चा है। तरह तरह की व्याख्याएं हो रही हैं और इस विजय की प्रमुख सूत्रधार रही झालमुड़ी पर चर्चा लगातार जारी है। अपन को लगता है कि घाघ नेता अगले चुनावों की रणनीति में स्थानीय व्यंजनों को शामिल करने की होड़ में जुट गए हैं। सूचियां बनने लगी हैं कि किस राय से क्या उठाया जाए? मंगोडे, फुल्की, पकौड़ी, भाजीबड़ा, आलू बंडा, सगोड़ा, गटपट, चाट,भेलपुरी, डोसा, समोसा वाले अपने अपने ठेले चमकाने में लग गए हैं। क्या भरोसा कल? किस्मत? मेहरबान हो जाए और दस रूपए की बिक्री के साथ प्रधानमंत्री मोदी से मन की बात करने का मौका भी हाथ लग जाए। वैसे एक बात तो है कि झालमुड़ी ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि वो अपने दम कर किसी राय में सरकार भी बनवा सकती है

### अब व्यवहार सिखा रहे है

केंद्रीय कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने रायों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि अधिकारियों को सांसद और विधायकों के साथ व्यवहार का तरीका सिखाया जाए। 75 से अधिक वर्षों के प्रजातंत्र में अचानक यह आवश्यकता क्यों आन पड़ी, यह शोध का विषय है। लगता है कि हाल ही में नेताओं और अफसरों के बीच टकराव के बढ़ते मामलों को गंभीरता से लिया गया है। ऐसे निर्देश पिछले चार महीने में दूसरी बार जारी हुए हैं। निर्देशों को जिला स्तर तक के हर अधिकारी तक पहुंचाने के आदेश है। इसका मतलब है कि अफसरों पर इन निर्देशों का कोई असर नहीं हुआ दरअसल अफसर सोचता है कि ये सांसद और विधायक एक टेंपररी फेस है पांच साल बाद कौन कन्हा होगा ये तो वे भी नहीं जानते लेकिन अपन को तो तीस पैंतीस साल राज करना है इसलिए इनको काहे को तवजो दें। ये बात सही है कि लोकतंत्र में जनमत से चुने गए सांसद और विधायक निस्संदेह महत्वपूर्ण हैं। मगर कार्यपालिका और सरकारी अफसरों, कारिंदों का भी अपना महत्व है जिसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। यह कार्यपालिका ही है जो शासन की जनोपयोगी नीतियों को अमली जामा पहनाती? है। इन दोनों व्यवस्थाओं में टकराव नीतियों का क्रियान्वयन प्रभावित करता है। बीच में वह आम आदमी पिसता है जिसके पैसे से विधायिका और कार्यपालिका दोनों का निजाम चलता है। यह टकराव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और अफसरों के टकराव तक ही सीमित नहीं है। निर्वाचित जनप्रतिनिधि बनने से चूक गए बड़े स्तर के नेताओं को तो छोड़िए छुटभैया नेता भी अफसरों के साथ टकराव से बाज नहीं आते। चुनाव बिसात और पार्टियों की अंदरूनी राजनीति में इनका अपना महत्व होता है सो संग्राम में कूद पड़ना निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की मजबूरी बन जाती है।

सरकार ने चुने हुए जन प्रतिनिधियों की सुध तो ले ली। अपन का सोचना है कि अब पार्टियों को भी अपने कार्यकर्ताओं को अफसरों के साथ गरिमामय व्यवहार का तरीका सिखाने के लिए दिशानिर्देश जारी करना चाहिए। जरूरी है कि ऐसे व्यर्थ के टकराव टाले जाएं और बजाय लड़ाई झगड़ों के सब मिलकर उस आम आदमी के लिए काम करें जो बीच में व्यर्थ ही पिसता है। लेकिन ऐसा होगा नहीं क्योंकि जनता तो उस गेहूं की तरह है जिसे चक्की के दोनों पाटों के बीच पिसना पड़ता है और वो ऐसे ही पिसती रहेगी

### पिता तो पिता ही होता है

लोग बाग बड़ा हल्ला मचा रहे हैं कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा से परिवारवाद के घोर विरोधी रहे तो फिर उन्होंने अपने बेटे को बिहार सरकार में मंत्री क्यों बनवा दिया? अरे भैया ये तो सोचो बाप आखिर बाप ही होता है हर बाप का यही सपना होता है कि उसका बेटा कहीं ना कहीं सेट हो जाए और फिर राजनीति तो ऐसी चीज है कि भले ही आपको कुछ आता हो या ना आता हो अगर आपके पिता राजनीति में बड़े ओहदे पर हैं तो समझ लो आपका तो फ्यूचर बन गया, नीतीश कुमार भी आखिरकार एक पिता हैं जब तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे तब तक बेटे को लेकर निश्चिंत थे लेकिन जब से बिहार से नाता टूटा है तब से उनको यही चिंता लग रही होगी कि मेरे बेटे का क्या होगा? भले ही वे जिंदगी भर परिवारवाद के विरोध में रहे हों लेकिन जब अपने पर आती है तो सारे विरोध गायब हो जाते हैं । जनता दल यू वाले सफाई दे रहे हैं की भाई वो तो पार्टी के कार्यकर्ताओं की मांग थी की निशांत जी को राजनीति में आना चाहिए ,चलो मान भी ले उनकी बात ,तो संगठन में आ जाते हैं जनता दल यू तो बहुत बड़ा दल है कुछ साल एक कार्यकर्ता की तरह पार्टी की सेवा करते लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे थे तो सीधे मंत्री बन गए । वैसे अपने को इससे कोई शिकायत नहीं है क्योंकि डॉक्टर का बेटा डॉक्टर, वकील का बेटा वकील, व्यापारी का बेटा व्यापारी, अफसर का बेटा अफसर बनता है तो फिर मुख्यमंत्री का बेटा यदि मंत्री बन गया तो इसमें काहे का ऐतराज लेकिन ये बात अलग है कि डॉक्टर के बेटे को डॉक्टरी पास करने के लिए पांच साल लगते हैं वकील के बेटे को भी एलएलबी करने में पांच साल लगते हैं व्यापारी का बेटा बचपन से दुकान बैठता है तब व्यापारी बन पाता है अफसर का बेटा भी पीएससी, यूपीएससी पास करता है तब अफसर बन पाता है लेकिन नेता का बेटा हजारों कार्यकर्ताओं के सिर पर पैर रखकर सीधा विधायक मंत्री सांसद बन जाता है बस इतना फर्क है। और वो ही निशांत कुमार ने किया।

# ताइवान के करीब फिर दिखी चीन की घेराबंदी लड़ाकू विमानों और युद्धपोतों ने बढ़ाई हलचल

नई दिल्ली

ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को जानकारी दी है कि द्वीप के चारों ओर चीन की सैन्य गतिविधियों में अचानक तेजी आई है। मंत्रालय के अनुसार, पिछले 24 घंटों में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के कई विमानों और युद्धपोतों की आवाजाही दर्ज की गई है, जिससे इस क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनाव एक बार फिर गहरा गया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 6 बजे तक ताइवान के आसपास चीन के 7 सैन्य विमान, 5 नौसैनिक जहाज और 1 आधिकारिक सरकारी जहाज सॉर्टी करते देखे गए। मंत्रालय ने नोट किया कि कुल 7 विमानों में से 5 ने दोनों क्षेत्रों के बीच की अनौपचारिक सीमा मिडियन लाइन को पार किया और ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया। ताइवान की सेना ने कहा कि वे स्थिति की निरंतर निगरानी कर रहे हैं और सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत उचित जवाब दिया गया है। चीन की यह आक्रामक गतिविधि केवल सोमवार तक सीमित नहीं थी, बल्कि पूरे सप्ताहांत में भारी सैन्य उपस्थिति दर्ज की



गई। रविवार को ताइवान के क्षेत्रीय जल क्षेत्र के आसपास 12 चीनी सैन्य विमान, पांच नौसैनिक जहाज और एक सरकारी जहाज देखे गए थे। इनमें से 9 विमानों ने मिडियन लाइन को पार कर ताइवान के हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की थी। इसी तरह, शनिवार को भी ताइवान ने 8 चीनी सैन्य विमानों, 6 नौसैनिक जहाजों और 2 आधिकारिक जहाजों की उपस्थिति का पता लगाया था। शनिवार को घुसपैठ की गंभीरता अधिक थी क्योंकि सभी 8 विमानों ने सीमा पार कर ताइवान के मध्य, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी वायु रक्षा क्षेत्रों में प्रवेश किया था।

ताइवान पर चीन का दावा एक अत्यंत जटिल मुद्दा है, जिसकी जड़ें ऐतिहासिक, राजनीतिक और कानूनी तर्कों में समाहित हैं। बीजिंग का आधिकारिक रुख यह है कि ताइवान चीन का एक अविभाज्य हिस्सा है। यह दृष्टिकोण चीन की राष्ट्रीय नीति का आधार है और इसे वहां के घरेलू कानूनों और अंतरराष्ट्रीय बयानों के माध्यम से पुरजोर तरीके से उठाया जाता है।

दूसरी ओर, ताइवान एक स्वतंत्र पहचान बनाए रखता है। उसकी अपनी चुनी हुई सरकार, स्वतंत्र सेना और सुदृढ़ अर्थव्यवस्था है, जो एक स्वतंत्र राष्ट्र की तरह कार्य करती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ताइवान की स्थिति संप्रभुता, आत्मनिर्णय और गैर-हस्तक्षेप के सिद्धांतों की परीक्षा ले रही है। ताइवान पर चीन के दावे का इतिहास 1683 से शुरू होता है जब किंग राजवंश ने इस द्वीप को अपने साम्राज्य में मिलाया था। हालांकि, 1895 में पहले चीन-जापान युद्ध के बाद चीन को यह द्वीप जापान को सौंपना पड़ा, जिसके बाद ताइवान 50 वर्षों तक जापानी उपनिवेश रहा।

द्वितीय विश्व युद्ध में जापान की हार के बाद ताइवान वापस चीनी नियंत्रण में आ गया, लेकिन संप्रभुता का औपचारिक हस्तांतरण कभी कानूनी रूप से स्पष्ट नहीं हो पाया। इस विवाद ने आधुनिक रूप 1949 में लिया, जब चीनी गृहयुद्ध के परिणामस्वरूप मुख्य भूमि पर पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना हुई। गृहयुद्ध में हार के बाद राष्ट्रवादी रिपब्लिक ऑफ चाइना की सरकार भागकर ताइवान आ गई और वहां से पूरे चीन पर अपना दावा पेश किया। तब से यह क्षेत्र दोहरी संप्रभुता के दावों के बीच फंसा हुआ है। वर्तमान में ताइवान एक डी फैक्टो स्वतंत्र राज्य के रूप में काम कर रहा है, लेकिन उसने चीन के साथ सीधे सैन्य संघर्ष से बचने के लिए अब तक औपचारिक स्वतंत्रता की घोषणा नहीं की है।

# क्रूज शिप पर सवार अमेरिकी नागरिक मिला हंटावायरस से संक्रमित, ऑस्ट्रेलिया ने अपने नागरिकों को वापस बुलाया

नई दिल्ली

हंटावायरस से प्रभावित लग्जरी क्रूज शिप एमवी होंडियस से निकाले गए एक अमेरिकी नागरिक में वायरस के एंडीज स्ट्रेन की हल्की पुष्टि हुई है, जबकि एक अन्य अमेरिकी यात्री में इसके हल्के लक्षण दिखाई दिए हैं। अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। इस बीच ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, स्पेन और नीदरलैंड जैसे देशों ने बचाव अभियान और क्वारंटीन के प्रयास तेज कर दिए हैं।अमेरिकी स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग ने बताया कि डच-झंडे वाले इस जहाज पर सवार सभी 17 अमेरिकियों को एयरलिफ्ट करके अमेरिका ले जाया जा रहा है। लक्षण वाले दोनों यात्री विमान की विशेष बायोकंटेनमेंट इकाइयों में यात्रा कर रहे हैं। हालांकि, दूसरे यात्री में अभी तक वायरस की पुष्टि नहीं हुई है।

डब्ल्यू एच ओ ने बताया कि अमेरिकी विदेश विभाग का एयरलिफ्ट यात्रियों को ओमाहा, नेब्रास्का में स्थित नेब्रास्का मेडिकल सेंटर के एएसपीआर रीजनल इमर्जिंग स्पेशल पैथोजन ट्रीटमेंट सेंटर ले जाएगा। वहीं, लक्षण वाले यात्री को एक अन्य RESPTC सुविधा में ले जाया जाएगा। एचएचएस ने कहा कि इन केंद्रों पर पहुंचने के बाद, प्रत्येक व्यक्ति का नैदानिक मूल्यांकन किया जाएगा और उनकी स्थिति के आधार पर देखभाल प्रदान की जाएगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, इस जहाज से जुड़े आठ लोग बीमार पड़े हैं, जिनमें से छह में हंटावायरस की पुष्टि हो चुकी है। अब तक तीन लोगों एक डच दंपत्ति और एक जर्मन नागरिक की मौत हो चुकी है।

डब्ल्यूएचओ ने बताया कि इस आउटब्रेक में पहचाना गया हंटावायरस का एंडीज स्ट्रेन गंभीर फेफड़ों की बीमारी का कारण बन सकता है और 50त्न तक मामलों में यह घातक साबित हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को कहा कि वह जहाज से अपने नागरिकों



को निकालने के लिए एक चार्टर्ड उड़ान की व्यवस्था करेगा। उनके आगमन के लिए क्वारंटीन की तैयारियां भी की जा रही हैं। पर्यावरण मंत्री मरे वाट ने कैनबरा में संवाददाताओं को बताया कि चार ऑस्ट्रेलियाई, एक टेनेरिफ निवासी और एक न्यूजीलैंड निवासी को वापस लाया जाएगा। वाट ने कहा कि यह निकासी ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा समर्थित उड़ान के माध्यम से की जा रही है, और हमें उम्मीद है कि ये लोग जल्द ही ऑस्ट्रेलिया लौट आएंगे। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बातचीत करके क्वारंटीन की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि ऑस्ट्रेलिया लौटने वालों में से किसी में वायरस के लक्षण हैं या नहीं। वहीं, न्यूजीलैंड की सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक कोरीना ग्रे ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर उनका देश क्वारंटीन उपायों में सहयोग करने के लिए तैयार है।

# चुनाव खत्म होते ही सरकार को याद आया 'संकट': अखिलेश

**लखनऊ, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोलते हुए सोमवार को कहा कि चुनाव खत्म



होते ही सरकार कोसंकट याद आ गया। उन्होंने कहा कि देश के लिए सबसे बड़ा संकट भाजपा ही है और केंद्र सरकार की हालिया अपीलें उसकी आर्थिक व नीतिगत विफलताओं को उजागर करती हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि यदि इतनी पाबंदियां लगानी पड़ रही हैं तो पांच ट्रिलियन डॉलर की जुमलाई अर्थव्यवस्था कैसे बनेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के हाथ से आर्थिक व्यवस्था की लगाम छूट चुकी है। डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है और रुपया कमजोर होता जा रहा है। अखिलेश यादव ने सोने की खरीद को लेकर सरकार की अपील पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि जनता तो वैसे भी डेढ़ लाख तोले का सोना खरीदने की स्थिति में नहीं है, बल्कि भाजपा के लोग ही अपनी काली कमाई का स्वर्णीकरण करने में लगे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इसकी जानकारी लखनऊ से लेकर गोरखपुर और अहमदाबाद से लेकर गुवाहाटी तक ली जा सकती है। उन्होंने सवाल उठाया कि सारी पाबंदियां चुनाव खत्म होने के बाद ही क्यों याद आईं। अखिलेश ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा नेताओं ने हजारों चार्टर विमान यात्राएं कीं, महंगे होटलों में ठहरे और बड़े पैमाने पर संसाधनों का इस्तेमाल किया। ऐसे में जनता पर ही प्रतिबंध और अपीलें थोपना उचित नहीं है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की इस तरह की अपीलों से बाजार में भय, घबराहट और मंदी की आशंका पैदा होगी। सरकार का काम संकट से उबारना होता है, न कि अफरातफरी का माहौल बनाना। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार विदेश नीति और गृह नीति दोनों मोर्चों पर विफल रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने चुनावी राजनीति को प्रदूषित कर दिया है और समाज में नफरत फैलाकर सौहार्द को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने दावा किया कि सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक और आर्थिक हर क्षेत्र में भाजपा की नीतियों से देश को नुकसान हुआ है।सपा प्रमुख ने कहा कि जनता अब भाजपा की नीतियों से परेशान हो चुकी है और वोट मिलते ही भाजपा का खोट सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि देश की जनता अब बदलाव चाहती है।

# सहारनपुर विवाद को लेकर मायावती चितिंत, निष्पक्ष कार्रवाई की मांग

लखनऊ, (वार्ता)

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने सहारनपुर जिले के लालवाला गांव में हुई हिंसा पर चिंता जताते हुये निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है।

सुश्री मायावती ने सोमवार को एक्स पर लिखा, सहारनपुर के एक गांव में एक भूमि पर मूर्ति रखने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ, जो बाद में संघर्ष में बदल गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना में दलित समाज के कई लोग घायल हुए हैं। बसपा अध्यक्ष ने पुलिस और प्रशासन से मामले में तत्काल तथा निष्पक्ष



कार्रवाई करने की मांग करते हुये कहा, प्रशासन को हालात पर पूरी तरह नियंत्रण रखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

बसपा सुप्रीमो ने दोनों पक्षों से भी संयम बरतने और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मामले को ताकत के बजाय कानूनी तरीके से सुलझाया जाना चाहिए, ताकि क्षेत्र में तनाव न बढ़े और शांति कायम रह सके। गौरतलब है कि सहारनपुर के देवबंद क्षेत्र के लालवाला गांव में 9-10 मई को लगभग दो बीघा जमीन पर कब्जे और कथित तौर पर महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाने को लेकर दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हुई। इस दौरान पत्थरबाजी और लाठीचार्ज में तीन महिलाओं समेत आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने घटना के बाद गांव में सुरक्षा बलों को तैनात कर निगरानी बढ़ा दी है। प्रशासनिक अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

## चीन ने तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान को तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन की ओर प्रक्षेपित किया

**बीजिंग, (वार्ता/स्पूतनिक)।** चीन ने सोमवार को तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन की ओर प्रक्षेपित किया। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी ने इसकी घोषणा की। चांग झेंग-7 वाई11 प्रक्षेपण यान, जो तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान को लेकर था, इसे बीजिंग समयानुसार सुबह 8:14 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 5:44 बजे ) वेंचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से प्रक्षेपित किया गया। लगभग 10 मिनट बाद, तियानझोउ-10 ने यान से सफलतापूर्वक पृथक्करण किया और अपने निर्धारित कक्षा में प्रवेश किया।

# अवास्तविक मांगों पर अड़ा है इजरायल की सोच से प्रभावित अमेरिका: ईरान

तेहरान, (वार्ता)

ईरान ने कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त करने के लिए उसका प्रस्ताव उदार और तार्किक था, जबकि अमेरिका अब भी इजरायल की सोच से प्रभावित अवास्तविक मांगों पर अड़ा हुआ है। इस्माइल बघाई ने सोमवार को अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ईरान की ओर से अमेरिकी प्रस्ताव के जवाब में जो योजना भेजी गयी, वह हद से ज्यादा नहीं थी और उसका उद्देश्य पूरे क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता स्थापित करना था। हमने किसी प्रकार की रियायत की मांग नहीं की। हमने केवल ईरान के वैध अधिकारों की बात की है। श्री बघाई ने सवाल किया कि क्या क्षेत्र में युद्ध समाप्त करने, ईरानी जहाजों के खिलाफ समुद्री डकैती रोकने तथा वर्षों से अवरुद्ध ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने की मांग अनुचित कही जा सकती है। क्या होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने का हमारा प्रस्ताव अवास्तविक है? क्या पूरे क्षेत्र में शांतिसुरक्षा स्थापित करना गैर-जिम्मेदाराना है? इससे पूर्व, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने ईरान के प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा और उसे पूरी तरह अस्वीकार्य पाया। श्री ट्रंप ने समाचार पोर्टल एक्सियोस को दिए साक्षात्कार में कहा था कि उन्होंने ईरान के जवाब पर बेंजमिन नेतन्याहू से भी चर्चा की है।

# शाह के साथ बैठक में राज्य का दर्जा, आरक्षण, कामकाज के नियमों से जुड़े मुद्दे उठाएंगे

श्रीनगर, (वार्ता)

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि वह नयी दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ अपनी बैठक में राज्य का दर्जा बहाल करने, कामकाज के नियमों, आरक्षण से जुड़े मामलों और अन्य प्रशासनिक मुद्दे उठाएंगे।

श्री अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में एक ओर जहां राज्य का दर्जा बहाल करने का मुद्दा एक बार फिर उठाने की बात कही, वहीं दूसरी ओर उनके एजेंडे में शासन से जुड़े कई अन्य मामले भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, अगर हमें किसी एक बैठक से ही राज्य का दर्जा मिल जाता, तो हमें यह बहुत पहले ही मिल गया होता। यह प्रक्रिया अभी चल रही है। लेकिन जब भी हम मिलते हैं, मैं हमेशा राज्य के दर्जे के बारे में बात करता हूं।

उन्होंने कहा कि वह केंद्रीय गृह मंत्री से केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के कामकाज के नियमों, महाधिवक्ता के पद से जुड़े मुद्दों और आरक्षण के मामले पर भी चर्चा करेंगे, जिसे उपराज्यपाल ने दिल्ली को भेजा है। उन्होंने कहा, मैं अपने कामकाज के नियमों के बारे में बात करना चाहता हूं। मैं महाधिवक्ता के बारे में बात करना चाहता हूं। मैं आरक्षण के उस मुद्दे पर बात करना चाहता हूं जिसे उपराज्यपाल ने दिल्ली को भेजा है। मैं गृह मंत्री के साथ कई अन्य मुद्दों पर भी बात करना चाहता हूं।

मुख्यमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में शराब की दुकानों को लेकर कहा कि उनके बयानों को राजनीतिक विरोधी तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, यह मेरी गलती है। मैं आपसे सड़क किनारे बात करता हूं। मैं समय की कमी के कारण इस तरह से जवाब देता हूं



कि हमारे विरोधी उसे तोड़-मरोड़कर अलग तरीके से पेश कर देते हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में शराब की दुकानें उन लोगों की जरूरतों को पूरा करती हैं जिनके धर्म में शराब पीने की इजाजत है-जिनमें पर्यटक और बाहर से आने वाले लोग भी शामिल हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अतीत में किसी भी सरकार ने ऐसी दुकानों पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं लगाया था।

उन्होंने कहा, यह दुकान हर किसी के लिए नहीं है। जम्मू कश्मीर में अलग-अलग धर्मों के लोग रहते हैं। जो लोग जम्मू-कश्मीर के बाहर से आते हैं, यह दुकान उनके लिए है। उन्होंने जोर दिया कि उनकी सरकार ने शराब की कोई नयी दुकान नहीं खोली है और यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि ऐसी दुकानें उन इलाकों में न हों जहां युवाओं पर बुरा असर पड़ सकता हो। उन्होंने कहा, सबसे पहले हमने कोई नयी दुकान नहीं खोली। दूसरी बात, हमने पूरी कोशिश की कि कोई भी दुकान ऐसी जगह न हो जहां हमारे युवा भटक सकें। उन्होंने आलोचकों पर पलटवार करते हुए कहा कि पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी सरकार के तत्कालीन वित्त मंत्री ने भी पहले विधानसभा में इसी तरह का रुख जाहिर किया था।

गौरतलब है कि श्री अब्दुल्ला ने रविवार को गंदेरबल में कहा था कि किसी को भी शराब पीने के लिए मजबूर नहीं किया जा रहा है और लोग अपनी इच्छा से शराब की दुकानों पर जाते हैं। इस बयान से एक विवाद खड़ा हो गया था।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# सलमान खान की सलाह से लेकर अनीस बज़्मी की मंज़ूरी तक: कुब्रा सैत ने फिल्म 'रेडी' से की बड़ी शुरुआत

अभिनेत्री कुब्रा सैत आज भले ही सैक्रेड गेम्स में अपने यादगार किरदार 'कुकू' के लिए जानी जाती हों, लेकिन एक समय ऐसा भी था जब वह मुंबई में अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रही थीं। हाल ही में एक वीडियो में कुब्रा सैत ने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें किस तरह फ़िल्म %रेडी% में अपना पहला मौका मिला। इस फिल्म का निर्देशन अनीस बज़्मी ने किया था और इसमें मुख्य भूमिका में थे सलमान खान। कुब्रा ने बताया कि उन्होंने इस रोल के लिए एक छोटी ब्लैक ड्रेस पहनकर ऑडिशन दिया था और बेसब्री से अनीस बज्मी के ऑफिस में उनके



अप्रूवल का इंतजार कर रही थीं। शुरुआत में फिल्म में उनके किरदार के लिए कोई डायलॉग नहीं था और उन्हें एक मेड का रोल दिया गया था। लेकिन बाद में सलमान खान ने सुझाव दिया कि उनके किरदार को थोड़ा मजेदार बनाया जाए और वह टूटी-फूटी अंग्रेज़ी बोले। अनीस बज्मी को सलमान खान यह आइडिया काफी पसंद आया और इसी वजह से कुब्रा के किरदार में डायलॉग्स जोड़े गए। यही छोटा-सा बदलाव उनके लिए स्क्रीन पर यादगार पल बन गया।

अपने अनुभव को साझा करते हुए कुब्रा ने कहा,यह वही ऑडिशन था जिसमें मैंने एक छोटी ब्लैक ड्रेस पहनी थी और अनीस बज्मी सर के अप्रूवल का इंतजार कर रही थी। मैं फिल्म 'रेडी' में एक मेड का किरदार निभाने वाली थी और इसे लेकर बहुत उत्साहित थी। इस फिल्म को करते समय मेरे अंदर गज़ब का आत्मविश्वास था, क्योंकि मैंने इससे पहले कभी कोई फिल्म नहीं की थी। शुरुआत में मेरे किरदार के कोई डायलॉग भी नहीं थे। लेकिन फिर सलमान खान ने कहा कि क्यों न इस मेड को टूटी-फूटी अंग्रेज़ी बोलने वाला बनाया जाए। अनीस सर को यह आइडिया पसंद आया और इस तरह मुझे फिल्म में डायलॉग मिले। कुब्रा ने बताया, हालांकि उस दौरान हर किसी ने मुझसे कहा कि मैं पागल हूं, अधीर हूं, जो 'रेडी' में सुनैना कपूर का इतना छोटा रोल कर रही हूं। लेकिन अगर मैंने 'रेडी' नहीं की होती, यदि मैं इतनी 'पागल' नहीं होती, तो शायद मैं कभी 'कुकू' नहीं बन पाती। कभी मत कहो कि कोई रोल छोटा है। छोटे रोल नहीं होते, छोटे कलाकार होते हैं। कुब्रा ने बताया कि उनके आसपास कई लोगों को लगता था कि इतनी बड़ी कमर्शियल फिल्म में छोटा किरदार स्वीकार करना सही फैसला नहीं है। लेकिन अभिनेत्री का मानना है कि यही फिल्म उनके करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुई।

# सोनी सब के यादें में अहम भूमिका निभाएगी डेलनाज़ ईरानी

अभिनेत्री डेलनाज़ ईरानी सोनी सब के शो यादें में अहम भूमिका निभाएगी। सोनी सब का शो यादें अपनी भावनात्मक कहानी और गहराई से बुने किरदारों के सफर के साथ दर्शकों को लगातार जोड़े हुए है। चल रही कहानी में एक नया दिलचस्प मोड़ जोड़ते हुए, अनुभवी अभिनेत्री डेलनाज़ ईरानी शो में खास भूमिका निभाने



जा रही हैं। अपनी यादगार परफॉर्मेंस और जीवंत स्क्रीन प्रेज़ेंस के लिए मशहूर डेलनाज़ ईरानी का 'चांदनी' के रूप में शो में आना कहानी को एक नया आयाम देने वाला है। कभी लाखों लोगों की चहेती रही चांदनी आज भी अपने ग्लैमर, शोहरत और चाहने वालों की दुनिया में जीती है। लेकिन, उसकी ज़िंदगी तब अप्रत्याशित मोड़ ले लेती है, जब वह अस्पताल में मरीज बनकर आती है और ज़िद करती है कि उसका इलाज सिर्फ डॉ. देव करें, वही डॉक्टर जिस पर वह कभी पूरी तरह भरोसा करती थी। लेकिन, चांदनी को यह नहीं पता कि डॉ. देव अब पहले जैसे डॉक्टर नहीं रहे, क्योंकि उन्होंने अपनी याददाश्त खो दी है और पेशे से दूर हो गए हैं। उनकी एंट्री शो में भावनात्मक टकराव, छुपे हुए सच और डॉ. देव के लिए चुनौतीपूर्ण हालात लेकर आती है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, डेलनाज़ ईरानी ने कहा, चांदनी के बारे में मुझे सबसे ज़्यादा यह पसंद है कि वह ड्रामेटिक, ग्लैमरस, इमोशनल और नाज़ुक एक साथ है। उसे लगता है कि वह अब भी वही सुपरस्टार है, जिससे हर कोई दीवाना है और यही उसे एक तरफ मनोरंजक और दूसरी तरफ़ दिल तोड़ने वाला बनाता है। इक़बाल खान के साथ काम करना मेरे लिए बेहद खास है। वह उन कलाकारों में से हैं, जो बेहद सहज और ईमानदार परफॉर्मर हैं और हर सीन में सच्चाई लेकर आते हैं।




# संजय दत्त स्टारर आखिरी सवाल का कोलकाता में बड़ा प्रमोशन, 14 मई को

संजय दत्त स्टारर फिल्म आखिरी सवाल का बड़ा प्रमोशन कोलकाता में 14 मई को होगा। आखिरी सवाल में संजय दत्त लीड रोल में नजर आएंगे। अपनी दमदार घोषणा और साहसपूर्ण टीज़र के बाद से ही इस प्रोजेक्ट ने जबरदस्त चर्चा बटोरी है। फिल्म के टीज़र ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं की तनावपूर्ण और दिलचस्प झलक दिखाकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है। इसी बढ़ते क्रेज के बीच अब फिल्म की टीम 14 तारीख को कोलकाता पहुंचने जा रही है, जहां संजय दत्त और पूरी स्टारकास्ट फिल्म के प्रमोशन को नई रफ्तार देगी। आखिरी सवाल की टीम 14 मई को कोलकाता पहुंचेगी, जहां संजय दत्त समेत फिल्म से जुड़े सितारों का शानदार स्वागत होगा। ऐसे में उनके साथ मिथुन चक्रवर्ती, अभिजीत मोहन वारंग, समीरा रेड्डी, त्रिधा चौधरी, नमाशी चक्रवर्ती भी अपनी मौजूदगी दर्ज करेंगे। इस दौरे को लेकर फैंस के बीच पहले से ही जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। ऐसे में, संजय दत्त और पूरी टीम मीडिया से मुलाकात करेगी, जहां फिल्म, इसके दमदार विषय और अपने किरदारों को लेकर बातचीत की जाएगी। साथ ही सितारे फैंस से भी रूबरू होंगे, उनके साथ तस्वीरें खिंचवाएंगे और बातचीत करेंगे। माना जा रहा है कि यह इवेंट शहर में फिल्म को लेकर चर्चा और उत्साह को नई ऊंचाई देगा। हालांकि, हाल ही में यह फिल्म केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी)की जांच के घेरे में फंस गई, जिसकी वजह से इसकी रिलीज योजनाओं में देरी हुई है। इस स्थिति के कारण ट्रेलर लॉन्च को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई थी, क्योंकि सेंसर बोर्ड की समीक्षा प्रक्रिया चल रही थी।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्राप्त किया प्रशिक्षण

## वर्ग के द्वितीय दिवस विभिन्न वक्ताओं ने वैचारिक रूप से कार्यकर्ताओं को किया प्रशिक्षित



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिवस वर्ग का प्रारंभ योग अभ्यास एवं व्यायाम से किया गया तत्पश्चात प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता पूर्व विधायक परासिया ताराचंद्र बावरिया ने कार्यकर्ता विकास के विषय पर संबोधित किया अध्यक्षता पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार ने किया द्वितीय सत्र में मुख्यवक्ता प्रदेश सह मीडिया एवं संभाग प्रभारी श्रीकांत श्रीवास्तव ने मीडिया प्रबंधन विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के कार्यक्रमों व कार्यपद्धति की जानकारी जन जन तक पहुंचाने के साथ ही विपक्ष के झूठ का प्रतिकार करने का सशक्त माध्यम समाचार पत्र व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया है अतः पार्टी का मीडिया प्रबंधन इतना मजबूत रहना चाहिए कि हमारे पार्टी के हर छोटी से छोटी घटना एवं कार्यक्रम समय से मीडिया संस्थान तक पहुंचे जिससे वह समय से प्रसारित हो सके प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सुयश त्यागी ने सोशल मीडिया विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया की उपयोगिता महत्वपूर्ण है क्योंकि आज हर व्यक्ति के पास स्वयं का सोशल मीडिया अकाउंट है अतः आप कम समय में सोशल मीडिया का सही उपयोग कर अधिक से अधिक लोगों तक पार्टी की रीति नीति एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करने का सशक्त माध्यम है आप सभी पार्टी के कार्यक्रमों को सोशल मीडिया पर डालने के साथ ही पार्टी के संगठन एवं सरल एप पर डालकर अपनी राजनीतिक प्रोफाइल मजबूत करे सत्र की अध्यक्षता साईखेड़ा जनपद अध्यक्ष छत्रसाल राजपूत ने की तृतीय सत्र छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू ने सरकार की गरीब कल्याण की योजनाएं क्रियान्वन में संगठन की भूमिका विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने जन जन को भावनात्मक रूप से छूने के साथ ही उनके जीवन में अमूल चूल परिवर्तन लाया व गरीब के आत्मसम्मान की गरिमा को भी बनाए रखा इन योजनाओं को धरातल में उतारने का काम भाजपा के करोड़ों संघर्षशील कार्यकर्ताओं ने किया है अन्य पार्टी के लोग स्वयं एवं परिवार के हित में सोचते है जबकि भाजपा का कार्यकर्ता स्वयं के हित से पहले संगठन एवं राष्ट्र का हित सोचता है कार्यकर्ताओं की यह भावना उसे अन्य दलों के कार्यकर्ताओं से भिन्न बनाती है यद्यपि देश में हमारी सरकारें नहीं रही लेकिन जब भी हमारी सरकारें बनी बिना भेदभाव के नरसेवा ही नारायण सेवा मानकर गरीब कल्याण की योजनाएं चलाई जिसे हमारे कार्यकर्ताओं ने जमीन पर उतारा और उनकी अथक मेहनत ने सर्वहारा वर्ग को योजनाओं से लाभावित किया अतः आप सभी दायित्ववान एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं के ऊपर सरकार की योजनाओं एवं संगठन की रीति नीति को जन जन तक पहुंचा कर क्रियान्वयन कराने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है जिसे आप पूर्ण मनोभाव से निभाए चतुर्थ सत्र में पूर्व जिला अध्यक्ष मंडला भीष्म द्विवेदी ने भाजपा कार्य पद्धति विषय पर संबोधित किया सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता ठाकुर भूपेंद्र सिंह ने की वर्ग के समापन सत्र में आयोजित डिजिटल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते नर्मदापुर संसदीय क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल विधायक महेंद्र नागेश विश्वनाथ सिंह पटेल पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश प्रताप सिंह पटेल मिनेंद्र डागा जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति ककोड़िया उपाध्यक्ष अनीता ठाकुर नगर पालिका अध्यक्ष सुशील ममार नीरज महाराज विष्णु शर्मा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संध्या कोठारी प्रशिक्षण प्रभारी श्रीराम शुक्ला जिला महामंत्री सुरेन्द्र मोहन नेमा राहुल कौरव राजा राम कस्तवार सहित जिला पदाधिकारीगण मंडल के अध्यक्षगण व महामंत्रीगण जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही प्रशिक्षण वर्ग का संचालन मुकेश मरैया एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री सुरेन्द्र मोहन नेमा ने किया सत्र का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।



# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 13 मई को मुंगवानी में कार्यक्रम प्रस्तावित

## कलेक्टर और एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 13 मई को नरसिंहपुर जिले के ग्राम मुंगवानी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने रविवार को संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कार्यक्रम स्थल में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन एवं पार्किंग व्यवस्था, हैलीपेड निर्माण एवं सुरक्षा बैरिकेडिंग, मंच एवं बैठक व्यवस्था, विभागीय प्रदर्शनी एवं ब्रांडिंग, प्रतिभाओं का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पेयजल एवं सत्कार व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, विद्युत व्यवस्था, एम्बुलेंस व चिकित्सा व्यवस्था, ग्रीन रूम एवं वीआईपी व्यवस्था, लोकार्पण व भूमिपूजन, शौचालय एवं स्वच्छता व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, मीडिया प्रबंधन, कन्या पूजन सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी ली और संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने निर्देशित किया कि कार्यक्रम की तैयारियां समय सीमा में पूर्ण की जाएं, जिससे कार्यक्रम का संचालन सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से हो सके।

# जिले में स्वीकृत 36 रेत खदानों का सीमांकन का कार्य जारी

## 19 रेत खदानों का हुआ सीमांकन, शेष 17 रेत खदानों का सीमांकन की कार्यवाही जारी

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** खनिज विभाग की जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिले में स्वीकृत 36 रेत खदानों का सीमांकन का कार्य किया जा रहा है। प्रभारी खनिज अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि जारी आदेशानुसार राजस्व विभाग, खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा कुल 19 रेत खदानों का सीमांकन का कार्य किया जा चुका है। शेष 17 रेत खदानों का सीमांकन का कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि संयुक्त दल के द्वारा तहसील नरसिंहपुर अंतर्गत ग्राम घाटपिपरिया, मुर्गाखेड़ा, करहैया, तहसील करेली अंतर्गत ग्राम देवाकछार, रेवानगर, धरमपुरी, बारूरेवा, तहसील तेंदूखेड़ा अंतर्गत ग्राम घघरोला पटना, इमझिरा व हीरापुर, तहसील सांईखेड़ा अंतर्गत संसारखेड़ा-1 व संसारखेड़ा-2 और गाडरवारा तहसील अंतर्गत ग्राम अर्जुनगांव, छेनाकछार, बैरागढ़, दिघौरी, कुड़ारी, गांगई व घूरपुर स्थित कुल 19 रेत खदानों का सीमांकन किया जा चुका है। सीमांकन कार्यवाही में किसी भी रेत खदान के स्वीकृत क्षेत्र के बाहर खनिज रेत उत्खनन नहीं पाया गया है। इसके अतिरिक्त जहां कहीं भी स्वीकृत क्षेत्र के बाहर रेत खनन पाये जाने पर नियमानुसार खनिज विभाग के द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।**



सामाजिक कार्यों में अग्रसर इनर व्हील क्लब के द्वारा बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले सभी बच्चों का स्मृति चिन्ह देखकर सम्मान किया। कार्यक्रम का प्रारंभ भारती ठाकुर की अध्यक्षता में सरस् वंदना से किया गया। इसके उपरांत अध्यक्ष महोदया ने अपनी उद्बोधन में सभी बच्चों को बधाई देते हुए आगे उज्जवल भविष्य के लिए कामनाएं की । इसके उपरांत क्लब मेंबर ने भी उद्बोधन दिए और बच्चों को बताया कि अपनी जिंदगी में मार्ग से भ्रमित ना होते हुए लक्ष्य निर्धारित कर अपनी मंजिल हासिल करें। इसके बाद बच्चों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया साथी बच्चों ने बताया कि उन्होंने इस लक्ष्य को पाने के लिए क्या प्रयास किया और भविष्य में क्या करना चाहते हैं। बच्चों के माता-पिता ने भी बच्चों के बारे में व उनकी मेहनत के बारे में बताया और क्लब अध्यक्ष व सभी सदस्य का आभार व्यक्त किया इस आयोजन के लिए। बच्चों में भी बहुत उत्साह देखने को मिला।

बाहर से आए हुए सभी एवं क्लब के सदस्यों का धन्यवाद करते हुए डॉक्टर नेहा ने कार्यक्रम का समापन किया। अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों ने मिलकर अपने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। अध्यक्ष भारती ठाकुर, कोषाध्यक्ष मंजूषा सेन , एडिटर डॉक्टर नेहा नेमा, विंध्या तिवारी, ज्योत्सना राय, रानू अवधिया , सुनीताराजपूत, डॉ अनुराधा ,आकांक्षा साहू, डिंपल जाट ,रश्मि सलूजा, सोनाली राय, शिल्पी मालिया, पूनम धुर्वे, रजनी राजोरिया ,रितु अग्रवाल ,उर्वशी पाठक , प्रियंका जगदाले इन सभी क्लब सदस्यों की उपस्थिति रही।



## ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ

**नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।** आधुनिकता की चकाचौंध और डिजिटल क्रांति के बीच अपनी जड़ों और लोक संस्कृति को सुरक्षित रखने के पावन उद्देश्य के साथ, नरसिंहपुर की धरा पर एक अनूठी सांस्कृतिक यात्रा का प्रारंभ हुआ है। श्री शंखनाद सांस्कृतिक कला केंद्र, माधवम परिवार नरसिंहपुर एवं नरसिंह पब्लिक स्कूल नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का रविवार, 10 मई 2026 को अत्यंत गरिमामय और भव्य उद्घाटन हुआ ।यह आयोजन न केवल बच्चों के कौशल विकास का माध्यम है, बल्कि यह लुप्त होती लोक कलाओं और संस्कारों के पुनर्जागरण का एक सशक्त अभियान बनकर उभरा है। कार्यक्रम के पहले ही दिन उत्साह का आलम यह था कि नरसिंह पब्लिक स्कूल का परिसर बच्चों और अभिभावकों की उपस्थिति से जीवंत हो उठा।

**गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने बढ़ाया उत्साह**-शिविर के उद्घाटन सत्र में शिक्षा, समाज सेवा और कला जगत की प्रख्यात विभूतियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद् किशोर कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। उनके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में निर्वेद शुक्ला जी ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती जी पूजन कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया ।

# रीवा के निरीक्षक श्रंगेश सिंह राजपूत को मिला मध्यप्रदेश पुलिस का सर्वोच्च सम्मान

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के रवींद्र भवन में के.एफ. रुस्तम जी पुरस्कार से किया सम्मानित



**रीवा।** मध्यप्रदेश पुलिस विभाग के लिए गौरव और रीवा जिले के लिए सम्मान का क्षण उस समय सामने आया, जब बैकुंठपुर थाना प्रभारी निरीक्षक श्रंगेश सिंह राजपूत को पुलिस विभाग में उत्कृष्ट, साहसिक एवं विशिष्ट सेवाओं के लिए प्रदेश के सर्वोच्च पुलिस सम्मानों में शामिल प्रतिष्ठित च्श्री के.एफ. रुस्तम जी पुरस्कारज्ज से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सोमवार 11 मई 2026 को भोपाल स्थित रवींद्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय गरिमामयी समारोह में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदान किया गया। प्रदेश भर से चयनित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में उन अधिकारियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने कर्तव्य निर्वहन, अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था बनाए रखने, जनसुरक्षा तथा पुलिसिंग में उल्लेखनीय कार्य कर विभाग का नाम गौरवान्वित किया है। इसी क्रम में रीवा जिले के बैकुंठपुर थाना प्रभारी निरीक्षक श्रंगेश सिंह राजपूत को उनकी अनुकरणीय सेवाओं और प्रभावशाली कार्यशैली के लिए च्के.एफ. रुस्तम जी पुरस्कारज्ज प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सम्मानित अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस विभाग समाज में सुरक्षा, विश्वास और न्याय व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी अपने दायित्वों का ईमानदारी और साहस के साथ निर्वहन करने वाले पुलिस अधिकारी वास्तव में समाज के सच्चे प्रहरी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे अधिकारी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं और उनकी कार्यशैली पुलिस विभाग की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाती है। बताया गया कि निरीक्षक श्रंगेश सिंह राजपूत ने अपने सेवा काल में अपराध नियंत्रण, अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई, संवेदनशील मामलों के त्वरित निराकरण, आमजन के साथ बेहतर संवाद और कानून व्यवस्था बनाए रखने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। उनकी नेतृत्व क्षमता एवं सक्रिय कार्यप्रणाली के कारण बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था को मजबूती मिली है तथा आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है।

सूत्रों के अनुसार, निरीक्षक राजपूत ने कई चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी धैर्य, सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए पुलिस विभाग की जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन किया। अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशील दृष्टिकोण के कारण उनकी कार्यशैली को विभागीय स्तर पर भी सराहा जाता रहा है। रीवा जिले के पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने निरीक्षक श्रंगेश सिंह राजपूत को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल एक अधिकारी की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरे रीवा जिले और विंध्य क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। बैकुंठपुर क्षेत्र में भी इस सम्मान को लेकर उत्साह का वातावरण देखा गया और लोगों ने इसे ईमानदार एवं समर्पित पुलिस सेवा की पहचान बताया। पुलिस विभाग के जानकारों का कहना है कि च्के.एफ. रुस्तम जी पुरस्कारज्ज मध्यप्रदेश पुलिस का अत्यंत प्रतिष्ठित सम्मान माना जाता है, जिसे केवल उन अधिकारियों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने अपने कर्तव्य, अनुशासन, नेतृत्व और जनसेवा के क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया हो। ऐसे में निरीक्षक श्रंगेश सिंह राजपूत को यह सम्मान मिलना रीवा जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

# सरकार किसानों की उपज का समर्थन मूल्य दे रही : मंत्री सिंह

## लाड़ली बहना योजना से महिलाओं को सशक्त और सबल बनाने का कार्य किया जा रहा है

## मंत्री उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ भूमिपूजन कार्यक्रम



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।**

प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों के विकास एवं उत्थान की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। सरकार की मंशा है कि जमीनी स्तर पर विकास के कार्य होते रहना चाहिए। सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने का काम कर रही है। साथ ही किसानों को उनकी उपज का समर्थन मूल्य देने का कार्य कर रही है। सरकार ने गांव में बिजली जैसी समस्याओं को दूर किया है और गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए सड़कों का निर्माण कर आवागमन को सुगम बनाने का काम किया है। मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में रविवार को विकासखंड चांवरपाठा के ग्राम ढिगसरा में भूमिपूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मंत्री श्री सिंह व अन्य अतिथियों ने प्राथमिक शाला परिसर में खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों के लिए 60 लाख रुपये की लागत से बनने वाले भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री भैयालाल पटेल, श्री हरगोविंद सिंह पटेल, श्री धनंजय पटेल, श्री अभिलाष मिश्रा, श्री योगेन्द्र पटेल, श्री विजय सिंह पटेल, ठा. राजीव सिंह, श्री शिवदयाल खेरोनिया, श्रीमती सरोज पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार बिटिया की शादी करने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित महिलाओं के हित में चलाई जा रही योजनाओं से उन्हें सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। लाड़ली बहना योजना की राशि प्रत्येक माह लाड़ली बहनों के बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में लाड़ली बहना योजना की मिलने वाली राशि को और बढ़ाया जाएगा।

लखपति दीदी योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को कौशल और वित्तीय सहायता आत्मनिर्भर बनाने का काम सरकार कर रही है। उन्होंने बताया कि ग्राम ढिगसरा में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के तहत 200 आवासों का निर्माण किया जा चुका है। सरकार किसानों को बिजली की पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध करा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश अब विकसित मध्यप्रदेश बनने जा रहा है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सरकार बेहतर कार्य कर रही है। प्रदेश में छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिले, इसके लिए स्कूल भवनों का निर्माण किया जा रहा है।

प्रदेश में बच्चों को निश्शुल्क पाठ्य-पुस्तकें, गणवेश और निश्शुल्क साईकिलों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने इस भवन का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री सिंह ने प्राथमिक शाला ढिगसरा में पेवर ब्लॉक लगाने के लिए 5 लाख रुपये व देवी मंदिर में चबूतरा निर्माण के लिए एक लाख रुपये और ग्राम भरखेड़ा में प्राथमिक शाला सहित बाउंड्रीबॉल निर्माण कराने की घोषणाएं की।

## अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्राप्त शिकायतों के आधार पर ग्राम हिरदेनगर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान अवैध रेत परिवहन में संलिप्त दो डंपरों को जब्त किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार नरसिंहपुर वृत्त 2**

रा.मा.क. / अ-6 वर्ष 2026-27
मौजा कंदेली नं.ब. 36 प.ह.नं. 41
मौजा जरजोला नं.ब. 189 प.ह.नं. 39

**इश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता मौजा कंदेली, जरजोला तह. व जिला नरसिंहपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीष गुप्ता आ. रामकिशन गुप्ता, मुकेश कुमार आ. रामकिशन गुप्ता दोनों निवासी गांधी वार्ड कंदेली तह. व जिला नरसिंहपुर के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया कि वसीयतकर्ता रामकिशन गुप्ता आ. खुशालचंद गुप्ता के द्वारा एक वसीयतनामा दिनांक 27/02/2025 को आवेदकगणों के पक्ष में निष्पादित कराया गया, जिसके अनुसार वसीयतकर्ता के नाम दर्ज मौजा कंदेली, नं.ब. 36, प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. नरसिंहपुर-02 स्थित ख.नं. 35/9/2 रकवा 0.800 हे., एवं मौजा जरजोला प.ह.नं. 39 स्थित ख.नं. 226/4 रकवा 0.809 हे. भूमि की वसयीत की गयी है। वसीयतकर्ता दिनांक 06/01/2026 को फौत हो चुके है। आवेदकगणों के द्वारा वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने का निवेदन किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18/05/26 को या इसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकता है। नियत अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर न्यायालय द्वारा मान्य नहीं किया जावेगा। नियत पेशी दिनांक को अवकाश घोषित होने की स्थिति में प्रकरण की अगली सुनवाई अगले कार्य दिवस में की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 21/04/26 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार, नरसिंहपुर

# ड्यूटी पर जाते समय एसीसी अदानी सीमेंट के ठेका श्रमिक की सड़क हादसे में मौत

कटनी (स्वतंत्रमत)

जिले के कैमोर स्थित एसीसी अदानी सीमेंट में कार्यरत एक ठेका श्रमिक कमलेश श्रीवास्तव उम्र लगभग 55 वर्ष निवाशी बिहरा थाना बदेरा की ड्यूटी पर जाते समय सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र के श्रमिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि लगभग 12 बजे ड्यूटी के लिए जा रहे श्रमिक को एक ओवरलोडेड हाईवे वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही कैमोर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु विजयराघवगढ़ सिविल अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों में वाहन की तस्वीर स्पष्ट नहीं आने के कारण अभी तक दुर्घटना करने वाले वाहन की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



घटना के बाद सुबह बड़ी संख्या में एसीसी अदानी सीमेंट के ठेका श्रमिक एसीसी गेट पर एकत्रित हो गए। श्रमिकों ने मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता, उचित मुआवजा एवं परिजनों को रोजगार दिए जाने की मांग उठाई। श्रमिकों का कहना है कि मृतक परिवार का मुख्य सहारा था और कंपनी प्रबंधन को पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करनी चाहिए। घटना के बाद क्षेत्र में शोक एवं आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

### इंटक की पहल पर मृतक के परिवार को तत्काल मिली आर्थिक सहायता

इस हादसे की जानकारी लगने के बाद कैमोर अडानी सीमेंट के प्रमुख श्रमिक संगठन इंटक द्वारा मृतक श्रमिक के परिवार को तत्काल 5 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। इंटक अध्यक्ष पंकज पीढियां के निर्देश पर जनरल सेक्रेटरी मनीष नवैत ने उक्त राशि दुखी परिवार को सौंपी।

### विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने प्रबन्धन से दिलाई ढाई लाख की मदद

कैमोर में देर रात सड़क हादसे में श्रमिक की दर्दनाक मौत होने की दु:खद खबर पर विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने गहन शोक व्यक्त करते हुए दु:खी परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की साथ ही हर सहयोग का भरोसा दिलाया। विधायक ने एसीसी अडानी प्रबन्धन के वरिष्ठ अधिकारियों से भी हादसे में मृत श्रमिक के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने के सम्बंध में चर्चा की गई। प्रबन्धन के आदेश पर ठेका कम्पनी द्वारा दुखी परिवार के लिए तत्काल ढाई लाख की सहायता राशि स्वीकृत की गई।

# बरगवां में सड़क खुदाई के दौरान केबिल लूटने की होड़, हादसे का खतरा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** रंगनाथ थाना अंतर्गत बरगवां क्षेत्र में नगर निगम द्वारा कराए जा रहे सीवर लाइन कार्य के दौरान गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। खुदाई में निकल रही कीमती केबिल के लालच में महिलाएं, बच्चे और युवक जान जोखिम में डालकर गड्ढों के आसपास जमा हो रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि जैसे ही खुदाई के दौरान केबिल निकलती है लोग मिट्टी के ढेर में कूद पड़ते हैं। लगातार बन रही यह स्थिति किसी बड़े हादसे को न्यौता देती नजर आ रही है। गौरतलब है कि बरगवां क्षेत्र में नगर निगम द्वारा सीवर लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। खुदाई के दौरान जमीन से पुरानी और कीमती केबिल निकल रही है, जिसे पाने के लिए आसपास के लोग मौके पर डटे रहते हैं। महिलाओं और बच्चों तक को गहरे गड्ढों और भारी मशीनों के बीच देखा जा सकता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक जैसे ही खुदाई के दौरान केबिल बाहर निकलती है, लोग मिट्टी के ढेर में उतरकर उसे निकालने लगते हैं। इस दौरान न तो सुरक्षा के कोई इंतजाम दिखाई देते हैं और न ही भीड़ को रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। लगातार चल रही यह स्थिति किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकती है। सूत्रों का कहना है कि खुदाई में निकलने वाली केबिल को क्षेत्र का एक स्थानीय कबाड़ी खरीद रहा है। आरोप यह भी है कि मौके पर मौजूद पुलिस



कर्मी कार्रवाई करने के बजाय मूकदर्शक बने रहते हैं। वहीं कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाए हैं कि खुदाई स्थल पर मौजूद संबंधित कर्मचारियों की मिलीभगत से यह पूरा खेल चल रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन को तत्काल सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करनी चाहिए और खुदाई स्थल के आसपास आम लोगों की आवाजाही रोकनी चाहिए ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। फिलहाल सीवर लाइन कार्य के दौरान हर दिन लोग कीमती केबिल के लालच में अपनी जान जोखिम में डालते नजर आ रहे हैं। सीवर लाइन का यह कार्य अब सुविधा से ज्यादा खतरे का कारण बनता दिखाई दे रहा है। सवाल यह है कि आखिर जिम्मेदार विभाग और प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार क्यों कर रहे हैं।

# आज 12 मई मंगलवार को नगर निगम में आयोजित होगी महापौर जनसुनवाई

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** आमजन की समस्याओं के समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण को लेकर नगर पालिक निगम कटनी द्वारा प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जा रही महापौर जनसुनवाई नागरिकों के लिए एक सशक्त एवं भरोसेमंद मंच बनकर सामने आ रही है। इस पहल के माध्यम से शहरवासी अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रख पा रहे हैं जिससे शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और त्वरित होती जा रही है। नगर निगम कटनी द्वारा आज मंगलवार 12 मई को प्रात: 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक मेयर इन काउंसिल सभागार में महापौर जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। शहर के विभिन्न वार्डों से नागरिक अपनी समस्याओं



एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन लेकर उपस्थित हो सकते हैं। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों को महापौर प्रीति संजीव सूरी के समक्ष सीधे अपनी समस्याएं रखने का अवसर मिलेगा। प्राप्त शिकायतों पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे, ताकि समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। जनसुनवाई में नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जिससे प्राप्त आवेदनों पर मौके पर ही आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की जा सकेगी। इससे नागरिकों को अलग-अलग शाखाओं के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी और एक ही स्थान पर समाधान की दिशा में प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण हेतु जनसुनवाई में उपस्थित होकर इस पहल का लाभ उठाएं, ताकि समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# बरगवां में स्पा सेंटर के सामने दो पक्षों में खूनी संघर्ष

कटनी (स्वतंत्रमत)

माधवनगर थाना अंतर्गत बरगवां क्षेत्र स्थित एक स्पा सेंटर के सामने दो पक्षों में खूनी संघर्ष का मामला प्रकाश में आया है। खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के कुछ लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने लखेरा निवासी विधान राय की शिकायत पर अज्ञात लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बरगवां क्षेत्र स्थित नेचुरल थाई स्पा सेंटर के बाहर किसी बात को लेकर उपनगरीय क्षेत्र लखेरा निवासी 21 वर्षीय विधान पिता सुंदर श्याम राय का किसी बात को लेकर वहां मौजूद कुछ युवकों से विवाद हो गया।



मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद बढ़ा तो विधान राय और उसके साथियों के साथ विवाद करने वाले अज्ञात युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इस दौरान बीच सडक पर दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई और मारपीट में धारदार हथियार भी चले। घटना से कुछ देर के लिए क्षेत्र में भय व दहशत का माहौल निर्मित हो गया। पुलिस ने घटना की जानकारी पुलिस को भी दी लेकिन सूचना मिलने के बाद काफी देर तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। जिसके कारण पुलिस के प्रति भी लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। बहरहाल पुलिस ने घटना में घायलों का जिला अस्पताल में उपचार कराते हुए लखेरा निवासी विधान राय की शिकायत पर अज्ञात लोगों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(बी), 115(2), 351(3), 125, 3(5) के तहत मामला दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों का सुराग लगाने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि शीघ्र ही घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जबलपुर-अमृतसर सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग तेज

## रेल महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन, धार्मिक, शैक्षणिक और व्यापारिक दृष्टि से बताई गई ट्रेन की उपयोगिता

कटनी (स्वतंत्रमत)

जबलपुर-अमृतसर नियमित सीधी ट्रेन सेवा प्रारंभ करने की मांग को लेकर गत दिवस कटनी पहुंचे अजय कुमार सिंह को प्रतिनिधिमंडल द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। कई वर्षों से इस ट्रेन सेवा को शुरू करने की मांग विभिन्न आध्यात्मिक, शैक्षणिक, धार्मिक एवं व्यावसायिक संगठनों द्वारा लगातार उठाई जाती रही है। गोविंद सचदेवा ने जबलपुर-अमृतसर ट्रेन के संचालन की पुरजोर मांग करते हुए महाप्रबंधक को विस्तृत ज्ञापन सौंपा। चर्चा के दौरान रेल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने ट्रेन की उपयोगिता से जुड़े सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना तथा संचालन संबंधी परिस्थितियों के आधार पर सकारात्मक



प्रयास करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कटनी सहित महाकौशल, विंध्य एवं बुंदेलखंड क्षेत्र से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री अमृतसर के समीप स्थित राधा स्वामी सत्संग केंद्र व्यास जाते हैं। इसके अलावा अमृतसर में विश्व प्रसिद्ध स्वर्ण मंदिर, ऐतिहासिक जलियांवाला बाग तथा अटारी बॉर्डर जैसे प्रमुख पर्यटन एवं आस्था केंद्र स्थित हैं, जहां वर्षभर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंचते हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि शैक्षणिक भ्रमण की दृष्टि से अमृतसर का विशेष महत्व है। वहीं व्यापारिक रूप से यह शहर ऊनी कपड़ों एवं कृषि उपकरणों के बड़े बाजार के रूप में जाना जाता है। जबलपुर-अमृतसर सीधी ट्रेन सेवा शुरू होने से क्षेत्र के हजारों यात्रियों को सुविधाजनक आवागमन का लाभ मिलेगा तथा रेलवे को भी पर्याप्त राजस्व प्राप्त होगा। प्रतिनिधिमंडल ने रेल प्रशासन से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए जबलपुर-अमृतसर नियमित ट्रेन सेवा शीघ्र प्रारंभ की जाए।

# श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण जन्म पर झूम उठे श्रद्धालु

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शहर के उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान जैसे भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान लोग झूमने-नाचने लगे। कथा व्यास मैहर धाम से पधारे मनीष गौतम महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। भागवत कथा के आयोजन से श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। भगवान श्रीकृष्ण की वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे। कथा वाचक ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के



आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया। आयोजक सेवानिवृत्त आयुध निर्माणी कर्मचारी सुशील कुमार शुक्ला, आशा शुक्ला ने आरती व पूजा पाठ किया। श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनने कथा स्थल में भारी संख्या में पुरुष और महिला श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# मुस्लिम समाज के होनहार बच्चों का सम्मान, सफलता पर गूंजा गौरव का स्वर



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** विजयराघवगढ़ शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मुस्लिम समाज के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान समारोह बड़े ही उत्साह और भावुक माहौल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शान मोहम्मद हाफिज बोरवेल्स एवं अशरफी पंप की ओर से कक्षा 10वीं 8वीं और 5वीं में प्रथम श्रेणी तथा उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण होने वाले मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। समारोह में बच्चों की इस शानदार सफलता पर उपस्थित लोगों ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि ये नन्हें सितारे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे विजयराघवगढ़ का नाम रोशन कर रहे हैं। विद्यार्थियों की मेहनत लगन और माता पिता के मार्गदर्शन का यह सुखद परिणाम है। सम्मानित होने वाले मेधावी विद्यार्थियों में ज़ैद अहमद (पिता नेहाल अहमद) ने कक्षा 10वीं में 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सरस्वती शिशु मंदिर का गौरव बढ़ाया। ख्वाहिश फातिमा (पिता अलाउद्दीन) ने कक्षा 10वीं में 95.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वारिका प्रसाद स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अर्शिया मंसूरी (पिता सलीम मंसूरी) ने कक्षा 8वीं में 92.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लक्ष्मी कॉन्वेंट स्कूल में शानदार सफलता हासिल की। खुशनुमा परवीन (पिता नेहाल अहमद) ने कक्षा 5वीं में 81.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो समाज को नई दिशा देता है। बच्चों की उपलब्धि पूरे समाज के लिए प्रेरणा है और ऐसे सम्मान समारोह अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम में राजू भाईजान शेख शहीद मो. सैफी सरताज सलीम शकील मो. आदिल सब्बीर कल्लू चाचा सोएब हारुन भाईजान याकूब भाई हाजी अशफाक एवं अरशद अशरफी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। समारोह का माहौल भावुक और गर्व से भरा रहा जहां बच्चों की सफलता पर तालियों की गूंज ने यह संदेश दिया कि विजयराघवगढ़ की नई पीढ़ी शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित कर रही है।

# माधव नगर में फिटनेस, मनोरंजन और स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों से उमड़ा जनसैलाब

## राहगीरी डे: जब सड़कें बनीं सेहत शाला ओर स्वच्छता की पाठशाला, तनाव को हराकर स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ा शहर

कटनी (स्वतंत्रमत)

रविवार की सुबह जब आम दिनों में शहर नींद में होता है, कटनी के माधवनगर की सड़कें सेहत शाला ओर स्वच्छता की पाठशाला से लबरेज नजर आई। नगर निगम प्रशासन की दूरदर्शी पहल राहगीरी डे ने साबित कर दिया कि स्वच्छता सिर्फ गलियों की सफाई नहीं, सोच की सफाई भी है और फिटनेस कोई लग्जरी नहीं, तनावमुक्त जीवन की बुनियादी जरूरत है। नगर निगम प्रशासन द्वारा आयोजित राहगीरी डे ने रविवार की सुबह माधव नगर के बाबा माधव शाह चिकित्सालय मार्ग को ऊर्जा, उत्साह और स्वच्छता जनजागरूकता के केंद्र में बदल दिया। फिटनेस और स्वच्छता को एक साथ जोड़ते इस अभिनव आयोजन में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी कर स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवनशैली का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगमायुक्त तपस्या परिहार, मेयर इन काउंसिल सदस्य मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता बीना संजू बैनर्जी, सुमन राजू माखीजा, पार्षद मौसुफ बिट्टू, श्याम पंजवानी, गोविंद चावला, सीमा श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद राजू माखीजा, निरंजन पंजवानी, राजा जगवानी, अजय सरावगी, डॉ ब्रह्मा जसूजा स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, उद्योगपति सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र के विभिन्न समाजसेवी





एवं भारी संख्या में नागरिकों की मौजूदगी रही।

### फिटनेस गतिविधियों ने बढ़ाया उत्साह

कार्यक्रम का शुभारंभ योगा से हुआ। इस दौरान रस्सा कशी, बोरा दौड़, सांप-सीढ़ी, पिट्ठू, शतरंज, कैरम साइकिलिंग, चेयर कंपीटीशन, बोरा दौड़, नींबू चम्मच दौड़ सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसका खुले आसमान के नीचे लोगों ने खुलकर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में नेहा मोटवानी की टीम की प्रस्तुति पर नागरिकों ने उत्साहपूर्वक जुंबा किया। महापौर एवं निगमायुक्त ने स्वयं योग और जुंबा में सहभागिता कर फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

**स्वच्छता जागरूकता का प्रभावी संदेश**-स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक एवं विभिन्न सेग्रीगेशन एवं स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक, गंदगी एवं अस्वच्छ वातावरण से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महापौर ने उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इको ब्रिक्स स्टॉल के माध्यम से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश रोचक ढंग से दिया गया।

**मैजिक शो एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध**-कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध जादूगर एम. कुमार द्वारा एक से बढ़कर एक अद्भुत एवं रोमांचक मैजिक शो प्रस्तुत कर स्वच्छता, जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं रस कला संगीत विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने ये चमक ये धमक सब कुछ सरकार तुम्ही से है के बोल पर दी गई मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति ने उपस्थित सभी जनों का मन मोह लिया। जिसकी उपस्थित जनों ने सराहना की।

**विजेता प्रतिभागी और स्वच्छता मित्रों का सम्मान**-कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों सहित स्थानीय वयोवृद्ध महिला पोपरी बाई को उत्साह पूर्ण सहभागिता के लिए स्वच्छता चैंपियन सैश एवं तुलसी का गमला भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं शहर की स्वच्छता व्यवस्था में विशेष योगदान देने वाले निगम के स्वच्छता मित्रों का भी सम्मान किया गया। महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त तपस्या परिहार ने कहा कि राहगीरी डे केवल मनोरंजन का आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ और स्वच्छ जीवनशैली को जनआंदोलन बनाने का प्रयास है। आगे भी नगर के अन्य वार्डों में राहगीरी डे का आयोजन कर नागरिकों को फिटनेस एवं स्वच्छता से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम ने यह संदेश प्रभावी रूप से दिया कि स्वस्थ नागरिक, स्वच्छ शहर और सकारात्मक जीवनशैली एक-दूसरे के पूरक हैं। इस दौरान निगम के अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# आज एसआरएच की पावर का सामना दमदार जीटी से होगा

अहमदाबाद (वार्ता)।

विस्फोटक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन अगुवाई वाली सनराइजर्स हैदराबाद की पावर का सामना शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस से मंगलवार को होगा। दोनों टीमों की सबसे बड़ी ताकत और सबसे बड़ा रिस्क उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जानी जाती है जोकि आईपीएल 2026 में सबसे खतरनाक लाइनअप में से एक रहा है।



### अभिषेक शर्मा ने बार-बार धमाकेदार शुरुआत दी

हेनरिक क्लासेन जैसे खिलाड़ी हैं, जिनकी मध्यवर्ती ओवरों में पावर-हिटिंग कुछ ही ओवरों में गेंदबाजी आक्रमण को खत्म कर सकती है, और अभिषेक शर्मा, जिन्होंने बार-बार धमाकेदार शुरुआत दी है जिससे बड़े स्कोर का माहौल बना है। उनके साथ, ट्रैविस हेड टॉप पर निडर इरादा लाते हैं, जबकि ईशान किशन मिडिल ऑर्डर में आक्रामक और स्थिरता का मिश्रण लाते हैं। अधिकतर मैदानों पर, यह कॉम्बिनेशन विरोधी गेंदबाजी आक्रमण को विफल करने के लिए काफी है। लेकिन अहमदाबाद ज़्यादातर ग्राउंड्स जैसा नहीं है।

### एसआरएच को अहमदाबाद में हमेशा मुश्किल हुई

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, सनराइजर्स हैदराबाद ने बार-बार खुद को एक ऐसे पैटर्न में फंसा हुआ पाया है जिसे वे आसानी से नहीं तोड़ सकते। बल्लेबाजी के लिए अच्छी जगह होने के बावजूद, गुजरात टाइटन्स की स्थिति, मैच रफ्तार और दबाव वाले पलों पर कंट्रोल हमेशा उनके पक्ष में रहा है। नंबर इसे साफ दिखाते हैं गुजरात टाइटन्स का एसआरएच के खिलाफ 5-1 का हेड-टू-हेड रिकॉर्ड है, और एसआरएच को अहमदाबाद में मौकों को जीत में बदलने में हमेशा मुश्किल हुई है।

### गिल का फॉर्म टीम के लिए एक पिलर रहा है

इस बार, गुजरात टाइटन्स इस विश्वास के साथ मुकाबले में उतर रही है जो सोचा हुआ नहीं बल्कि कमाया हुआ लगता है। शुभमन गिल की अगुवाई में, उन्होंने टॉप पर निरंतरता और बीच के ओवरों में अनुशासन के आस-पास अपना अभियान बनाया है। गिल का फॉर्म टीम के लिए एक पिलर रहा है, जिसे साई सुदर्शन के लगातार रन बनाने और जोस बटलर की ज़रूरत पड़ने पर तेजी से रन बनाने की काबिलियत का सपोर्ट मिला है। टाइटन्स की बल्लेबाजी हमेशा धमाकेदार नहीं होती।

### बीच के ओवरों में एक अहम ताकत बने हुए हैं राशिद

गुजरात असल में अपने गेंदबाजी आक्रमण में खुद को अलग करती है। राशिद खान बीच के ओवरों में एक अहम ताकत बने हुए हैं, जो एक ही स्पेल में मोमेंटम बदलने में काबिल हैं। उनके साथ, कगिसो रबाडा नई गेंद से पेस और विकेट लेने का खतरा लाते हैं, जबकि मोहम्मद सिराज और जेसन होल्डर गहराई देते हैं जिससे जीटी कुछ पलों के बजाय फेज़ में आक्रमण कर पाती है। इस बैलेंस ने उन्हें मैच कंट्रोल करने में मदद की है, तब भी जब विरोधी टीम मज़बूत शुरुआत करती है।

### लाइट्स में, ओस हालात बदल सकती है

इस मुकाबले की कहानी केवल फॉर्म के बारे में नहीं है, बल्कि पहचान के बारे में है। सनराइजर्स हैदराबाद आधुनिक टी-20 में अपने पीक पर आक्रामकता दिखाता है। तेज स्कोरिंग, निडर इरादा और गेंदबाजो पर लगातार दबाव। गुजरात टाइटन्स कंट्रोल, कैलकुलेशन और उस दबाव को झेलने की क्षमता दिखाता है, फिर जवाबी हमला करता है। यहां तक कि जगह भी एक और परत जोड़ती है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अपने असली बाउंस और तेज आउटफील्ड के साथ, अक्सर आक्रामक बल्लेबाजी को इनाम देता है।



# आईसीसी की वार्षिक वनडे रैंकिंग में भारत शीर्ष पर बरकरार

दुबई (वार्ता)

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वार्षिक एकदिवसीय रैंकिंग में भारतीय टीम शीर्ष पर बनी हुई है। आईसीसी ने सोमवार को पुरुष एकदिवीय रैंकिंग जारी की है, जिसमें भारत नंबर-वन बना हुआ है। हालांकि, शीर्ष पर उसकी बढ़त जरूर कम हो गई है। ताजा रैंकिंग में भारत की रेटिंग 119 से गिरकर 118 हो गई है। वहीं, न्यूजीलैंड को दो अंक मिले हैं। यह टीम 113 रेटिंग के साथ दूसरे पायदान पर है। अब शीर्ष-2 टीमों के बीच अंतर आठ से घटकर पांच ही रह गया है। मौजूदा विश्व कप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 109 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। शीर्ष 10 पोजीशन में एकमात्र बदलाव यह है कि दक्षिण अफ्रीका (102) पाकिस्तान (98) को पीछे छोड़कर चौथे स्थान पर आ गया है।

हालांकि, नौवें स्थान पर मौजूद बंगलादेश और वेस्ट इंडीज के बीच के अंतर में एक बड़ा बदलाव आया है, जो बढ़कर 10 अंक हो गया है। अन्य बदलावों में, आयरलैंड जिम्बाब्वे को पछाड़ कर 11वें स्थान पर आ गया है, अमेरिका, स्कॉटलैंड से ऊपर 13वें स्थान पर आ गया है, और संयुक्त अरब अमीरात अब कनाडा से आगे 19वें स्थान पर है।

पिछले हफ्ते हुए सालाना अपडेट के बाद आईसीसी पुरष टी-20 रैंकिंग में भी भारत शीर्ष पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया टेस्ट रैंकिंग में टॉप पर है। ऑस्ट्रेलिया महिला एकदिवसीय और टी-20 दोनों सूची में नंबर वन है।



# कोच एंडी फ्लावर पर लगा जुर्माना

**रायपुर (वार्ता)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान आचार संहिता लेवल वन 'अश्लील भाषा' के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने कहा कि फ्लावर ने कोड ऑफ़ कंडक्ट के आर्टिकल 2.3 को तोड़ा, जो मैच के दौरान सुनाई देने वाली गाली-गलौज के इस्तेमाल से जुड़ा है। यह घटना आरसीबी के रन-चेज के 17.2वें ओवर में हुई जब फ्लावर की चौथे अंपायर के साथ तीखी बहस हुई। यह विवाद क्रुणाल पांड्या से जुड़े एक विवादित बाउंड्री कॉल के बाद हुआ। ए एम गजनफर का सामना करते हुए, क्रुणाल ने गेंद को वाइड लॉन्ग-ऑन की ओर उछाला, जहाँ नमन धीर ने रस्सियों के पास कैच लिया और बाउंड्री लाइन पार करते हुए तिलक वर्मा की ओर पैरी किया। तिलक ने कैच पूरा नहीं किया और ऐसा लगा कि उन्होंने छक्के का इशारा किया, शायद नमन ने गलती से एक बूट को दूसरे से टकराकर बाउंड्री कुशन से कॉन्टैक्ट कर लिया। लेकिन, रिप्ले में दिखा कि धीर ने कोशिश के दौरान कुशन को नहीं छुआ था। क्रुणाल, जिन्हें ऐंठन हो रही थी, ने रन लेने की कोशिश नहीं की, और आखिर में गेंद डॉट बॉल हो गई।

# नूपुर कुमरावत ने 50मी राइफल प्रोन महिला इवेंट में टॉप किया

**भोपाल (वार्ता)।** मध्य प्रदेश की नूपुर कुमरावत 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप में 50मी राइफल प्रोन विमेन आईएसएसएफ इवेंट में टॉप पर रहीं, जो अभी मध्य प्रदेश स्टेट शूटिंग एकेडमी में चल रही है। नूपुर ने शानदार परफॉर्मेंस देते हुए विमेन्स फील्ड में 624.3 के स्कोर के साथ टॉप किया। आर्मी मार्क्समैनशिप यूनिट की प्रिया 623.9 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि महाराष्ट्र की भक्ति भास्कर खामकर ने 622.2 के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। पंजाब की अंजुम मुद्गिल 621.7 के साथ चौथे, गुजरात की लज्जाकुमारी तिलकपुरी गोस्वामी 620.0 के साथ पांचवें, केरल की विदरसा के विनोद 619.2 के साथ छठे, गुजरात की पल्लवी सुथार और रा 618.3 के साथ सातवें टॉप आठ में रहीं।



### 50मी राइफल प्रोन जूनियर महिला

तमिलनाडु की एम.ए. अक्षदा ऐश्वर्या ने 618.2 के शानदार स्कोर के साथ जूनियर महिला खिताब जीता। पंजाब की निमरत कौर बराड़ ने 617.7 के साथ सिल्वर मेडल जीता, जबकि मध्य प्रदेश की प्रथा राठौड़ ने 617.6 के साथ ब्रॉन्ज़ मेडल जीता। मध्य प्रदेश की युगेश्वरी बैस 616.6 के साथ चौथे स्थान पर रहीं, पंजाब की प्रांजलि 616.3 के साथ पांचवें स्थान पर, राजस्थान की खुशी जडेजा 616.3 के साथ छठे स्थान पर, एनसीसी की भूमि संजय महाजन 615 के साथ सातवें स्थान पर रहीं।

### 50मी राइफल प्रोन यूथ विमेन

डबल्स पूरा करते हुए, एम.ए. अक्षदा ऐश्वर्या ने भी 618.2 के स्कोर के साथ यूथ विमेन इवेंट में टॉप किया, जिससे सभी कैटेगरी में उनका दबदबा दिखा। पंजाब की निमरत कौर बराड़ 617.7 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि मध्य प्रदेश की प्रथा राठौड़ ने 617.6 के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। मध्य प्रदेश की युगेश्वरी बैस 616.6 के साथ चौथे स्थान पर रहीं, पंजाब की प्रांजलि 616.3 के साथ पांचवें स्थान पर, राजस्थान की खुशी जडेजा 616.3 के साथ छठे स्थान पर, एनसीसी की भूमि संजय महाजन 615.5.3 के साथ सातवें स्थान पर रहीं।



# सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन में पेश करेंगे भारतीय चुनौती

**बैंकॉक (वार्ता)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से निमिबुत्र स्टेडियम में शुरू होने वाले थाईलैंड ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन सात्विक-चिराग, जो पुरुषों की युगल बैडमिंटन रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं, की थाईलैंड ओपन से अच्छी यादें जुड़ी हैं, उन्होंने 2019 और 2024 में दो बार बीडब्ल्युएफ सुपर 500 टूर्नामेंट जीता है। ब्रदर्स ऑफ डिस्ट्रक्शन तीसरा खिताब जीतने की कोशिश में होंगे और यह जोड़ी थॉमस कप में अच्छे नतीजों के बाद इस टूर्नामेंट में आ रही है, जहां उन्होंने भारत को ब्रॉन्ज़ मेडल दिलाने में मदद की थी। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और किदांबी श्रीकांत, जो थॉमस कप कैंपेन में सैट-ची के टीममेट थे, थाईलैंड में पुरुषों के एकल वर्ग में भारतीय अभियान की शुरुआत करेंगे। श्रीकांत पहले भी चैंपियन रह चुके हैं, उन्हें 2013 में पुरुषों का एकल खिताब जीता था। मानव चौधरी क्वालिफायर में सुपर 500 टूर्नामेंट में अपना डेब्यू करेंगे और उनका मुकाबला पेरिस 2024 ओलंपिक ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट मलेशिया के ली ज़ी जिया से होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु थाईलैंड ओपन में भारत के महिला एकल अभियान की अगुवाई करेगी। मालविका बंसोड़, उन्नति हुड्डा, अनमोल खरब और तन्वी शर्मा भी एशियन मीट में इंप्रेस करना चाहेंगी।

# चावल मजबूत- गेहूं, चीनी में रही नरमी



**नयी दिल्ली (वार्ता)** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। गेहूं और चीनी की कीमतों में नरमी रही जबकि दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ का रुख देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 89 रुपये बढ़कर 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं चार रुपये सस्ता हुआ और 2,780 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। आटे की कीमत भी 46 रुपये घट गयी। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। उड़द दाल की औसत कीमत 36 रुपये और मूंग दाल की 19 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी। वहीं, तुअर दाल 42 रुपये और मसूर दाल 18 रुपये महंगी हुई। चना दाल नौ रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 11 रिंगिट चढ़कर 4,516 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74.90 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में ज्यादातर खाद्य तेलों पर दबाव रहा। पाम ऑयल औसतन 106 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ।

# सिंधुजा माइक्रोक्रेडिट ने जुटाई 50 लाख डॉलर की पूंजी

**नयी दिल्ली,(वार्ता)** स्वरोजगार करने वाली महिला उद्यमियों को वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाली नयी पीढ़ी की डिजिटल और ग्रामीण-केंद्रित माइक्रोफाइनेंस संस्था सिंधुजा माइक्रोक्रेडिट ने प्री-सीरीज़ डी फंडिंग राउंड में 50 लाख डॉलर (लगभग 47 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस राउंड में मौजूदा निवेशकों एब्लर नॉर्डिक, गावा कैपिटल (अपनी निवेश इकाई हुरुमा फंड) और ओइकोक्रेडिट ने भाग लिया। जुटाई गई राशि का उपयोग कंपनी के पूंजी आधार को मजबूत करने, व्यवसाय विस्तार और वंचित समुदायों तक जिम्मेदार ऋण की पहुंच बढ़ाने के लिए किया जायेगा। सिंधुजा माइक्रोक्रेडिट के सह-संस्थापकों अभिषेक कुमार और मल्कित सिंह डिड्याला ने बयान में कहा, हम निम्न-आय वर्ग की महिलाओं और वंचित परिवारों तक पहुंचने के अपने मिशन में उल्लेखनीय प्रगति कर रहे हैं। साथ ही, हम वित्तीय रूप से बहिष्कृत लोगों और एमएसएमई के लिए कुशल, ग्राहक-अनुकूल और तकनीक-सक्षम समाधानों के माध्यम से वित्तीय सेवाओं को सुलभ बना रहे हैं।

# अकासा एयर 16 जून से नोएडा से शुरू करेगी उड़ान

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** नवोदित विमान सेवा कंपनी अकासा एयर ने आगामी 16 जून से उत्तर प्रदेश के जेवर स्थित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ानें शुरू करेगी। अकासा एयर ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह 16 जून को नोएडा से बेंगलुरु और नवी मुंबई के लिए उड़ानें शुरू करने वाली है। दोनों दैनिक उड़ानें होंगी। नवी मुंबई की उड़ान सुबह 10.15 बजे और बेंगलुरु की शाम 7.55 बजे रवाना होगी। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन इस साल मार्च में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। इस एयरपोर्ट से पहली वाणिज्यिक उड़ान 15 जून को शुरू होगी। दिल्ली के इंदिरा गांधी




अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाद यह दिल्ली-एनसीआर का दूसरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है। अकासा एयर के सह-संस्थापक और मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी आनंद श्रीनिवासन ने कहा, जैसे-जैसे देश का विमानन बाजार विस्तार कर रहा है, विकास को बनाये रखने के लिए सही अवसंरचना केंद्रों पर क्षमता निर्माण बेहद महत्वपूर्ण होगा। आधुनिक बुनियादी ढांचे, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी और दीर्घकालिक क्षमता संभावनाओं के साथ, नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तक पहुंच को बदल देगा।




# अबेकस म्यूचुअल फंड ने पार किया पांच हजार करोड़ एयूएम का आंकड़ा

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** अबेकस म्यूचुअल फंड ने प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति (एयूएम) में पांच हजार करोड़ रुपये का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है। कंपनी ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि फंड हाउस के यूनीक निवेशकों की संख्या एक लाख के पार पहुंच गयी है, जो निवेशकों और वितरण भागीदारों के बढ़ते भरोसे को दिखाता है। अबेकस म्यूचुअल फंड ने दिसंबर 2025 में अपनी पहली स्कीम बाजार में पेश की थी। फ्लेक्सी कैप फंड कैटेगरी में उसकी पहली इक्विटी पेशकश को न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) के दौरान 2,468 करोड़ रुपये का मजबूत प्रतिसाद मिला था। वर्तमान में वह फ्लेक्सी कैप फंड, स्मॉल कैप फंड और एक लिक्विड फंड सहित कुल तीन स्कीम का प्रबंधन कर रहा है। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि 08 मई 2026 तक फंड हाउस का कुल एयूएम 5,482 करोड़ रुपये रहा।

# सेंसेक्स एक महीने के निचले स्तर पर

### टाइटन का शेयर सात प्रतिशत टूटा

मुंबई (वार्ता)।

लोगों से कई मदों में खर्च कम करने की प्रधानमंत्री की अपील के बाद घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को बड़ी गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक एक महीने से अधिक के निचले स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,312.91 अंक (1.70 प्रतिशत) लुढ़ककर 76,015.28 अंक पर आ गया। यह 07 अप्रैल के बाद का इसका निचला स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 360.30 अंक यानी 1.49 प्रतिशत गिरकर 09 अप्रैल के बाद के निचले स्तर 23,815.85 अंक पर रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयातित वस्तुओं की खरीद कम करने और विदेशी मद्रा बचाने की अपील के बाद बाजार में विदेशी मुद्रा भुगतान संबंधी दबाव को लेकर चिंता दिखी। एक साल तक सोना न खरीदने की उनकी अपील से ज्वेलर्स कंपनियों के शेयरों में नौ प्रतिशत तक की गिरावट देखी गयी।

अनावश्यक विदेश यात्रा न करने की अपील से विमान सेवा कंपनियों के शेयर भी साढ़े चार प्रतिशत टूट गये। वृहत बाजार में भी गिरावट रही। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.83 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक



1.13 प्रतिशत गिर गया। एफएमसीजी फार्मा और स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य सूचकांकों में गिरावट रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, सार्वजनिक बैंकों, रियलटी, मीडिया, वित्त और ऑटो समूहों पर ज्यादा दबाव देखा गया। एनएसई में जिन 3,420 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,364 के शेयर लाल निशान में और 961 के हरे निशान में रहे। अन्य 95 कंपनियों के शेयर अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 24 के शेयर लाल निशान में रहे। कंपनियों में तनिष्क ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली टाइटन का शेयर 6.83 प्रतिशत लुढ़क गया। इंडिगो में 4.94 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक में 4.52, भारती एयरटेल में 4.18 और इटरनल में 4.08 प्रतिशत की गिरावट रही।

रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 3.31 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 2.55, एनटीपीसी का 2.32, एचडीएफसी बैंक का 2.13, बजाज फाइनेंस का 1.98, बीईएल का 1.80, मारुति सुजुकी का 1.77, ट्रेंट का 1.49, एशियन पेंट्स का 1.29 और टाटा स्टील का 1.12 प्रतिशत फिसल गया।

बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर भी नीचे बंद हुए। सन फार्मा में 1.36 फीसदी की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर और अडानी पोर्ट्स के शेयर भी हरे निशान में रहे।

वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 1.08 प्रतिशत और हांगकांग का हैंग सेंग 0.05 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। जापान का निक्केई 0.47 प्रतिशत की गिरावट में रहा। यूरोप में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.35 प्रतिशत ऊपर था जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.25 प्रतिशत की गिरावट थी।

# जंगलराज का पर्याय बन चुका है मध्यप्रदेश : जीतू पटवारी

भोपाल (स्वतंत्र मत)



सतना में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार और भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने विधायकों, मंत्रियों, उनके रिश्तेदारों और कार्यकर्ताओं को खुली छूट दे दी है कि वे जितनी अराजकता फैलाना चाहें फैलाएँ, क्योंकि सरकार उनकी है। प्रदेश में लगातार ऐसी घटनाएँ सामने आ रही हैं जहाँ मंत्री, विधायक और उनके समर्थक अपराधों में संलिप्त पाए जा रहे हैं।

***प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद*** – श्री पटवारी ने शिवपुरी में भाजपा विधायक प्रीतम लोधी द्वारा अधिकारियों को धमकाने और अभद्र भाषा का प्रयोग करने की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं की भाषा, व्यवहार और प्रशासनिक तंत्र को डराने-धमकाने की प्रवृत्ति प्रदेश की स्थिति को स्पष्ट करती है। उन्होंने कहा कि जब सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि ही प्रशासन को भयभीत करेंगे तो कानून व्यवस्था कैसे कायम रह सकती है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश अब जंगलराज का पर्याय बन चुका है। बिहार और उत्तरप्रदेश को लेकर जो बातें पहले कही जाती थीं, अब वही स्थिति मध्यप्रदेश में दिखाई दे रही है। प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और सरकार पूरी तरह मूकदर्शक बनी हुई है।

***भ्रष्टाचार भाजपा सरकार की पहचान***– श्री पटवारी ने कहा कि भ्रष्टाचार भाजपा सरकार की पहचान बन चुका है। यदि भ्रष्टाचार का सिक्का उछाला जाए तो एक तरफ भाजपा और दूसरी तरफ भ्रष्टाचार दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश का शायद ही कोई ऐसा सरकारी कार्यालय बचा हो जहाँ बिना भ्रष्टाचार के आम जनता का काम हो रहा हो। भ्रष्टाचार भाजपा के खून में इस तरह दौड़ने लगा है कि उसका सीधा असर जनता पर पड़ रहा है।

***अपराधों मे लगातार शीर्ष पर बना हुआ हैं प्रदेश***– उन्होंने उपस्थित पत्रकारों से कहा कि यदि सतना और रीवा संभाग में कोई ऐसा कार्यालय हो जहाँ बिना भ्रष्टाचार के जनता का काम हो रहा हो तो कांग्रेस पार्टी उस कार्यालय का नागरिक अभिनंदन करेगी। श्री पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र की मर्यादाओं का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह मानती है कि जो जीता वही सिकंदर, लेकिन विपक्ष होने के बावजूद जनता की आवाज उठाना और सरकार की विफलताओं को सामने लाना उसका दायित्व है। उन्होंने हाल ही में जारी एनसीआरबी रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि देशभर में होने वाले कुल अपराधों में 32 प्रतिशत अपराध मध्यप्रदेश में दर्ज होना भाजपा सरकार के जंगलराज का जीवंत प्रमाण है। महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों में प्रदेश लगातार शीर्ष पर बना हुआ है।

***प्रदेश में बेटियाँ सुरक्षित नहीं***– श्री पटवारी ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति अत्यंत भयावह हो चुकी है। प्रतिदिन 32 बेटियों के लापता होने की घटनाएँ सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार लाड़ली बहना योजना और महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण की बात कर महिलाओं को गुमराह कर रही है, वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में बेटियाँ सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब बेटियाँ सुरक्षित नहीं रहेंगी तो उनका भविष्य कैसे सुरक्षित होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में हर तीसरे घंटे एक बेटी के साथ दुष्कर्म हो रहा है और प्रतिदिन औसतन 26 दुष्कर्म की घटनाएँ सामने आ रही हैं, जो अत्यंत शर्मनाक और चिंताजनक स्थिति है।

***अपराधियों में कानून का भय समाप्त हो चुका***– श्री पटवारी ने कहा कि आदिवासियों, दलितों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के खिलाफ अत्याचार के मामलों में मध्यप्रदेश लगातार देश में बदनाम हो रहा है। भाजपा सरकार कानून व्यवस्था संभालने में पूरी तरह असफल साबित हुई है। उन्होंने प्रदेश के गृह मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि वे पूरी तरह नाकारा और निकम्मे साबित हुए हैं। अपराधियों में कानून का भय समाप्त हो चुका है और सरकार की निष्क्रियता के कारण प्रदेश की जनता भय के माहौल में जीने को मजबूर है। उन्होंने मांग की कि प्रदेश सरकार अपराध और भ्रष्टाचार पर तत्काल कठोर कार्रवाई करे तथा महिलाओं, दलितों, आदिवासियों, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जवाबदेही तय करे।

# वन्यजीव संरक्षण में नए आयाम स्थापित कर रहा है मध्यप्रदेशः सीएम डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने कूनो नेशनल पार्क में दो मादा चीतों को प्राकृतिक आवास में किया मुक्त





भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेशवासियों को प्रोजेक्ट चीता के रूप में बड़ी सौगात मिली है। मध्यप्रदेश वन्यजीव संरक्षण की दिशा में लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है। चीता पुनर्वास के लिए श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क में सोमवार को दो मादा चीतों को प्राकृतिक आवास में छोड़ा गया। ये दोनों चीते बोत्सवाना से लाए गए हैं, इसके बाद इन्हें कूनो नेशनल पार्क के क्वारंटीन बाड़े में रखा गया था। अब दोनों चीते उनके लिए अनुकूल प्राकृतिक वातावरण में स्वतंत्र रूप से विचरण कर रहे हैं। प्रदेश सरकार की इस पहल से प्रदेश में जारी प्रोजेक्ट चीता को विस्तार और नई रफ्तार मिली है, यह कदम वन्यजीवों के साथ हमारी सहअस्तित्व की भावना को प्रकट करता है। बोत्सवाना से चीतों के पुनर्वास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी तथा केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव का भी आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को कूनो नेशनल पार्क में चीतों को मुक्त करने के बाद मीडिया से चर्चा कर रहे थे।

***57 हो गई है प्रदेश में चीतों की संख्या***– मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण में अग्रणी मध्यप्रदेश में अब 5000 वर्ग किलोमीटर भूमि पर चीते मुक्त विचरण करते हुए अपना कुनबा बढ़ा रहे हैं। वर्तमान में राज्य में चीतों की संख्या बढ़कर 57 हो चुकी है, चीते अब परिवार की तरह घुल-मिलकर रहने लगे हैं। प्रदेश के श्योपुर, कूनो, पालनपुर, राजगढ़ सहित मालवा और चंबल के क्षेत्र में चीते विचरण करते नजर आते हैं। कई बार तो ये मध्यप्रदेश से राजस्थान तक फर्राटा भरते हैं। उल्लेखनीय है कि इन चीतों के आगमन के साथ भारत में चीतों की कुल संख्या, देश में जन्मे शावकों सहित, बढ़कर 57 हो गई है।

***चीतों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया***– मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की धरती ने चीतों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराकर , उन्हें पुनर्स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर अपने परिवार का हिस्सा बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगभग साढ़े तीन वर्ष पहले कूनो में चीता प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। आज देश में चीता पुनर्स्थापना का यह प्रोजेक्ट सफलता के साथ में आयामों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य में मध्यप्रदेश नित नए कीर्तिमान रच रहा है। यह बात उन्होंने श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में 2 मादा चीतों को खुले जंगल में विमुक्त करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कूनो नदी के किनारे स्थित चीता रिलीज साइट पर सीसीवी -2, सीसीवी -3 चीतों को खुले जंगल में छोड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश धर्म, निवेश एवं जैव विविधता के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका और अब बोत्सवाना से लाए गए चीतों के पुनर्स्थापन को निरंतर सफलता मिल रही हैं और आज प्रदेश ने देशभर में चीता स्टेट के रूप में पहचान बनाई है।

## टैलेंट हंट प्रोग्राम के फाइनल इंटरव्यू आगामी 12 एवं 13 मई को

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग द्वारा आयोजित टैलेंट हंट प्रोग्राम के अंतर्गत चयनित प्रतिभागियों के फाइनल इंटरव्यू आगामी



12 एवं 13 मई 2026 को प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय, भोपाल में संपन्न होंगे। मध्यप्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दो दिवसीय प्रक्रिया में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रवक्ता, रिसर्च कोऑर्डिनेटर तथा पब्लिसिटी कोऑर्डिनेटर पदों हेतु चयन किया जाएगा। साथ ही पूर्व में आयोजित साक्षात्कार के आधार पर जिला एवं संभागीय प्रवक्ताओं का भी चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फाइनल इंटरव्यू प्रक्रिया में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग द्वारा नियुक्त जोनल कोऑर्डिनेटर अनिल यादव, स्टेट कोऑर्डिनेटर अखिलेश प्रताप सिंह, एआईसीसी मीडिया विभाग के कोऑर्डिनेटर अर्चित सिंह एवं टेक्निकल कॉर्डिनेटर अर्श खान सहित वरिष्ठ पैनल उपस्थित रहेगा। श्री नायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मीडिया एवं संचार के क्षेत्र में युवा, प्रतिभाशाली और वैचारिक रूप से मजबूत नेतृत्व तैयार करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। यह पहल संगठन की विचारधारा को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर उन्होंने फाइनल इंटरव्यू के लिए चयनित सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत विशेषज्ञ स्वास्थ्य जांच क्लीनिक संपन्न

दमोह (स्वतंत्र मत)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके अठया ने बताया प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आज विशेषज्ञों की उपस्थिति में सिविल अस्पताल हटा सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ की उपस्थिति में विशेष स्वास्थ्य जॉच, परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने बताया शिविर में पूर्व से चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं एवं जिन गर्भवती की अनुमानित प्रसव तिथी माह मई के दूसरे सप्ताह में हैए विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक में पहुची महिलाओं की फॉलोअप स्वास्थ्य जांच परीक्षण एवं समुचित उपचार सेवा स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा दिया गया। शिविर में 453 गर्भवती महिलाओं ने विशेष स्वास्थ्य क्लीनिक में पहुचकर विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चटर्जी ने बताया कि विशेष स्वास्थ्य क्लीनिक दौरान गर्भवती महिलाओं की सुविधाओं का खास ध्यान रखा गया। अलग से ओपीडी में बैठने की उचित व्यवस्था, जांच एवं प्रयोगशाला जांच के लिए पृथक से काउंटर बनाये गये। पेयजल एवं स्वल्पाहार के रूप में पौष्टिक, स्वादिष्ट खिचड़ी प्रदाय किया गया। चिकित्सकों द्वारा पोषण परामर्श दिया गया तथा गर्भवती महिलाओं को आयरन एवं कैल्शियम टेबलेट का वितरण भी किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सीएचओ द्वारा जिन गर्भवती की अनुमानित प्रसव तिथी माह अप्रेल में है उनमें जोखिम चिन्हों की पहचान समुचित प्रबंधन, सभी पंजीकृत गर्भवती महिलाओं एवं सप्ताह के दौरान नवीन चिन्हित गर्भवती महिलाओं, अनियमित मासिक चक्र वाली महिलाओं में जोखिम चिन्हों की पहचान एवं समुचित प्रबंधन जैसी स्वास्थ्य सेवाए प्रदायित की गई। सिविल अस्पताल हटा में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनीता तंतुवाय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रियंका छाबड़ा, तेन्दूखेड़ा में डॉ रवेन्द्र कुमारए बटियागढ़ में डॉ मिताली हैरिसन, जबेरा में डॉ. नेहा गौतम, हिण्डोरिया में स्किल लैब प्रशिक्षित एएमओ ज्योति, पटेरा में एएमओ रंजीता गांगरा ने अपनी सेवाएं दी।

## भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

दमोह (स्वतंत्र मत)। भारतीय जनता पार्टी दमोह द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग 9 एवं 10 मई का द्वितीय दिवस सुव्यवस्थित विभिन्न विषयों पर क्रमबद्ध सत्र आयोजित कर कार्यकर्ताओं को वैचारिक एवं संगठनात्मक रूप से सशक्त किया गया। प्रथम दिवस के छह सत्रों एवं रात्रि विश्राम के पश्चात द्वितीय दिवस की शुरुआत योग एवं व्यायाम के साथ हुई जिसमें कार्यकर्ताओं को स्वस्थ जीवनशैली एवं अनुशासन का संदेश दिया गया। द्वितीय दिवस में सप्तम सत्र के विषय विचार परिवार में भाजपा के



वैचारिक आधार, संगठन के प्रेरणा स्रोत एवं राष्ट्रवादी विचारधारा पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ता बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक अनुराग प्यासी ने कार्यकर्ताओं को विचार परिवार की मूल भावना से अवगत कराया। सत्र की अध्यक्षता पूर्व विधायक श्रीमती सोना बाई अहिरवार ने की। अष्ठम सत्र कार्य विस्तार विषय पर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने एवं जनसंपर्क बढ़ाने के उपाय बताए गए। इस सत्र को मध्यप्रदेश शासन में वन मंत्री दिलीप अहिरवार ने संबोधित किया। एवं सत्र की अध्यक्षता जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र गुरू ने की। नवम सत्र में प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई। जिला प्रभारी श्रीमती अर्चना सिंह ने कार्यकर्ताओं से इन योजनाओं को जनजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। सत्र की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष राम सींग ने की। दशम सत्र में देश के समसामयिक राजनीतिक एवं सामाजिक विषय में वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सामाजिक चुनौतियों एवं संगठन की भूमिका पर चर्चा की गई। वक्ता संभागीय प्रशिक्षण वर्ग संयोजक जाहर सिंह ने कार्यकर्ताओं को सजग एवं सक्रिय रहने का संदेश दिया। सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला महामंत्री भाव सिंह लोधी ने की।

## 15 मई तक बढ़ी समाधान योजना

**दमोह।** विद्युत बकायादार उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु मप्र शासन द्वारा समाधान योजना को 15 मई तक बढा दिया गया है। जिसमें पात्र बकायादार उपभोक्ता अपनी बकाया राशि जमा करते हुए सरचार्ज में रियायत का फायदा ले सकते हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है, जो सरचार्ज के कारण मूल राशि जमा नहीं कर पा रहे हैं। अब उन्हें समाधान योजना में सरचार्ज में नियमानुसार छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है। योजना में पात्र उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु दमोह जिले में विद्युत वितरण कंपनी के प्रत्येक वितरण केन्द्र में शिविर लगाये जा रहे हैं। पात्र बकायादार उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे समाधान योजना का लाभ उठाकर अपना बकाया बिल समय पर जमा करें। जिससे उनका विद्युत कनेक्शन सुचारू रूप से चालू रहे और उन्हें भविष्य में अतिरिक्त सरचार्ज का भुगतान न करना पड़े। अधीक्षण अभियंता अमित चौहान ने बताया विस्तृत जानकारी हेतु समीपस्थ विद्युत वितरण केन्द्र कार्यालय में संपर्क करे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं मोहित अडनानी पिता श्री संजय अडनानी निवासी मकान नं. 86, ए.पी.आर. कॉलोनी, कटंगा, जिला जबलपुर यह कथन करता हूँ कि मेरे पूर्व पासपोर्ट संख्या G2314857 जो भोपाल मध्य प्रदेश से जारी हुआ था। उक्त पासपोर्ट में मेरे पिताजी का नाम संजय कुमार अडनानी दर्ज है। परन्तु मेरे सभी दस्तावेजो, जैसे अंकसूची, पेन कार्ड, आधार कार्ड, आदि में पिताजी का नाम संजय अडनानी दर्ज है जो सही है। अतः अब से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना ना जावें।

पिताजी का गलत नाम
संजय कुमार अडनानी
(Sanjay Kumar Adnani)

पिताजी का सही नाम
संजय अडनानी
(Sanjay Adnani)

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुरवा कालोनी जबलपुर में भवन क्रमांक एलआईजी-929 एवं एलआईजी-930 श्री अंगूर सोनकर पिता श्री रामस्वरूप सोनकर के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 26.5.2015 एवं 22.5.2015 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री अंगूर सोनकर, अधिकृत श्री अजीत कुमार एसबीआई बैंक जबलपुर ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 24/7/2025 के माध्यम से श्री आशीष ठाकुर पिता श्री सोमनाथ सिंह को विक्रय किया है अत श्री आशीष ठाकुर द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तातरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण / (भवन/भूखण्ड) बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैध आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर में भवन क्रमांक EWS-166 श्री रत्नेश ब्योहार पिता श्री आर.पी. ब्योहार के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 15.12.2017 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री रत्नेश ब्योहार पिता श्री आर.पी. ब्योहार ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 27.04. 2026 के माध्यम से श्रीमती ममता कोष्टा पति श्री मदनलाल कोष्टा को विक्रय किया है। अतः श्रीमती ममता कोष्टा पति श्री मदनलाल कोष्टा द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन नामांतरण/हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर में स्थित भूखण्ड क्रमांक- ई.डब्ल्यू. एस. - 334 श्री चंद्रकांत पॉल पिता श्री रघुवर पॉल के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 04.09.2023 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्री चंद्रकांत पॉल पिता श्री रघुवर पॉल ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 16.10.2025 के माध्यम से श्रीमती आरती मेहरा पति श्री मुकेश मेहरा को विक्रय किया है। अतः श्रीमती आरती मेहरा पति श्री मुकेश मेहरा द्वारा उक्त भूखण्ड उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हाथीताल कॉलोनी जबलपुर में भवन क्रमांक E- 06 श्री राम राव जाधव पिता स्व. श्री तुकाराम जाधव के नाम आवंटित है, आवंटी श्री राम राव जाधव पिता स्व. श्री तुकाराम जाधव से प्राप्त आवेदन / संयुक्त शपथ पत्र एवं निधारित दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन श्रीमती नमिता नागर पति स्व. श्री सुनील नागर के नाम हस्तांतरण कि कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन हस्तांतरण बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर हाथीताल कॉलोनी जबलपुर में स्थित भवन क्रमांक E-06 श्रीमती नमिता नागर पति स्व. श्री सुनील नागर के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/ दावा मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कालेज के पास धनवंतरी नगर, जबलपुर -482003**

**फ्री-होल्ड की आपत्ति आमंत्रण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पी.पी.कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमांक LIG-73 श्री गोविंद प्रसाद सोनी पिता श्री मूलचंद सोनी के द्वारा उक्त भवन को फ्री होल्ड करने हेतु नियमानुसार निर्धारित राशि जमा कर इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 26.03.1993 को निष्पादित हो चुका है। उक्त सम्पत्ति की लीज फ्री होल्ड की कार्यवाही प्रचलन में है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा श्री गोविंद प्रसाद सोनी पिता श्री मूलचंद सोनी को आवंटित पी.पी. कॉलोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमांक LIG-73 लीज फ्री होल्ड किया जावेगा एवं किसी भी संस्था/व्यक्ति का दावा मान्य नहीं होगा।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

**शपथ पत्र**

मैं अब्दुल माजिद पिता हाजी अब्दुल खालिक, उम्र 66 वर्ष, निवासी-599 नोने लाल की गली, डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड नं. 40, जबलपुर (म.प्र.) (आधार नं. 2819 0247 6218) का शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं कि- यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं, व जन्म से भारतीय नागरिक हूं। यह कि मैं भारतीय पासपोर्ट क्र. Z3700681 का धारक हूं, जो कि पासपोर्ट में मेरा त्रुटिपूर्ण नाम ABDUL MAJID RAHMANI तथा दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र व अन्य दस्तावेजों में सही नाम ABDUL MAJID तथा दर्ज है। यह कि ABDUL MAJID RAHMANI एवं ABDUL MAJID दोनों एक ही व्यक्ति यानि मुझ शपथकर्ता का ही नाम है मैं दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाता हूं। यह कि मेरा सही नाम अब्दुल माजिद ABDUL MAJID जबलपुर (म.प्र.) लिखा, पढ़ा माना व अंकित किया जावे।

**शपथकर्ता**
**अब्दुल माजिद**

**नाम सुधार सूचना**

मैं सगीर अहमद अंसारी पुत्र श्री मो. नाजिम, निवासी- म.नं. 350/1, अंसार नगर दर्सगाह स्कूल के पास, डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड-40 जबलपुर यह कि मेरे पासपोर्ट नं.F7843894 में मेरा गलती से सगीर अहमद खान (SAGIR AHMED KHAN) अंकित हो गया है, जबकि मेरा सही नाम सगीर अहमद अंसारी (SAGEER AHMAD ANSARI) है जो कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम सगीर अहमद अंसारी (SAGEER AHMAD ANSARI) के नाम से जाना पहचाना जावे।

**सही नाम- सगीर अहमद अंसारी**
**(SAGEER AHMAD ANSARI)**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 11/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संध्या तिवारी पति श्री वेद प्रकाश तिवारी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 248 बी चैतन्य सिटी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 2000221016 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1244 व.फु. जिस पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री किशोर कुमार गोग्या पिता स्व.अशोक कुमार गोग्या का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 4/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री उमेश बनोतिया पिता स्व. श्री अर्जुन बनोतिया ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक 405 करनेल सिंह के बाडा के पास सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000380534 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1225 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1225 व.फु. सीमेंट शीट पर निम्न दस्तावेज मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री अर्जुन जुगराज पिता श्री नंदन कुमार का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 11/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मेघा चौहान पति श्री आकाश चौहान ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक 1915/1 पुरानी बस्ती कजरवारा सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000388679 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 900 व.फु. पर निम्न दस्तावेज अनु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री संतोष अहिरवार पिता श्री पुसऊ अहिरवार का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 11/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सोजी थामस पिता श्री थामस मथाई (2) श्रीमती लिंडा सोजी पति सोजी थामस ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक ब्लॉक J फ्लेट नं. 402 दत्त गार्डन न्यू सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004689419 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित चतुर्थ तल 850 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री दशरथ कुमार पिता श्री गंगा प्रसाद का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.5 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्रं./स.अधि./स.क्र.-05 2026-27/79
जबलपुर दिनांक 11/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शैलेष जैन पिता जिनेन्द्र कु. जैन ने भवन क्रमांक 148, 148/1 वार्ड जवाहरगंज क्षेत्रफल 1380 वर्गफुट भूतल 1380 वर्गफुट प्लाट विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रमांक 148, 148/1 पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी श्री अनुपम जैन, अनुज जैन पिता श्री शरद कु. जैन ने पिन नं. 1000391765/41400003, 1000391082/41501757 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 5 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5 नगर निगम जबलपुर**

### कृषि वानिकी में उत्कृष्ट शोध के लिए डॉ. सर्वदे सम्मानित

## उल्लेखनीय योगदान पर मिला सम्मान



**जबलपुर।** जनेकृविवि के वानिकी विभाग में पदस्थ सहायक प्राध्यापक डॉ. सोमनाथ सर्वदे को कृषि वानिकी के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित भारतीय कृषि वानिकी सोसायटी फैलोशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

### घमापुर रेवा डेयरी के पीछे वारदात, प्रकरण दर्ज

## हथियारों से लैस बदमाशों ने घर में की तोड़फोड़




**जबलपुर।** घमापुर थानातंर्गत रेवा डेयरी के पीछे एक एलआईसी एजेंट के सूने घर पर हथियारों से लैस होकर पहुंचे एक दर्जन बदमाशों ने जमकर तोड़फोड़ की। पुलिस ने बताया कि मदनमोहन मिश्रा उम्र 43 वर्ष अपने घर में ताला लगाकर परिवार सहित पैतृक ग्राम लढौती जिला मैहर गया था।

### माढ़ोताल थाने का मामला, जांच में जुटी पुलिस

## जहरीली वस्तु के सेवन से युवक की मौत



**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना क्षेत्रातंर्गत ग्रीन सिटी निवासी 28 वर्षीय अमित साहू ने बीते दिवस जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया था। जिसे परिजनों ने उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां देरशाम उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।



# हितकारिणी इंजीनियरिंग के छात्रों ने करीब से देखी व्हीएफजे की कार्यप्रणाली

### 2 दिवसीय औद्योगिक भ्रमण में जानी वाहनों के निर्माण की प्रक्रिया




जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों ने रक्षा उत्पादन क्षेत्र की कार्यप्रणाली को निकट से समझने हेतु व्हीकल फैक्ट्री (व्हीएफजे) का औद्योगिक भ्रमण किया। यह भ्रमण मई 2026 में आयोजित 2 दिवसीय औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार 11 मई को संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर, भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधीन आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड की प्रमुख इकाई है। इस प्रशिक्षण भ्रमण में कॉलेज के 47 विद्यार्थियों एवं 03 फैकल्टी सदस्यों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को ट्रक निर्माण की संपूर्ण असेंबली प्रक्रिया का व्यावहारिक अवलोकन कराया गया। विद्यार्थियों ने चेसिस निर्माण, इंजन फिटिंग, विभिन्न यांत्रिक इकाइयों के संयोजन तथा अंतिम रूप से तैयार रक्षा वाहनों की निर्माण प्रक्रिया को करीब से देखा।

***ज्ञानवर्धक साबित हुआ भ्रमण***- फैक्ट्री के विशेषज्ञ अधिकारियों ने विद्यार्थियों को आधुनिक उत्पादन तकनीकों, गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली, सुरक्षा मानकों एवं औद्योगिक कार्य संस्कृति की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने रक्षा उत्पादन इकाई में उपयोग की जाने वाली अत्याधुनिक मशीनों एवं तकनीकी प्रक्रियाओं को भी समझा। कॉलेज की प्राचार्य डॉ रिंकू कथूरिया ने बताया कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों को कक्षा शिक्षण के साथ-साथ वास्तविक औद्योगिक वातावरण से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों ने भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया। इस दौरान प्रो शशांक यादव, पलक पाठक और सुरेन्द्र खरे उपस्थित रहे। यह भ्रमण महाविद्यालय के असिस्टेंट डायरेक्टर देवाशीष मुखर्जी, रजिस्ट्रार प्रो पूजा दुबे, टीपीओ प्रो दिव्यांशु प्यासी, भ्रमण प्रभारी प्रो राजा नामदेव के निर्देशन पर किया गया।

## शादी समारोह से लौट रहे युवकों पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला

**जबलपुर।** पनागर के बजरंग वार्ड में आयोजित शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे दो युवकों पर चार बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उन्हें गंभीर चोटे आई है, जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है। जिन्हें उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि बजरंग वार्ड निवासी 20 वर्षीय पवन केवट, अपने साथी लकी कोल, वीर केवट व छोटू उर्फ दिव्यांश के साथ एक शादी समारोह में गया था। जहां से रात्रि करीब साढ़े बारह बजे चारों वापस आ रहे थे, जैसे ही वे तहसील मोड़ पर पहुंचे। उसी समय दो बाईकों पर चार लोग पहुंचे और उन्हें रोक-कर गालीगलौज करते हुए सीधे धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे पवन के चेहरे व हाथ पैर में चोट आई तो वहीं लकी कोल की गर्दन पर गंभीर चोट आई है।

# तीन बाइक की भिड़ंत में एक की मौत

### पाटन के ग्राम मेढ़ी झामर में हादसा

### दंपत्ति समेत 4 घायल, दो की हालत नाजुक



जबलपुर (स्वतंत्रमत)

पाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मेढ़ी झामर में सोमवार को एक हृदयविदारक सड़क हादसा सामने आया है। तेज रफ्तार के कारण तीन मोटरसाइकिलें आपस में अनियंत्रित होकर टकरा गईं। इस भीषण भिड़ंत में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक दंपत्ति और उनकी बच्ची समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार, मगरमुहां निवासी अजय कुमार अपनी पत्नी किरण और पुत्री महक के साथ बाइक से मझौली की ओर जा रहे थे। पाटन के समीप मेढ़ी झामर में अजय की बाइक का हैंडल सामने से आ रही एक अन्य बाइक से टकरा गया, जिससे उनका परिवार असंतुलित होकर सड़क किनारे जा गिरा। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तीसरी बाइक भी अनियंत्रित होकर टकरा गई।

***सिर पर आई गंभीर चोट***- हादसे में राजेश गौंड नामक व्यक्ति की सिर के बल सड़क पर गिरने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तत्काल पाटन अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, दो घायलों की स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है।

पाटन थाना प्रभारी गोपेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसे का मुख्य कारण तीनों बाइकों की अत्यधिक रफ्तार होना पाया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# तेज रफ्तार लोडिंग वाहन पलटा, एक की मौत

### घटना में पांच श्रमिक घायल

### कुंडम महानदी पुल पर हादसा



**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** कुंडम थानातंर्गत महानदी पुल पर एक तेज रफ्तार पिकअप लोडिंग वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें एक मजदूर की मौत हो गई तो वहीं उसमें सवार पांच अन्य लोग घायल हो गये। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस को गोराबाजार पानी की टंकी के पास रहने वाले 22 वर्षीय रोशन ठाकुर ने बताया कि उसके पिता 68 वर्षीय रामसजीवन ठाकुर 9 मई की रात्रि करीब साढ़े दस बजे जबलपुर से लोडिंग पिकअप क्रमांक एमपी 20 जीबी 1253 में माल लोड कर डिण्डोरी जा रहे थे। बीती देरररात उसके पास ठेकेदार नटवर पटेल का फोन आया। जिसने बताया कि महानदी पुल कुंडम के पास मोड़ पर लोडिंग वाहन के चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे पलटा दिया है, जिसमें छह लोग सवार थे, जिनमें पांच घायल हो गये और उसके पिता रामसजीवन की मौत हो गई। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# रेलवे पुल के नीचे खड़े युवक पर गिरी गाय

### गंभीर रूप से घायल युवक का मेडिकल में चल रहा उपचार



जबलपुर (स्वतंत्रमत)

ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन के समीप बीती देर रात एक हृदय विदारक दुर्घटना घटित हुई। यहां जबलपुर-नागपुर ब्रॉडगेज लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से जहां एक गाय की मौत हो गई, वहीं एक अन्य घायल गाय रेलवे पुल से नीचे खड़े युवक पर जा गिरी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, घटना उस वक्त हुई जब जबलपुर से नागपुर की ओर जा रही ट्रेन ग्वारीघाट स्टेशन के पास रेलवे पुल से गुजर रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अचानक तीन गायें ट्रैक पर आ गईं। रफ्तार तेज होने के कारण ट्रेन बेजुबानों से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी गाय पुल से सीधे नीचे जा गिरी। बताया जा रहा है कि समय गाय पुल से नीचे गिरी, उसी समय एक अज्ञात युवक वहां मौजूद था। भारी-भरकम गाय के ऊपर गिरने से युवक बुरी तरह दब गया और उसे गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों का भारी जमावड़ा लग गया।

***पुलिस कर रही युवक की पहचान के प्रयास***- सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और लहूलुहान युवक को उपचार के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। चिकित्सकों के मुताबिक, युवक की हालत बेहद गंभीर है और वह फिलहाल बेहोश है, जिसके कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। घटना के बाद नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर मृत गाय को तिलवारा घाट भिजवाया, वहीं घायल गोवंश को उपचार हेतु वेटरनरी कॉलेज भेजा गया है। ग्वारीघाट थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के इलाकों में युवक की पहचान के लिए पूछताछ की जा रही है।

# बिल्डर के घर पर बमबाजी, कार में भी की तोड़फोड़

जबलपुर (स्वतंत्रमत)



रांझी थाना अंतर्गत न्यू शोभापुर इलाके में रविवार देर रात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। मामूली विवाद को लेकर हमलावरों ने एक बिल्डर के घर को निशाना बनाते हुए एक के बाद एक दो बम फेंके और घर के बाहर खड़ी कार पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। धमाकों की आवाज से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। जानकारी अनुसार न्यू शोभापुर निवासी अक्षय सिंह, जो पेशे से बिल्डर हैं, उनके घर के बाहर शनिवार को कुछ युवक बैठकर गांजा पी रहे थे। अक्षय के परिवार ने जब सार्वजनिक स्थान पर नशा करने से रोका, तो आरोपी भड़क गए और देख लेने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। बताया जाता है कि अक्षय के छोटे भाई आदित्य सिंह जबलपुर में अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।

***रेकी कर रात में बोला हमला***- आरोपियों ने रविवार सुबह इलाके की रेकी की और वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई। देर रात एक्सिस स्कूटी पर सवार होकर तीन बदमाश अक्षय सिंह के घर पहुंचे। बदमाशों ने घर को निशाना बनाते हुए दो बम फेंके। बम फटने के बाद आरोपियों ने बाहर खड़ी कारों पर पथराव किया, जिससे गाड़ियों के कांच फूट गए। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। धमाकों की आवाज सुनकर स्थानीय लोग घरों से बाहर निकल आए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। रांझी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों की पहचान के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कार में लगा दी आग, आरोपी की तलाश में पुलिस

**जबलपुर।** रांझी थाना क्षेत्रातंर्गत व्हीकल स्टेट कांचीपुरम में एक घर के बाहर खड़ी कार पर अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी। जिसमें मोहल्ले वालों ने पानी डालकर बुझाया, लेकिन तब तक कार का पिछला हिस्सा जलकर नष्ट हो चुका था। पुलिस ने बताया कि आशीवाई बारात घर के पास रहने वाला अमित चौरसिया अपनी कार मारूती एक्स एल 06 क्रमांक एमपी 20 जेड आर 9930 को अपने दोस्त सुमित ठाकुर के घर के सामने व्हीकल स्टेट कांचीपुरम कालोनी में खड़ी करवा कर अपने परिवार के साथ प्रयागराज शादी में गया हुआ था। 10 मई को सुमित ने फोन पर सूचना दी कि किसी ने कार में आग लगा दी। आग लगने से उसकी कार में करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



## तालाब में नहाते समय डूबे 2 युवक, गोसलपुर का मामला, देर रात तक चला रेस्क्यू

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** गोसलपुर स्थित रामसागर तालाब में सुपर मार्केट के पीछे घाट में सोमवार की दोपहर लगभग 2 बजे ग्राम धमधा झुग्गी बस्ती के इरावत, अर्जुन, करन रामसागर तालाब में नहाने आए थे। नहाते वक्त इरावत गहरे पानी में डूबने लगा । जिसे बचाने अर्जुन भी पानी में कूदा पर उसे बचने की जगह वह भी डूब गया दोनों को डूबता देख तीसरा करन तत्काल दौड़ लगाकर अपने झुग्गी बस्ती में पहुंचकर परिजनों को बताया और मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय जनों के द्वारा पुलिस को खबर दी गई ।

***आज फिर होगी तालाशी***- मौके पर सिहोरा तहसीलदार रूपेशवरी कुंजम, नायब तहसीलदार जयभान सिंह ऊइके ने गोताखोरों को बुलाकर मोटर वोट के माध्यम से रामसागर तालाब में घटनास्थल में शवों के ढूंढने के प्रयास किए गए। परंतु रात हो जाने के कारण बचाव कार्य प्रभावित हुआ। अब आज सुबह दोबारा से बचाव कार्य किया जाएगा। घटना की सूचना मिलते ही सिहोरा विधानसभा के विधायक संतोष बरकड़े , समेत अनेक लोग घटनास्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए परिजनों को शासन से सहायता राशि दिलाने का भरोसा दिलाया है।

# हितकारिणी समर कैंप: विद्यार्थी हर रोज सीख रहे एक नई तकनीक

जबलपुर (स्वतंत्रमत)





हितकारिणी महिला महाविद्यालय जॉन्स गंज में चल रहे हितकारिणी सभा विद्या परिषद के समर कैंप में छात्र प्रतिदिन खेलों की नई-नई तकनीक है सीख रहे हैं। विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक उन्हें नई-नई तकनीक से अवगत करा रहे हैं। जिसमें छात्र ध्यान पूर्वक अपना रहे हैं। समर कैंप के 11 दिन भी छात्रों का उत्साह लगातार चरम पर है। प्रतिदिन समय पर उपस्थित होकर सभी छात्र अलग-अलग विधाओं में अपना प्रदर्शन कर नई तकनीक है सीख रहे हैं खेलों के प्रशिक्षण के अनुसार यदि छात्र-छात्राएं इसी प्रकार नियमित रूप से खेलों से जुड़े रहेंगे तो निश्चित रूप से आगे चलकर इन खेलों में पारंगत हो जाएंगे। छात्रों की किशोर अवस्था जीवन का अत्यंत संवेदनशील दूर होता है इस समय छात्र शारीरिक मानसिक एवं भावनात्मक परिवर्तनों से गुजरते हैं और इसमें अभिभावक का बहुत महत्वपूर्ण रोल होता है कि किस तरह हुए अपने बच्चों को जीवन की सही दिशा प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ाने में मदद करें, आज के दौर में खेलों का महत्व बढ़ गया है और खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने पर आर्थिक रूप से भी संपन्न हो रहे हैं। यदि छात्र खेलों को लेकर गंभीर होंगे और नियमित अभ्यास करेंगे तो निश्चित रूप से वे आगे बढ़कर राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर तक जा सकते हैं।

### योग से मजबूत हुआ मानसिक संतुलन

समर कैंप में दिए जा रहे सभी विधाओं में निश्चित रूप से छात्र-छात्राओं को लाभ हो रहा है जैसे जुंबा डांस केवल मनोरंजन नहीं बल्कि वह हेल्थी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनता जा रहा है और युवाओं के लिए फिटनेस आत्मविश्वास को व्यक्त करने का जरिया भी बन रहा है। योग से छात्रों का मानसिक संतुलन मजबूत हो रहा है समर कैंप में प्रशिक्षण के अतिरिक्त छात्रों को विभिन्न स्थलों का भ्रमण भी कराया जाता है। इसी क्रम में बुधवार दिनांक 13 में को गन एंड ग्लोरी शूटिंग अकादमी का विजिट कराया जाना है, जिसमें छात्र एयर राइफल से निशानेबाजी सीखेंगे और भविष्य में इन खेलों में अपना भविष्य बना सकते हैं।

## जबलपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन रहेगी निरस्त

**जबलपुर।** रेलवे द्वारा मध्य रेल के पुणे मंडल में दौंड जंक्शन-मनमाड़ जंक्शन रेलखण्ड दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत कनेक्शन के लिए कमीशनिंग कार्यों हेतु प्री-नॉनइंटरलॉकिंग एवं नॉनइंटरलॉकिंग कार्य करने के लिए अधिसूचित किया गया है। जिसके चलते पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली जबलपुर-पुणे-जबलपुर स्पेशल ट्रेन को 01-01 ट्रिप निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 02132 जबलपुर-पुणे एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन जबलपुर से 17 मई 2026 को निरस्त रहेगी।


South Avenue Mall | moviemagic | RUBY moviemagic

EXPERIENCE RUBY WHERE CINEMATIC LUXURY AWAITS

| | |
|---|---|
| KRISHNAVATARAM PART 1 (HINDI) | 1:15 PM, 4:15 PM, 7:15 PM & 10:15 PM |
| DAADI KI SHAADI (HINDI) | RUBY 9:40 PM \| 9:30 AM, 3:30 PM |
| MORTAL KOMBAT II (HIN/ENG) | RUBY HINDI - 2:45 PM \| 9:00 AM; RUBY ENG - 7:20 PM |
| RAJA SHIVAJI (HINDI) | RUBY 11:40 AM, 3:00 PM & 6:20 PM \| 10:00 PM |
| THE DEVIL WEARS PRADA 2 (ENG) | RUBY 5:00 PM |
| MICHAEL (ENG) | RUBY 9:50 AM & 9:35 PM |
| BHOOTH BANGLA (HINDI) | 10:00 AM, 12:20 PM, 3:35 PM, 6:45 PM & 10:30 PM |
| LEE CRONIN'S THE MUMMY (HINDI) | RUBY 12:20 PM |
| DHURANDHAR THE REVENGE (HINDI) | 11:20 AM & 6:20 PM |

@moviemagic_jbp MOVIE MAGIC NOW WITH 5 BIG SCREENS — Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE

Bulk Booking / Advertising 9425807507 | Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508





हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**